

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों को दिया कड़ा संदेश
- 12



7332 करोड़ रुपये में होगा पीएम स्वनिधि योजना का विस्तार
- 12



पाकिस्तान में करतारपुर कॉरिडोर बाढ़ के पानी में डूबा, सौ से ज्यादा लोग फंसे
- 13



रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा
की- 14

आज का मौसम
31.0⁰ अधिकतम तापमान
26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.51
सूर्यास्त 06.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी 05:57 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 28 अगस्त 2025, वर्ष 6, अंक 150, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये

# परिवारवादी राजनीति ने प्रदेश को बना दिया था लूट का अड्डा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2,425 मुख्य सेविका व 13 फार्मासिस्टों को दिए नियुक्ति पत्र ईमानदार रहने की नसीहत
- कहा-पहले सरकारी नौकरियों में होती थी बंदरबांट, योग्य युवा होते थे भेदभाव के शिकार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं, सिर्फ नकारात्मकता है। जर्जर भवनों को शिफ्ट करने और छात्र-शिक्षक अनुपात सुधारने का प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा है। फिर भी विपक्ष भ्रम फैलाता है। उन्होंने पारदर्शिता से हुई भर्तियों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले नौकरियों में बंदरबांट होती थी, योग्य युवा भेदभाव के शिकार होते थे। दंगों और परिवारवादी राजनीति ने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया था। आज युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्य सेविकाओं व फॉर्मासिस्टों से ईमानदारी और भेदभाव मुक्त सेवा करने की अपील की। योगी ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में प्रदेश पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते तो पहचान का संकट झेलते थे। योगी ने कहा कि युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है।

2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि यूपी पुलिस में 2 महीने पहले 60,244 भर्ती में 12,045 बेटियां चयनित हुईं। 1947-2017 में सिर्फ 10 हजार महिला पुलिसकर्मी थीं, लेकिन 8 साल में 40 हजार से अधिक बेटियों को भर्ती किया। बेसिक शिक्षा परिषद में 1 लाख 56 हजार शिक्षकों में ज्यादातर बेटियां हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख किया, जिसमें 26 लाख से अधिक बेटियों को 25 हजार रुपये का पैकेज मिला। साथ ही, 4 लाख बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना से हुई और मातृ वंदना योजना में 183 करोड़ रुपये वितरित किए गए।



चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र सौंपते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### बेईमान दलों से यूपी था बीमारू

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेईमान राजनीतिक दलों ने यूपी को बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था। कहा कि 1947 के बाद 1960 तक यूपी देश का अग्रणी प्रदेश था, जिसका योगदान 14% से अधिक था। लेकिन 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई और 1990 के बाद और तेज हो गई। 2017 तक यूपी का योगदान 8% से कम हो गया।

### स्वास्थ्य-कुपोषण में आया सुधार

योगी ने कहा कि एनएफएचएस सर्वे (2015-16) के बाद 2017 से महिलाओं में एनीमिया 5.1%, स्टंटिंग 6.6%, अल्पवजन 7.4%, और सूखापन 0.6% कम हुआ। शिशु मृत्यु दर 38 और मातृ मृत्यु दर 197 हो गई। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार और कुपोषण निवारण पर जोर देते हुए कहा कि हर आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर समय पर पोषाहार और सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके इसके लिए मुख्य सेविकाओं को एक लीडर के रूप में आगे आना होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### गला घोंटू गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के केशवपुरम इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद 'गला घोंटू गिरोह' के दो कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह के सदस्य लूटपाट से पहले शिकार का गला घोंटकर उनकी हत्या कर देते थे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। आरोपियों की पहचान अजय उर्फ कंगारू (33) और रवि उर्फ गोटिया (30) के रूप में हुई है, दोनों लॉरेंस रोड इलाके में रहते हैं।

### 2.98 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में दो पकड़े

**रांची।** झारखंड सीआईडी ने 2.98 करोड़ रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में गुजरात से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 28 जुलाई को सीआईडी के साइबर अपराध थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। सीआईडी ने कहा कि शिकायतकर्ता को ऑनलाइन विज्ञापन के माध्यम से शिकागो बोर्ड ऑफ ऑप्शंस एक्सचेंज के नाम पर एक मंच में निवेश करने का लालच दिया गया था, जिसके बाद उसे ठगी को अंजाम दिया गया।

### दोहरे हत्याकांड में तीन भाई गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** राजस्थान में पिछले महीने व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता के चलते दो व्यक्तियों की हत्या करने वाले तीन भाइयों को अहमदाबाद शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। शहर अपराध शाखा की ओर से कहा गया है कि तीनों पर अजमेर शहर में मांस की दुकान के मालिक इमरान और उसके सहयोगी शाहनवाज की कम कीमत पर मटन और चिकन बेचने के कारण चाकू मारकर हत्या करने का आरोप है। सलमान अब्दुलाली कुरैशी और उसके भाइयों अल्लारखा और ओवेस को अजमेर के रामगंज पुलिस थाने के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### आसाराम की जमानत बढ़ाने की याचिका रद्द

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ ने बुधवार को 2013 के बलात्कार मामले में अंतरिम जमानत बढ़ाने की कथावाचक आसाराम की याचिका खारिज कर दी और किसी भी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति की आशंका से इनकार किया। उसकी जमानत अवधि 29 अगस्त को समाप्त हो रही है, जिसके बाद उसे जोधपुर सेंट्रल जेल में आत्मसमर्पण करना होगा।

# वैष्णो देवी में 34 हुई मृतक संख्या

## मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका, तलाश अभियान जारी

- मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने फोन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी हालात की जानकारी

जम्मू, एजेंसी

वैष्णो देवी में भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है जबकि कम से कम 20 लोग घायल हैं। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में पर्वतीय क्षेत्र में स्थित वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर एक दिन पहले भूस्खलन हुआ था। अधिकारियों ने कहा कि लगातार और भारी बारिश के कारण मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे भूस्खलन हुआ और पहाड़ की ढलान से पत्थर, शिलाखंड और चट्टानें नीचे गिरने लगीं। इससे बेखबर लोग इसकी चपेट में आ गए। मृतकों में से अब तक 24 की पहचान हो चुकी है। इनमें से 14 महिलाएं हैं। कुछ तीर्थयात्री राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र के थे। अज्ञात 10 शवों में से चार महिलाओं के हैं।

मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका में बचाव दल तलाश अभियान अभी जारी रखे हुए हैं। कटरा से मंदिर तक की 12 किलोमीटर की यात्रा के लगभग आधे रास्ते में एक स्थान पर भूस्खलन हुआ। मंदिर तक जाने के दो मार्ग हैं, जिसमें हिमकोटि पैदल मार्ग पर सुबह से यात्रा स्थगित कर दी गई थी, जबकि पुराने मार्ग पर अपराह्न डेढ़ बजे तक यात्रा जारी थी। हालांकि, अधिकारियों ने मूसलाधार बारिश को देखते हुए यात्रा अगले आदेश तक स्थगित करने का फैसला किया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को फोन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और उनको जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति से अवगत कराया। बुधवार को जम्मू में उफनती नदियों के जलस्तर में कमी के संकेत मिले, लेकिन अनंतनाग और श्रीनगर में झेलम नदी बाढ़ की चेतावनी के निशान को पार कर गई और पानी कई आवासीय क्षेत्रों में घुस गया।



जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर घर लौटने के लिए ट्रेनों का इंतजार करते यात्री।

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने व्यक्त की गहरी संवेदना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सभी की सुरक्षा और उनके कुशल होने की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने एक्स पर कहा कि माता वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर भूस्खलन के कारण लोगों की जान जाने की खबर दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### बारिश के कारण जम्मू क्षेत्र में 58 ट्रेनें रद्द

**जम्मू।** उत्तर रेलवे ने जम्मू कश्मीर में भारी बारिश से हुई तबाही के मद्देनजर बुधवार को जम्मू और कटरा स्टेशनों से आने-जाने वाली 58 ट्रेनों को रद्द कर दिया जबकि 64 ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर बीच में ही रोक दिया गया। एक दिन के निलंबन के बाद रेल यातायात बुधवार सुबह कुछ समय के लिए बहाल हुआ और जम्मू से छह ट्रेन रवाना हुईं। अधिकारियों ने बताया कि चक्की नदी क्षेत्र में बाढ़ और मिट्टी के कटाव के कारण यातायात फिर से रुक गया है। उत्तर रेलवे, जम्मू मंडल के पीआरओ ने बताया कि चक्की नदी में अचानक आई बाढ़ और मिट्टी के भारी कटाव के कारण, जम्मू मंडल में रेल यातायात अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। अगली सूचना तक ट्रेनें रद्द रहेंगी या उन्हें बीच में समाप्त कर दिया जाएगा।

### मलबे में दबने से यूपी के 11 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश प्रशासन की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, वैष्णो देवी मार्ग पर हुई भूस्खलन की घटना में यूपी के 11 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में 7 महिलाएं हैं और 4 पुरुष हैं। जान गंवाने वालों में आगरा, मुजफ्फरनगर, बरेली, लखनऊ जिलों के लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैष्णो देवी यात्रा में हुए प्राकृतिक आपदा की चपेट में आए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कालकवलित हुए प्रदेश के निवासी समस्त मृतक परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता के निर्देश दिए हैं। मृतकों के शव उनके घर पहुंचाए जाने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जानकारी दी है कि श्राइन बोर्ड की नीति के अनुसार 5 लाख रुपये देगा।

# अहमदाबाद बनेगा 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का दावेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आदर्श मेजबान बताते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने लगाई मुहर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की दावेदारी को मंजूरी दे दी और विश्व स्तरीय स्टेडियमों, अत्याधुनिक अभ्यास सुविधाओं और खेल संस्कृति के कारण अहमदाबाद को आदर्श मेजबान बताया। भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की दावेदारी की इच्छा जताने वाला आशय पत्र जमा कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की दावेदारी के युवा कार्य और खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया कि कैबिनेट ने संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों से आवश्यक गारंटियों के साथ मेजबान सहयोग समझौते (एचसीए) पर हस्ताक्षर करने और बोली स्वीकार होने की स्थिति में गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता की मंजूरी देने को भी मंजूरी दे दी। दावेदारी के लिए बोली जमा करने की आखिरी तारीख 31 अगस्त है । आईओए अगले 48 घंटे में प्रक्रिया पूरी कर सकता है।भारत ने आखिरी बार 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी। राष्ट्रमंडल खेल की आमसभा नवंबर के आखिरी सप्ताह में ग्लास्गो में मेजबान देश पर फैसला लेगी।

### सरकार ने चार रेल प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम को लाभ पहुंचाने वाली तीन परियोजनाओं के मल्टी-ट्रैकिंग तथा गुजरात के कच्छ के दूर-दराज के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एक नई रेल लाइन को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंज़ूरी दी, जिनकी कुल लागत 12,328 करोड़ रुपये है।

# चार साल के बेटे को जहर देकर दंपती फंदे पर झूले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आर्थिक तंगी और कर्ज होने के कारण उठाया खौफनाक कदम
- रोजा क्षेत्र की दुर्गा एंक्लेव कॉलोनी में हुई दिल दहलाने वाली घटना

**अमृत विचार :** शहर के हैंडलूम कारोबारी ने पत्नी और चार वर्षीय बेटे के साथ आत्महत्या कर ली। कारोबारी ने पहले बेटे को चूहे मारने की दवा खिलाई और फिर पत्नी के साथ फंदे पर झूल गया। दंपती लंबे समय से कारोबार में घाटे और कर्ज का दबाव झेल रहे थे। सब्र जवाब दे गया तो उन्होंने खौफनाक कदम उठा लिया।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दुर्गा एंक्लेव कॉलोनी के निवासी सचिन ग्रोवर (36) का मोहनगंज में पानीपत हैंडलूम नाम से शो रूम था। वह मकान की दूसरी मंजिल पर पत्नी शिवांगी (34) और चार साल के बेटे फतेह ग्रोवर के साथ रहते थे। एक मंजिल पर उनके बड़े भाई मोहित उर्फ गौरव परिवार के साथ रहते हैं। तीसरे भाई रोहित भी उसी कालोनी में किराए के मकान में रहते हैं। मोहित के बेटे का बुधवार को नामकरण था। सभी लोगों को सुबह आठ बजे गुरुद्वारा जाना था।

मोहित की मां सीमा ने सुबह 8 बजे कहा कि सचिन को देखकर आ रही हूं, अभी तक सोकर नहीं उठा। वह दूसरी मंजिल पर गई और दरवाजा खोला तो देखा सचिन और उसकी पत्नी शिवांगी का शव रस्सी से पंखे के कुंडे से लटका हुआ था। बेटे फतेह का शव बेड पर पड़ा था। उसके ऊपर कंबल डाला गया था। बच्चे के मुंह से झाग निकल रहा था। चूहे मार दवा के दो रैपर भी पड़े थे। मां ने शोर मचाया तो मोहित व परिवार के अन्य लोग पहुंच गए। सूचना पाकर एसपी राजेश द्विवेदी भी अधिकारियों के साथ पहुंचे। पुलिस को एक कमरे से सचिन के मोबाइल से 14 पन्ने का सुसाइड नोट मिला। जिसमें आर्थिक तंगी और कर्ज होने की बात लिखी है। परिवार वालों ने बताया कि सचिन ने व्यापार के लिए सूदखोरों से ब्याज पर रुपये ले रखे थे। वह सूदखोरों ने काफी परेशान था। फॉरेंसिक टीम ने जांच करके नमूने लिए।



कारोबारी दंपती और बेटा फतेह (फाइल)

> दंपती ने बेटे को जहर देकर मार डाला और फिर खुद फंदे से लटक गए। सुसाइड नोट मिला है। जिसमें आर्थिक तंगी और कर्ज होने का जिक्र किया गया है। विस्तृत जांच की जा रही है, जो तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **राजेश द्विवेदी**, एसपी

# भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ प्रभावी

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी

- इसमें रूसी तेल खरीद पर लगाया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क शामिल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया। भारत पर अमेरिका द्वारा लगाया गया कुल शुल्क अब 50 प्रतिशत हो गया है। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी मसौदा आदेश में कहा था कि बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय उत्पादों पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त, 2025 को 'ईस्टर्न डेलाइट टाइम' (ईडीटी) के अनुसार रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए (देश में) लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है।

बशर्ते कि उन्हें देश में उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई हो या 17 सितंबर, 2025 को 12:01 बजे (ईडीटी) से पहले उपभोग के लिए गोदाम से बाहर ले जाया गया हो और आयातक ने एक विशेष 'कोड' घोषित करके अमेरिकी सीमा शुल्क को यह प्रमाणित किया हो। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत के जवाबी शुल्क की घोषणा की थी जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सात अगस्त को ही रूसी कच्चे तेल की भारत द्वारा की जाने वाली खरीद के लिए भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जोर देकर कहा था कि वह किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हितों से समझौता नहीं कर सकते।

# महाराष्ट्र में मुठभेड़, 4 नक्सली ढेर

- मृतकों तीन महिला नक्सली शामिल, सुरक्षा बलों ने कई हथियार बरामद किए

**गढ़चिरोली।** पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार को एक मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों सहित चार नक्सली मारे गए। पुलिस बताया कि यह घटना गढ़चिरोली और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा के पास हुई।

पुलिस को 25 अगस्त को गट्टा दलम, कंपनी नंबर 10 और गढ़चिरोली डिवीजन के अन्य माओवादी इकाइयों के कोपरशी वन क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद नक्सल-रोधी कमांडो बल सी-60 की 19 इकाइयां और सीआरपीएफ की त्वरित कार्रवाई टीम की दो इकाइयां क्षेत्र में भेजी गईं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओरातिजंस एम. रमेश के नेतृत्व में टीम बुधवार सुबह जंगल में तलाशी अभियान चला रही थी, तभी नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें तीन महिला और एक पुरुष नक्सली मारे गए। उनके शव के साथ एक एसएलआर राइफल, दो इंसास राइफल और एक .303 राइफल बरामद की गई।इलाके में बाकी नक्सलियों की तलाश के लिए अभियान जारी है।

## सितंबर में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान

**लखनऊ।** योगी सरकार पूरे प्रदेश में 1 से 30 सितंबर तक नो हेलमेट, नो फ्यूल विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित करेगी। यह अभियान डीएम के नेतृत्व तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा।

इस अवधि में पुलिस, राजस्व, जिला प्रशासन व परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। सरकार ने आमजन से इन प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194 डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल का उद्देश्य दंडित करना नहीं है।

संबोधन | रण संवाद में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– सशस्त्र बलों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा

# जंग जीतने के लिए जवान और हथियार ही काफी नहीं

महू (मप्र), एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अप्रत्याशित भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए देश के सशस्त्र बलों को अल्पकालिक संघर्षों से लेकर पांच साल तक के युद्ध सहित सभी प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए।

महू सैन्य छावनी के आर्मी वॉर कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी रण संवाद 2025 के दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने यह बात कही। उन्होंने सैन्य संघर्षों में विजय प्राप्त करने के संदर्भ में यह भी कहा कि सैनिकों की संख्या या हथियारों के भंडारों का आकार अब पर्याप्त नहीं रह गया है क्योंकि साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और उपग्रह-आधारित निगरानी प्रणाली भविष्य के युद्धों को परिभाषित कर रही है।

सिंह ने कहा कि सटीकता से वार करने वाले हथियार, वास्तविक समय में मिलने वाली खुफिया जानकारी और डेटा से हासिल होने वाली सूचनाएं अब किसी भी सैन्य संघर्ष में सफलता की आधारशिला बन गई हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं चाहता, लेकिन अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। सिंह ने कहा कि आज के दौर में युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित हो गए हैं कि यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि कोई युद्ध कब समाप्त होगा और कितने समय तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह है कि अगर कोई युद्ध दो महीने, चार महीने, एक साल, दो साल, यहां तक कि पांच साल तक भी चलता है, तो हमें उसके लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। सिंह ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का मामला नहीं रह गया है।



### खुलेपन से सुलझाएंगे एकीकृत कमान का मसला : सीडीएस

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि तीनों सेनाओं की एकीकृत थिएटर कमान की योजना को लेकर सेना में व्याप्त 'असहमति' को राष्ट्र के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए दूर किया जाएगा। सीडीएस ने यह टिप्पणी एकीकृत थिएटर कमान की योजना को लेकर दो बलों के प्रमुखों के अलग-अलग विचार आने के बाद की। संगोष्ठी के दौरान एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने योजना पर जल्दबाजी में आगे बढ़ने के प्रति गाह किया था और दिल्ली में शीर्ष सैन्य अधिकारियों वाला एक समन्वय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। जबकि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उनका बल एकीकृत थिएटर कमान के लक्ष्य के अनुरूप तालमेल बैठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### 4 सितंबर को होगा सम्मान समारोह

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर इकाई की लाइनपार स्थित दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में हुई बैठक में 4 सितंबर को होने वाले शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। शिक्षक-शिक्षिकाओं व बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। बुधवार को डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली रोड स्थित व्हाइट हाउस में किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि समारोह में संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी मुख्य अतिथि होंगे। सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। जबकि अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे करेंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विमलेंद्र शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन महानगर महामंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया।

### नहाते समय बना ली युवती की वीडियो

**डिलारी अमृत विचार :** नगर पंचायत ढकिया में एक मनचले ने बाथरूम में नहाते हुए युवती की वीडियो बना ली। विरोध करने पर युवती के परिजनों को मारा पीटा और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। नगर निवासी 20 वर्षीया युवती बाथरूम में नहा रही थी तभी पड़ोसी युवक ने शौचालय के रोशनदान में मोबाइल चालू कर रख दिया, जिसमें सारी गतिविधियां कैद हो गई, अचानक युवती की नजर मोबाइल पर पड़ गई। युवती ने जानकारी परिजनों को दी। उन्होंने वीडियो डिलीट करने को कहा तो वह मारपीट करने लगा। भीड़ एकत्र हो गई। नामजद दी गई तहरीर पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### जम्मू मंडल में रेल सेवा बाधित, कई ट्रेनें रद्द

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जम्मू मंडल में रेल सेवाएं बाधित होने के कारण मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों को सूचित किया है कि 28 अगस्त 2025 तक कई गाड़ियां निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट तथा शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएंगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए संबंधित ट्रेनों की जानकारी पहले ही साझा की जा रही है, ताकि उन्हें किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# तीन समितियों पर शुरू हुई पेस्टीसाइड्स की बिक्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सहकारिता विभाग ने 10 समितियों को दी है हरी झंडी

**अमृत विचार :** किसानों को अब पेस्टीसाइड्स के लिए दूर-दराज की दुकानों के चक्कर नहीं काटना पड़ेंगे। जिले की 10 सहकारी समितियों पर न्यूनतम दर पर पेस्टीसाइड्स बेचे जाने को हरी झंडी मिल चुकी है। फिलहाल तीन समितियों पर पेस्टीसाइड्स की बिक्री शुरू हो गई है।

सहकारिता विभाग समितियों की आय बढ़ाने के लिए नित नए प्रयोग कर रहा है। समितियों पर पेस्टीसाइड्स बेचने के लिए फिलहाल 10 समितियों का चयन किया गया है जिसमें तीन समितियों रठौंडा, बी पैक्स रठौंडा और क्योरार की समितियों पर पेस्टीसाइड्स की बिक्री शुरू हो गई है। सहायक आयुक्त एवं निबंधक डॉ. गणेश गुप्ता ने बताया कि इफ्को के पेस्टीसाइड्स अब सहकारी समितियों पर मिलेंगे। इसके लिए 10 समितियों को लाइसेंस भी जारी कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पेस्टीसाइड्स किसानों द्वारा फसलों पर प्रयोग किए जाने वाले रसायनों को कहा जाता है। कहा कि किसानों को समितियों से पेस्टीसाइड्स मिलने से उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

सहकारी समिति क्योरार, रठौंडा समिति, रठौंडा संघ, किसान उपभोक्ता संगठन बिलासपुर, बी-पैक्स बिलासपुर, बी-पैक्स मोथी, बी-पैक्स महुआनगर शाहबाद, बी-पैक्स खरसौल शाहबाद, बी पैक्स सैफनी शाहबाद, बी पैक्स ढकिया शाहबाद पर पेस्टीसाइड्स की बिक्री होगी।

### मुख्यमंत्री बोले, सरकार हर हाल में निर्यातकों के साथ, जल्द होगा समाधान

# अमेरिकी टैरिफ को लेकर सीएम से मिले ईपीसीएच के प्रतिनिधि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निर्यातकों से राज्य व केंद्र सरकार से सब्सिडी और टैक्स में राहत की रखी मांग
- अमेरिकी टैरिफ से जूझ रहे हैं निर्यातक, 30 प्रतिशत तक के नुकसान का अनुमान

**अमृत विचार :** अमेरिकी टैरिफ के कारण उत्पन्न गंभीर संकट से जूझ रहे भारतीय हस्तशिल्प निर्यातकों ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) का प्रतिनिधि मंडल चेयरमैन नीरज खन्ना के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास पहुंचा। प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का बुके और शॉल भेंट कर स्वागत किया तथा गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के दौरान निर्यातकों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अमेरिकी टैरिफ ने निर्यात व्यवसाय को गहरे संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ से लगभग 30 प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। इस स्थिति से उबरने के लिए केंद्र सरकार से इंट्रेस्ट सब्सिडी, इनकम टैक्स में छूट और टैरिफ की भरपाई जैसे कदम उठाने की मांग की गई। साथ ही राज्य सरकार से आग्रह किया गया कि निर्यातकों को दी जाने वाली फेयर सब्सिडी, कैटलॉग निर्माण और कंटेनर भाड़ा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते शहर के निर्यातक। • अमृत विचार

अनुदान को दोगुना किया जाए। इसके अतिरिक्त फेयर में स्टॉल डेकोरेशन के लिए भी सब्सिडी देने की बात रखी गई। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह निर्यातकों के साथ है। उन्होंने कहा कि आज ही एमएसएमई विभाग की बैठक बुलाकर सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### समाधान निकले तो अगले महीने करें मुलाकात

राष्ट्रीय संयोजक अवधेश अग्रवाल ने विशेष रूप से मुरादाबाद के निर्यातकों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने नगर निगम हाउस टैक्स, प्रदूषण, जीएसटी और लेबर से जुड़ी दिक्कतों को विस्तार से रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि निर्यातक पहले स्थानीय अधिकारियों से वार्ता करें और यदि समाधान न निकले तो अगले महीने सीधे उनसे मुलाकात करें।

# नोटों से भरा बैग चुराने का आरोपी गिरफ्तार

### मंगलवार रात बाजार गंज की किराना दुकान से चोरी हुआ था दुकानदार का नकदी भरा बैग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के बाजार गंज की किराना दुकान से चोरी हुए बैग में सात लाख नहीं बल्कि तीन लाख 24 हजार रुपये थे। पुलिस ने बुधवार को बैग चोरी करने वाले आरोपी जुबैर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि महिला दुकानदार ने बैग में सात लाख रुपये होने की जानकारी देकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

थाना नागफनी क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी एकता शर्मा के पति की मौत हो चुकी है। इनकी कृष्णा नाम से बाजार गंज में किराना की दुकान है। एकता शर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया था कि रोज की तरह वह बीते सोमवार की रात दुकान बंद करने की तैयारी चल रही थी। उसी दौरान एक व्यक्ति आ गया। महिला के हाथ में नोटों से भरा बैग था। सामान देते समय महिला ने नोटों से भरा बैग काउंटर पर रख दिया। इसी बीच वहां से गुजर रहा युवक बैग चोरी करके ले गया। इतना होने के बाद भी महिला



चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह। • अमृत विचार

- सात नहीं बल्कि तीन लाख 24 रुपये ही थे बैग में, एसपी सिटी ने किया खुलासा

दुकानदार को कुछ पता नहीं चला और वह दुकान बंद करके स्कूटी से अपने घर तक चली गईं। वहां पहुंचने के बाद जब बैग का ध्यान आया तो बेटी को लेकर दोबारा दुकान पर पहुंचीं। वहां बैग नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। महिला ने पुलिस को बताया था कि बैग में सात लाख रुपये थे। बुधवार को एसपी सिटी ने प्रेसवार्ता कर खुलासा करते हुए बताया कि महिला ने बैग में तीन लाख 24 हजार 700 रुपये थे। सात लाख की जानकारी गलत दी थी। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी को चिन्हित करके उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इसने अपना नाम जुबैर निवासी गली नंबर 3 ईदगाह थाना गलशहीद बताया। आरोपी नशेड़ी है और वहां से गुजरते हुए रुपये चोरी किए थे। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## चोरी हुए 144 मोबाइल बरामद

- पुलिस लाइन में बुलाकर असल मालिकों को सौंपे गए 30 लाख कीमत के मोबाइल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस ने पिछले दो सालों में पूरे जनपद में चोरी या गुम हुए 144 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असल मालिकों को सौंप दिए। यह सभी मोबाइल पुलिस की सर्विलांस टीम द्वारा तकनीकी सहायता से तलाशे गए है। इन सभी मोबाइलों की कीमत लगभग 30 लाख रुपये हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने मुरादाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि जिलेभर से मोबाइल गुम होने या चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसके बाद सर्विलांस टीम ने लगातार मेहनत कर 144 मोबाइल बरामद कर लिए, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख रुपये हैं। फोन बरामद होने के बाद पुलिस ने सभी मालिकों से संपर्क कर उन्हें पुलिस लाइंस बुला मोबाइल उनके सुपुर्द कर दिए। मोबाइल पाकर लोगों की आंखों में खुशी और आभार दोनों नजर आया। एसपी सिटी ने बताया कि सर्विलांस टीम ने काल डिटेल, लोकेशन ट्रेसिंग और अन्य तकनीकी तरीकों से यह मोबाइल बरामद किए। जिन लोगों के मोबाइल बरामद हुए, उनमें छात्र, व्यापारी, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। यह सभी मोबाइल अलग-अलग स्थानों से गायब हुए थे, जिनमें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और धार्मिक स्थल शामिल हैं। मोबाइल तलाशने वाली सर्विलांस टीम को एसएसपी सतपाल अंतिल की तरफ से 10 हजार रुपये की घोषणा की गई है।

# पूर्वांचल, दक्षिणांचल विद्युत निगमों पर घोटाले का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डिस्कॉम एसोसिएशन को 1.30 करोड़ रुपये का चंदा देने पर संघर्ष समिति ने उठाए सवाल
- समिति ने मुख्यमंत्री से बड़े पैमाने पर दिए गए चंदे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि उप्र पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और प्रदेश के पांचों विद्युत वितरण निगमों ने 3 जून 2025 को ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन को 1 करोड़ 30 लाख 80 हजार का चंदा दिया है। इसकों प्रदेश स्तरीय समिति ने मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।समिति ने आरोप लगाया है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण में बड़ा घोटाला किया है।

बुधवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के जिला संयोजक सचिन रस्तोगी ने बताया कि समिति ने सवाल उठाया कि जब निगम घाटे का हवाला देकर निजीकरण की दलील दे रहे हैं, तो फिर निजी संस्था को करोड़ों रुपए चंदा क्यों दिया जा रहा है। समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और पावर कॉरपोरेशन चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल को या तो डिस्कॉम एसोसिएशन का पद छोड़ने या चेयरमैन पद से हटाने की मांग की है।संघर्ष समिति ने कहा कि यह चंदा उपभोक्ताओं पर बोझ डालकर दिया जा रहा है और इसके पीछे बड़े कॉर्पोरेट घरानों का हाथ है। समिति का आरोप है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण में बड़ा घोटाला छिपा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे का कहना है कि देशभर के 39 विद्युत वितरण निगम अब तक डिस्कॉम एसोसिएशन के सदस्य बन चुके हैं। जिससे संगठन को 8.50 करोड़ से अधिक की राशि चंदे के रूप में मिल चुकी है।

# पत्नी को पेट्रोल डाल जिंदा जलाने का आरोपी सिपाही गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पत्नी को जलाने के आरोपी हेड कांस्टेबल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि झुलसी विवाहिता की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नारंगपुर का है। गांव भानपुर खालसा में वचन सिंह ने अपनी बेटी पारुल सिंह की शादी करीब 13 साल पहले नारंगपुर गांव के देवेंद्र से की थी। देवेंद्र यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल है। पारुल भी ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र इकौंदा में जीएनएम है। सिपाही देवेंद्र पहले रामपुर में तैनात था, लेकिन कुछ ही दिन



पुलिस गिरफ्त में आरोपी सिपाही पति देवेंद्र।

पहले बरेली में उसका ट्रांसफर हुआ है। दोनों को जुड़वां बेटा-बेटी हैं। ट्रांसफर के बाद देवेंद्र एक सप्ताह के लिए छुट्टी पर घर आया था। पारुल के नाम एक प्लॉट है। मंगलवार की सुबह देवेंद्र और ससुराल के अन्य लोग प्लॉट को लेकर झगड़ने लगे।

- दिल्ली के अस्पताल में महिला की हालत नाजुक

आरोप है कि इसके बाद पारुल पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और भाग गए। मायके वालों ने पारुल को अस्पताल में भर्ती कराया। पारुल के भाई कपिल सिंह की तहरीर के आधार पर सिपाही देवेंद्र के अलावा सोनू, गजेश, अनीता, जितेंद्र, संतोष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी सिपाही पति देवेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दिल्ली में भर्ती पारूल की हालत नाजुक बनी हुई है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## किरायेदार ने मकान मालिक को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला क्षेत्र के विकास नगर स्थित गुप्ता भवन निवासी राजेश कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अगस्त की रात किरायेदार सचिन गाली-गलौज करने लगा।

मना करने पर पांच अन्य को बुला लिया। सभी ने उससे मारपीट की। पत्नी ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी पीटा और अश्लील हरकत की। पीड़ित ने शिकायत रामतलैया चौकी में की, जहां से उसे थाना मझोला भेज दिया। उसने थाना मझोला में प्रार्थना पत्र भी दिया और मेडिकल कराया, लेकिन 9 दिन बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच आरोपी खुलेआम धमकियां देते रहे कि जान से मार देंगे। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किशोरी को पांच माह बंधक बना कराया देह व्यापार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- देह व्यापार गिरोह में पांच और नये नाम आए सामने
- सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष की तहरीर पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के कांशीरामनगर में देह व्यापार की रोजाना नई-नई परतें खुलती जा रही है। इस गिरोह में पांच और नए नाम निकलकर सामने आए हैं। जिन्होंने 13 वर्षीय किशोरी को बंधक बनाकर पांच माह तक घर में रखा और देह व्यापार कराया। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने जानकारी के बाद पुलिस की मदद से किशोरी को पूजा के घर से बरामद कर काउंसलिंग की। पुलिस ने बुधवार को मां, बेटी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, पुलिस मुख्य सरगना पिंकी के करीब पहुंच गई है। बीते दिन पुलिस ने एक और महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी, जिसके बाद पुलिस पिंकी के करीब पहुंची हैं।

गिरोह के सचिन ठाकुर, अवनीश यादव, विजय ठाकुर, विकास चौहान और हसीन को पुलिस जेल भेज चुकी है। जैसे-जैसे गिरफ्तारी बढ़ रही है वैसे ही गिरोह का दायरा भी बढ़ रहा है। कांशीरामनगर निवासी पूजा बेटी के साथ मिलकर देह व्यापार गिरोह चला रही थी। पूजा कुछ दिनों पहले तक जिला अस्पताल के डॉक्टर के घर काम करती थी। जिला अस्पताल में ही एक महिला बेटी के साथ रहती थी। उनके खाने और कपड़ों की व्यवस्था डॉक्टर करते थे। लगभग एक साल पहले महिला की मौत हो गई। इसी बीच उनकी बेटी को पूजा अपने घर पर ले गई। लगभग पांच माह पहले किशोरी को महिला ने करुला निवासी एक युवक को सौंप दिया। वह किशोरी को करुला ले गया और दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने किशोरी को दलपतपुर निवासी शारिक को सौंप दिया। इसी बीच एक भूड़ा चौराहा के युवक को सौंपा। उसने भी दुष्कर्म किया। इसी बीच किसी ने सीडब्ल्यूसी को फोन करके किशोरी को बंधक बनाए हुए की जानकारी दी। सीडब्ल्यूसी ने पुलिस टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू करके किशोरी को बरामद कर लिया। 25 अगस्त को उसकी काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग में किशोरी ने पूरी आपबीती सुनाई। बुधवार को अध्यक्ष अमित कौशल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी पूजा, इसकी बेटी खुशी, शारिक को नामजद करते हुए दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आरोपी शालिनी त्रिवेदी गिरफ्तार

गिरोह की सदस्य शालिनी त्रिवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार शाम कोर्ट में पेश किया है। ट्रेन में बेटिकट पकड़ी गई तीन लड़कियों से पूछताछ में सामने आया कि कांशीराम नगर में देह व्यापार चल रहा है। तीनों लड़कियां गिरोह के चंगुल से निकल आई हैं। इसके बाद एक महिला समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया गया। शुक्रवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि इनके गिरोह में नागफनी क्षेत्र के दीवान का बाजार में रहने वाली शालिनी त्रिवेदी भी शामिल है। बुधवार को पुलिस ने शालिनी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने शालिनी को जेल भेज दिया। अब पुलिस टीमें पिंकी की तलाश में दबिश दे रही हैं।

# कबूतर घुसने से पलटा अनियंत्रित ऑटो, युवक की मौत

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** चलते ऑटो में उड़ते हुए पहुंचे कबूतर का पंख चालक की आंख में लग गया जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



मृतक साबिर।

मोहल्ला सराय फारूख निवासी कल्लन ऑटो चालक है। बुधवार सुबह सवारी लेकर वह मुरादाबाद की ओर जा रहा था। कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के पास अचानक ऑटो के अंदर कहीं से कबूतर घुस गया। जिसका पंख चालक कल्लन की आंख में लग गया और ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें साबिर निवासी मोहल्ला बाईपास गंभीर रूप से घायल हो गया। दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान साबिर की मौत हो गई।

### हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र कांठ रोड निवासी नरेश सैनी चार दिन पूर्व झाझनपुर से पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक निजी स्कूल की बस के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए नरेश को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नरेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। शोर सुनकर नरेश का भतीजा राजन सैनी मौके पर पहुंच गया था। जिसके बाद घायल नरेश को कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी हालत गंभीर थी और कोमा में था। इस मामले में नरेश सैनी के भाई हुकम सिंह ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को घायल नरेश सैनी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल स्टाफ की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

# छापामार कार्रवाई में रामपुर की दो फर्मों पर राज्यकर चोरी पकड़ी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लकड़ी व्यापारी ने की एक करोड़ से अधिक की कर चोरी, 3.42 करोड़ नकद जमा कराया
- दूसरी फर्म ने उत्तराखंड की कंपनी को सप्लाई में की 8.47 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी
- अब तक 400 लकड़ी के वाहनों से 4.50 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग ने लकड़ी व्यापार में कर चोरी करने वाली फर्मों पर बड़ी कार्रवाई की है। इसके लिए मुरादाबाद जोन के अपर आयुक्त (ग्रेड-1) द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। कई टीमों का गठन कर छापेमारी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

बुधवार को मुरादाबाद जोन के अपर आयुक्त (ग्रेड-1) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जीएसटी चोरों की पकड़ धकड़ में आस पास के जिलों में राज्य कर विभाग की कई टीमों ने छापेमारी कार्रवाई की। जिसमें डाटा विश्लेषण के मामले में रामपुर की दो फर्में सामने आईं। इनमें से एक फर्म द्वारा प्रदेश से बाहर भारी मात्रा में लकड़ी की आपूर्ति की गई थी। जांच के बाद पाया गया लकड़ी की आपूर्ति में करोडों रुपये जीएसटी की चोरी की गई। जिसमें टीम ने मौके पर फर्म स्वामी से 3.42 करोड़ रुपये की धनराशि जीएसटी के रूप में जमा कराई गई। वहीं, दूसरी फर्म ग्रीन ट्रेडर्स द्वारा उत्तराखंड स्थित एक कंपनी को सप्लाई करते हुए 8.47 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का मामला सामने आया। अपर आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने इस प्रकरण पर रामपुर के डीएम और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। पुलिस अधीक्षक ने राज्य कर चोरी करने वाले व्यापारी के विरुद्ध अजीम नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए है। जिसके तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले में ग्रीन ट्रेडर्स के साथ-साथ उत्तराखंड की कंपनी मैट्रो डेकोरेटिव प्रा. लि.को भी नामजद किया गया है।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक इस प्रकरण की व्यक्तिगत निगरानी कर रहे हैं और कर चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।उन्होंने बताया कि 01 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी के मामलों में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिन फर्मों ने कर जमा नहीं किया और केवल बोगस आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) पास-ऑन किया, उनके खिलाफ आईटीसी रिवर्सल की कार्रवाई के लिए हरियाणा व उत्तराखंड के कर अधिकारियों को पत्र भेजे गए हैं। राज्य कर विभाग की सचल दल ने अब तक लगभग 400 लकड़ी के वाहन पकड़े,जिनसे 4.50 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। केवल अगस्त माह में ही 34 वाहन पकड़े गए हैं।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी को क्लीन चिट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लंबे समय से चर्चाओं में रहे जिला कार्यक्रम अधिकारी पर लगे आरोपों की जांच पूरी हो गई है। विभागीय जांच समिति ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों की गहनता से पड़ताल की और अपनी अंतिम रिपोर्ट में अधिकारी पर लगे सभी आरोपों को निराधार करार दिया। समिति ने स्पष्ट किया कि कार्यप्रणाली में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता नहीं मिली। इसके साथ ही जांच में यह भी सामने आया कि जिन बिंदुओं को आधार बनाकर शिकायत दर्ज की गई थी, वे तथ्यहीन व व्यक्तिगत द्वेष से प्रेरित थे।

मुरादाबाद में जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी को बड़ी राहत मिली है। प्रशासन ने रिपोर्ट के आधार पर उन्हें क्लीन चिट प्रदान कर दी है। हालांकि अभी शासन से उन्हें ज्वाइनिंग लेटर मिलना बाकी है।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चार साल पहले पति ने हत्या कर खेत में दबा दी थी पत्नी की लाश

**अमृत विचार:** जिले के छजलैट थाना क्षेत्र में चार साल पहले हुई महिला की हत्या के मामले में एडीजे-9 अरुण कुमार तृतीय की अदालत ने मृतका के पति को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

थाना छजलैट में बीती 30 जून 2021 को निधि गांव निवासी ऋषिपाल सिंह ने केस दर्ज कराया था। जिसमें ऋषिपाल ने बताया कि संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी काले उर्फ कल्लू उर्फ कल्याण उनके घर कृषि कार्य करने आया था। वह अपनी पत्नी पूजा और बच्चों के साथ उनके घर ही रहता था और कृषि कार्य करता था। एक मई 2021 को काले अपनी पत्नी पूजा को साथ लेकर खेत पर काम करने गया था। शाम को काले वापस आ गया, लेकिन उसकी पत्नी वापस नहीं आई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसकी पत्नी पूजा अपने प्रेमी के पास आगरा चली गई है। ऋषिपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा तो काले ने मना कर दिया और इधर उधर की बातें करने लगा था। एक दिन शराब के नशे में काले अपने बच्चों को धमका रहा था कि शोर शराबा करोगे तो तुम्हारी मां के जैसे ही तुम्हे भी मार दूंगा। शक होने पर ऋषिपाल ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करने के के बाद पूछताछ की तो उसने कबूला था कि उसने पूजा की हत्या कर लाश ऋषिपाल के गन्ने के खेत से दबा दी है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर लाश बरामद की थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे-9 अरुण कुमार तृतीय की अदालत में चली। अदालत ने मुलजिम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### फोटोथेरेपी से मजबूत हुईं नवजात की सांसें

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर क्षेत्र के देहरी गांव में बोरे में बंद मिली नवजात का इलाज महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में चल रहा है। एसएनसीयू की प्रभारी डॉ. सना ने बताया कि बच्ची का हीमोग्लोबिन 8 आया ऐसे में उसे 30 एमएल ब्लड चढ़ाया गया। जिससे उसकी स्थिति पहले से बेहतर हुई है। बताया कि सोमवार रात से बच्ची ने दूध पीना भी शुरू कर दिया है। उसे हर दो से तीन घंटे में 10 से 15 एमएल दूध पिलाया जा रहा है ताकि स्वास्थ्य सुधर सके। इससे पहले गुरुवार को डॉक्टरों ने दूध पिलाने का प्रयास किया था, लेकिन स्ट टेस्ट सही न होने के कारण सफल नहीं हो सके थे। अब बच्ची सामान्य रूप से दूध पी रही है, जो उसके स्वास्थ्य सुधार का सकारात्मक संकेत है। फोटोथेरेपी से पीलिया जैसी समस्या में राहत मिल रही है और रक्त चढ़ाने से बच्ची की कमजोरी भी दूर होगी।

### 44 डाकघरों में काम की रफ्तार धीमी

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले के तीन मुख्य डाकघरों समेत 44 डाकघरों में कामकाज की रफ्तार कई दिनों से धीमी चल रही है। इससे उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। सोमवार को रेलवे स्टेशन डाकघर में स्थिति यह थी कि खाता अपडेट कराने, पासबुक प्रिंटिंग, रजिस्ट्री और विभिन्न बिल भुगतान कराने वालों को दिन भर इंतजार करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि लाइन में लगने के बाद भी शाम तक काम नहीं हो पाता, जिससे उन्हें अगले दिन फिर आना पड़ता है। उप अधीक्षक हर्ष शर्मा ने बताया कि आधार कार्ड के कार्य में समय लगता है। हाल ही में नया सॉफ्टवेयर लागू किया गया है, जिसके चलते समय लग रहा है।

### पेंशनर जल्द लिंक कराएं आधार व पैन कार्ड

मुरादाबाद, अमृत विचार : ऐसे पेंशनर जो कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं व जिनकी उम्र 80 वर्ष से कम है वह आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत अनिवार्य रूप से अपना आधार कार्ड और पैन कार्ड लिंक करा लें। इसकी सूचना जल्द कोषागार में दे दें। मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने बताया कि आधार कार्ड और पैन कार्ड लिंक कराने के बाद सूचना न देने वाले पेंशनरों से धारा 206 (एए) के अंतर्गत कोषागार द्वारा 20 प्रतिशत की दर से आय-स्रोत से टैक्स की कटौती के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया

## गुलाल और फूलों की वर्षा से हुआ गणेश महोत्सव का आरंभ, महानगर में जगह-जगह हुए आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : गणेश चतुर्थी पर बुधवार को जिले भर में गणेश महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इसको लेकर महानगरवासियों में जबरदस्त उत्साह है। बप्पा की मूर्तियों की खरीदारी के लिए सुबह से ही दुकानों पर श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। श्रद्धालु ढोल-नगाड़े, डीजे को धुन पर नृत्य करते हुए, भगवान गणेश की प्रतिमाओं को लेने के लिए पहुंचे। गुलाल और फूलों की वर्षा की। इसके बाद घरों, मंदिरों और पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होते रहे। गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया, घर में पधारो गजानन जी आदि भजनों पर भक्तों ने नृत्य किया।

शहर में कई स्थानों से भगवान गणेश की शोभायात्राएं निकाली गईं। बप्पा के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से बाजार गंज में गणपति चौक पर धूमधाम से गणेश महोत्सव मनाया गया। पहले दिन भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को फूलों से सजाया गया और रथ पर विराजमान किया गया। इसके बाद शोभायात्रा बाजार गंज, गुरहट्टी, कोर्ट रोड, बालाजी मंदिर, बारादरी होते हुए बाजार गंज के गणपति चौक पर पहुंची। दिल्ली से आई बंटी-सोनिया एंड पार्टी की ओर से सुंदर झांकिया प्रस्तुत की गईं। इसमें शिव विवाह, श्रीकृष्ण लीला, अघोरी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भगवान गणेश को 151 किलो के लड्डुओं का भोग लगाया गया। इस मौके पर विपिन कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अंकुर गोयल, अंशुल अग्रवाल, आलोक कट्टा, सरल अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, कमलदीप छाबड़ा आदि रहे।



गायत्री नगर के शिव मंदिर में भजन गाते भक्त। ● अमृत विचार

### विधि विधान से किया गणपति का पूजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव कमेटी की ओर से बुधवार को हरथला गंगा मंदिर के पीछे आठवीं श्री गणपति प्रतिमा की स्थापना की गई। पंडित शिव मोहन मिश्रा ने विधि विधान के साथ पूजन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गणपति मेरी रखिया लाज, रिद्धि सिद्धि संग मेरे घर आना गणपति, तुम हो विघ्नहर्ता मेरे कष्ट हरो आदि भजन गाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्षद दिनेश चंद्र गोला, आशुतोष गुप्ता, मुकेश कुमार, भूपेंद्र प्रजापति, सतपाल, मोहित, राजू प्रजापति, शिवानी, मानसी, काव्या आदि रहीं।

- श्रद्धालुओं ने की परिवार की सुख संपत्ति की कामना



गंगा मंदिर हरथला में आयोजित गणेश उत्सव में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### हवन और भजन संध्या कर किया गणेश का गुणगान



श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से कटघर स्थित डिप्टी साहब के मंदिर में मूर्ति स्थापना के साथ ही बुधवार को हवन किया गया। साथ ही भजन संध्या कर श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का भक्ति भाव के साथ गुणगान किया। इसके बाद महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजेश सूर्या, गोंविद पाल, ब्रजेश पाल, पंडित कैलाश दत्त, शशीबाला, ऊषा वार्ष्णेय, पिंकी सिंह, मीनू कपूर आदि मौजूद रहे।

### आनंद कॉन्वेंट विद्यालय में मनाया गणेश चतुर्थी का उत्सव



आनंद कॉन्वेंट विद्यालय में बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के संस्थापक परमानंद प्रकाश सक्सेना, प्रधानाचार्या आभा सक्सेना ने गणपति बप्पा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रुई, मिट्टी और गीली मिट्टी से आकर्षक गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। बच्चों ने गणेश के जीवन से प्रेरित हो विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या आभा सक्सेना व शिक्षिका माधवी रस्तोगी ने प्रेरणादायक कथाओं का वर्णन किया।



दीनदारपुरा के श्री रघुनाथ मंदिर में स्थापित प्रतिमा। ● अमृत विचार

### गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद किया सुंदरकांड का पाठ



नवीन नगर स्थित मानसरोवर इंटर कॉलेज में गणेश चर्तुथी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की। इससे पहले धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं और पुरुषों ने पीले वस्त्र पहनकर भक्ति गीतों पर झूमते हुए बप्पा का गुणगान किया। अजय रस्तोगी ने बताया कि यह उत्सव पिछले 14 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, वाईपी सिंह, एबी सक्सेना, सजल जैन, आशीष, तुषार, किट्टू, संजू, अनमोल आदि रहे।

### मूर्ति स्थापना कर किया शृंगार

दीनदारपुरा स्थित श्री रघुनाथ जी मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया। इसके बाद उन्हें लड्डू और मेवाओं का भोग लगकार महाआरती की। इससे पहले गणपति महाराज का शृंगार किया गया। पूजन-अर्चना कर भक्तों ने घर में सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस मौके पर महंत पंडित राघवेंद्र जोशी, विपिन गुप्ता, संजय अग्रवाल, गोविंद, सिद्धार्थ, अमित अग्रवाल, शरद अग्रवाल, हर्ष आदि मौजूद रहे।

**आकर्षण का केंद्र रहे सात प्रकार की मेवा से सजे भगवान गणेश** : श्री शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति की ओर से भक्ति भाव से मंडी चौक स्थित पुजेरी गली में गणेश चतुर्थी मनाई गई। इस अवसर पर सात प्रकार की मेवा से भगवान गणेश का शृंगार किया और फिर विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने महाआरती कर जयकारों के साथ माहौल भक्तिमय कर दिया। इससे पहले मोहल्ला कानून गोयन से चामुंडा देवी मंदिर, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज होते हुए पानी दरीबा, सराफा बाजार हनुमान मंदिर के सामने पुजेरी गली स्थित पंडाल में सात दिन के लिए गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। इस मौके पर कैलाश रस्तोगी, नवोदित रस्तोगी, नवीन रस्तोगी, कमल रस्तोगी, सिद्धार्थ दुबे, यश वार्ष्णेय, पवन वार्ष्णेय, शोभित शर्मा, समर्थ शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शुगर व बीपी के मरीजों को टहलने की दी जा रही सलाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे 110 से ज्यादा रोगी

**अमृत विचार** : शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीजों को दवाओं के साथ नियमित टहलने की भी सलाह दी जा रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 110 से अधिक मरीज शुगर और बीपी की परेशानी लेकर पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल के जनरल फिजीशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इन बीमारियों से पीड़ित ज्यादातर मरीज जीवनशैली में सुधार नहीं करते, जिससे शुगर और बीपी की समस्या बढ़ती जाती है। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज को दिनभर में कम से कम 100 मिनट तक टहलने का सुझाव दिया जा रहा है। यह टहलना एक बार में नहीं, बल्कि दिन के अलग-अलग समय पर छोटे-छोटे हिस्सों में भी किया जा सकता है। शुगर और बीपी के मरीजों को अपनी दिनचर्या में बदलाव करना बेहद जरूरी है। संतुलित आहार के साथ ही हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधियां, जैसे सुबह-शाम टहलना, पैदल ऑफिस या बाजार तक जाना और सीढ़ियां चढ़ना, इन बीमारियों के नियंत्रण में अहम भूमिका निभाती हैं। मार्च में मरीजों को टहलने के लिए प्रोत्साहित करने के संबंध में अभियान शुरू किया गया था।

स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शुगर-बीपी से पीड़ित लोगों को दवा लेने की सलाह दें, बल्कि उन्हें नियमित रूप से व्यायाम और पैदल चलने के फायदे भी बताएं। कहा कि दवाओं के भरोसे पूरी तरह रहना सही नहीं है। यदि मरीज अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे, तो दवा की खुराक धीरे-धीरे कम की जा सकती है। चिकित्सकों ने मरीजों को चेताया कि लापरवाही बरतना खतरनाक साबित हो सकता है।

# मलेरिया के 15 मामले टाइफाइड के केस बढ़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : गर्मी के बीच वायरल फीवर, टाइफाइड और मलेरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा देखा गया है।

डॉक्टरों के अनुसार, अधिकतर मरीज बुखार को साधारण वायरल समझ एंटीबायोटिक ले रहे हैं, लेकिन जांच कराने पर टाइफाइड या मलेरिया की पुष्टि हो रही है। यही कारण है कि कई को 10 से 15 दिन तक इलाज की जरूरत पड़ रही है। हाल ही में जनपद में मलेरिया के 15 मामले सामने आए हैं। डॉक्टरों ने चेतावनी दी कि बुखार आने पर जांच कराएं। फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंहने कहा कि तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, आंखों में दर्द और त्वचा पर लाल चकत्ते डेंगू के लक्षण वहीं अगर किसी को लंबे समय तक हल्का या तेज बुखार, कमजोरी, पेट दर्द, भूख न लगे तो यह टाइफाइड के लक्षण हैं। बताया कि इस समय ओपीडी में 120 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से 40 से 45 मरीज बुखार से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं।

# दो दिन में चढ़ा तीन डिग्री तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : दो दिन में तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे उमस और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह 30 डिग्री सेल्सियस था। सुबह से ही तेज धूप की किरणें चुभने लगीं और चिपचिपाती गर्मी ने दिनभर लोगों को परेशान किया।

बुधवार को सूरज की तेज किरणों ने सुबह से ही मौसम का तेवर बदल दिया। सड़कों पर लोग गर्मी से राहत पाने के लिए तरह-तरह के उपाय करते नजर आए। कोई छाता लेकर निकल रहा था, तो कोई टोपी या गमछे से सिर ढककर धूप से बचाव करता दिखा। गाड़ियों में एसी और कूलिंग पैड का सहारा लिया गया, वहीं पानी और जूस की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई। गर्मी और उमस के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। कई लोग घरों में ही रहने को मजबूर हुए, जबकि जरूरी काम से बाहर निकले लोगों को लगातार पसीने ने परेशान किया। हवा की गति धीमी रहने और बादलों के न होने से धूप की तीव्रता बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में भी उमस बनी रह सकती है। ऐसे में लोगों को अभी राहत मिलने की उम्मीद कम है। तेज धूप और बढ़ते तापमान से शहर में गर्मी का असर साफ महसूस किया जा रहा है। वहीं, जिला अस्पताल में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. वृंदा सहाय का कहना है कि गर्मी में सावधानी बरतने की जरूरत है। उनका कहना है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, धूप में ज्यादा देर न रुकें और बाहर निकलते समय सिर को ढकें। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।



बड़ा तापमान दोपहर में यूं निकले लोग।

- बुधवार को तापमान 33 डिग्री रहा जबकि सोमवार को 30 डिग्री सेल्सियस था अधिकतम तापमान

### भीषण गर्मी से स्कूल में दो छात्राएं बेहोश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : भीषण गर्मी और बदलते मौसम के चलते लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में बुधवार को स्कूल में पढ़ रही दो छात्राएं बेहोश हो गईं। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने परिजनों को सूचित किया और घर भिजवाया। एक दसवीं कक्षा की मेहर अक्सा और दूसरी इंटरमीडिएट की छात्रा रितिका है।

# कई मोहल्लों में घंटों बिजली गुल, गर्मी में बेहाल हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दीवान का बाजार, नवाबपुरा नागफनी और दौलत बाग में रातभर गुल रही बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार** : शहरवासियों को मंगलवार की रात से ही बिजली संकट का सामना करना पड़ा। रात करीब 3 बजे से दीवान का बाजार, नवाबपुरा, नागफनी और दौलत बाग इलाके में अचानक आपूर्ति ठप हो गई। आधी रात के बाद हुई कटौती से लोग गर्मी और उमस से तड़प उठे।

बुधवार को दीवान का बाजार, नवाबपुरा, नागफनी और दौलत बाग मोहल्लों में एक साथ फॉल्ट होने के कारण बीती रात तीन बजे से आपूर्ति अगले दिन एक बजे तक गुल रही। एसडीओ दौलत बाग दीपक कुमार का कहना है कि बिजली विभाग के उपकरणों में तकनीकी कारणों से विद्युति केंद्र के कई मोहल्लों में बिजली कटौती का संकट बना रहा है। हालांकि विभागीय टीमें रात भर दिक्कत को दुरुस्त करने में जुटी रहीं। वहीं सुबह 7 बजे से शहर के कई क्षेत्रों में खुशहालपुर, काशीराम नगर, श्रीराम चौक, हिमगिरी कॉलोनी और हरथला मोहल्ले के 5 हजार से अधिक लोगों को भी बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। यहां घोषित बिजली कटौती के अलावा घंटों आपूर्ति बंद रहने से लोग बेहाल हो उठे। यह रहने वाले नीरज कश्यप ने ने बताया कि सुबह से ही गर्मी और उमस के कारण घरों में छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। पानी की मोटर और कूलर-पंखे बंद होने से हालात और बिगड़ गए।

> नियोजित कटौती तकनीकी कारणों से हुई है, जबकि कई इलाकों में लाइन शिफ्टिंग और मरम्मत कार्य के चलते आपूर्ति रोकी गई थी। रात भर कटौती वाले क्षेत्रों में बिजली कर्मचारियों ने फॉल्ट ठीक कर अधिकांश इलाकों में दोपहर तक आपूर्ति बहाल कर दी थी। – **प्रशांत कुमार**, मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड मुरादाबाद

# समय पर वैक्सीन से लगेगी रेबीज पर लगाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार**: मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बुधवार को मंडल स्तरीय एंटी रेबीज सीरम की कार्यशाला का आयोजन अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मुरादाबाद मंडल डॉ. ऋतु कत्याल की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर महानिदेशालय से आए नोडल अधिकारी राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के संयुक्त निदेशक डॉ. पंकज सक्सेना ने मंडल के सभी जनपदों के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी व फार्मासिस्टों को इसके उपयोग समझाए।

कार्यशाला में जनजागरुकता पर जोर दिया गया। रेबीज से बचाव के लिए काटने के तुरंत बाद घाव की धुलाई, वैक्सीन और कैटिगरी-3 बाइट में इसे लगाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। चिकित्साधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रयोग पर प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आपूर्ति श्रंखला व आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियां बनाने का सुझाव दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि रेबीज पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है। यदि समय पर वैक्सीन लगवा दी जाए। डॉ. ऋतु कत्याल ने वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने जिले में कार्यक्रम की गुणवत्ता और बेहतर संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. नवीन रस्तोगी ने सभी जनपदों की जुलाई की रिपोर्ट की समीक्षा की। कार्यशाला में जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, लखनऊ के डॉ. विपिन, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ अजीजुर रहीम, अंकित शर्मा आदि रहे।




सीएमओ कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मौजूद चिकित्सक। ● अमृत विचार

- चिकित्साधिकारियों व फार्मासिस्टों को दी एंटी रेबीज सीरम के उपयोग की जानकारी

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग सख्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डग्गामार वाहनों व स्कूल बसों पर चलाया जाएगा चेकिंग अभियान

**अमृत विचार** : बच्चों की सुरक्षा और सड़क पर अनियमित परिवहन व्यवस्था पर अंकुश लगाने के लिए संभागीय परिवहन विभाग की ओर से फिर एक बार कदम उठाया गया है। विभाग ने घोषणा की है कि जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत स्कूल वाहनों, डग्गामार बसों और बिना परमिट सवारी ढो रहे छोटे वाहनों पर शिकंजा कसा जाएगा।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन पंकज संदीप ने बताया कि विभागीय टीमें जिले के अलग-अलग मार्गों और स्कूलों के बाहर नियमित रूप से चेकिंग करेंगी। जांच के दौरान वाहन परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, पंजीकरण, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस और सुरक्षा मानकों की विशेष रूप से पड़ताल की जाएगी। नियम विरुद्ध पाए जाने वाले वाहनों के खिलाफ चालान से लेकर वाहन जब्ती तक की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह, डग्गामार बसों और छोटे वाहनों द्वारा सवारियों को ढोने पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने साफ किया है कि बिना परमिट व अनधिकृत वाहनों का संचालन अपराध की श्रेणी में आता है, ऐसे वाहन चालकों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के स्कूल वाहन की जांच अवश्य करें और यह सुनिश्चित करें कि वाहन सुरक्षित, परमिट धारी और सभी आवश्यक दस्तावेजों से लैस हो। बताया कि हाल ही में शिकायतें मिल रही थीं कि कई स्कूल के वाहन सुरक्षा मानकों पर खरे उतरते हैं और न ही विभागीय नियमों का पालन करते हैं। इनसे बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

# डॉ.नीरज बने प्रा.शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष




जिलाध्यक्ष के साथ जिला इकाई कार्य समिति के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडल मंत्री व जिलाध्यक्ष ने स्वास्थ्य एवं पारिवारिक कारणों से दिया त्यागपत्र

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई कार्य समिति व संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक बुधवार को शिक्षक भवन दांग स्कूल परिसर में हुई।

बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में बड़ा फेरबदल हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य सही न होने पर जिलाध्यक्ष के पद से त्यागपत्र दे दिया। उनके त्यागपत्र के बाद संघ की सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार शर्मा सहायक अध्यापक को नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षक हितों की रक्षा हर स्तर पर की जाएगी और किसी भी शिक्षक का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। संचालन जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. कपिल सिरोही, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, उपेंद्र कुमार सिंह, वीर सिंह, त्रिवेंद्र कुमार, अनिल गिल, आलोक मलिक, प्रदीप कुमार, इकमान अली, नीरज कुमार, सुमित कुमार, सुख स्वरूप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### पापी जीव कर्मों के अनुसार भोगते हैं फल

**छजलैट, अमृत विचार :** पाप कर्म करने वाले जीव अपने कर्मों के अनुसार फल भोगते हैं लेकिन महापुराण कथा का स्मरण करने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। यह विचार क्षेत्र के ग्राम एदलपुर जोगिया सियाली में चल रही भागवत कथा के समापन पर सूरजपुर मैनपुरी से पधारीं कथा व्यास करिश्मा शास्त्री ने व्यक्त किए। कहा कि राजा परीक्षित ने तपस्यारत श्रृंगी ऋषि के गले में सर्प डाल दिया था। ऋषि ने उन्हें श्राप दे दिया था कि तक्षक नाग के डसने से आपकी मृत्यु हो जाएगी। परीक्षित ने राजपाट छोड़ अपने उद्धार के लिए कथा व्यास मुनी सुखदेव जी से कथा का श्रवण किया। कहा कि कलयुग में राधा-कृष्ण भक्ति से मानव भवसागर पार हो जाता है। मुख्य अतिथि तनुष चौधरी, पदाधिकारियों समेत श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया।

### जेवर व नकदी लेकर युवती फरार

**अगवानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर के मोहल्ला सराय फारूख निवासी नावेद के साथ मोहल्ला बाईपास निवासी युवती घर से 4 तोले के सोने के 2 हार 4 सोने के बूंदे 4 सोने की बाली ओर एक लाख रुपए लेकर फरार हो गई। मां ने तहरीर देकर दोनों को बरामद करने की मांग की है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच करी रही है।

# गणेशोत्सव की चहुंओर धूम, घरों और पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता

## नगर व देहात क्षेत्र में पूजा अर्चना के बाद स्थापित की गईं गणेश प्रतिमाएं

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। नगरवासियों ने उत्सव की शुरुआत विधि-विधान से हवन, पूजा और अर्चना के साथ की। जिसके बाद घरों और मंदिरों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। बुधवार को नगर के खाकेश्वर मंदिर परिसर में आयोजक अनुज शर्मा ने मंदिर में प्रतिमा स्थापित करने से पहले हवन-पूजन का आयोजन किया।

नगर मोहल्ला बंजारन में स्थित शिव शक्ति मंदिर पर चित्रगुप्त मंदिर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह ने गणेश की प्रतिमा स्थापित की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, संजीव सिंघल, मुकेश वर्मा, अनिल कुमार, आशुतोष अग्रवाल, दिनेश कुमार, राजीव बिश्नोई, धर्मेंद्र सिंह, प्रियांशु कुमार, खुशहाल कुमार आदि मौजूद रहे।

वहीं क्षेत्र के गांव दारापुर में स्थित शिव मंदिर पर ब्लॉक प्रमुख पति व सैनी समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. वीर सिंह सैनी ने प्रतिमा की स्थापना की। इस दौरान सचिन राजपूत, शुभम राजपूत ,राहुल कश्यप, रॉबिन, मनोज कश्यप, बृजमोहन चौहान ,नरोत्तम चौहान, शिव कुमार शर्मा ,ओम प्रकाश शर्मा, सुमित चौहान, राहुल राजपूत, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, मुकेश चौधरी,राजीव कुमार आदी मौजूद रहे।



खाकेश्वर मंदिर में श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के बाद पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कई जगह सजे भव्य पंडाल

रामलीला ग्राउंड, वाल्मीकि बस्ती, मोहल्ला जमुना वाला सहित शहर और देहात क्षेत्र के गांव शरीफनगर, सुरजननगर, दारापुर, फैजुल्लागंज सहित विभिन्न गांव में भव्य पंडाल सजाए गए हैं और गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पूरा नगर व देहात क्षेत्र श्री गणेश की भक्ति की लहर में सराबोर है। खाकेश्वर मंदिर में खाकेश्वर मंदिर प्रबंधक अनुज शर्मा, अशोक कुमार गहलौत, सतेंद्र कुमार एडवोकेट, अनिल कुमार एडवोकेट, अनुज कुमार, दीपक शर्मा, जुगून साक्षी , शिवओंम, नन्दू, जतिन, सुनील पूठिया, इंद्र शर्मा, पूनम ,अनीता आदि शामिल रहे।



गणपति की पूजा करते श्रद्धालु।

### हर्षोल्लस से मनाया गणेश जन्मोत्सव

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा लाकर मंदिरों और घरों में स्थापित की। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से माहौल आस्था श्रद्धा और भक्ति युक्त रहा। नगर के मुख्य बाजार स्थित वैश्य बिश्नोई बड़ा शिव मंदिर में पंडित सुरेन्द्र शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कराई। पूजनकर्ता द्वारा कराई गई। वैश्य बिश्नोई सभा के समस्त पदाधिकारी सदस्य और श्रद्धालु मौजूद रहे। घोसीपुरा मोहल्ला स्थित सैनी धर्मशाला में भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, शीशपाल सैनी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मोहल्ला पृथ्वी गंज में राखी शर्मा, डॉ. विकास शर्मा समेत कई भक्त मौजूद रहे।

# तोल पर्ची की सीमा 20 से बढ़ा 24 क्विंटल करने की मांग

संवाददाता, कांठ

● किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (टिकैत) की वार्ता

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) संगठन ने तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के नेतृत्व और वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरदीप सिंह के संरक्षण में किसानों की समस्याओं को लेकर वार्ता की।

सर्वप्रथम सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सिराज मलिक और गन्ना सचिव से मांगों पर चर्चा हुई। इसमें क्रय केंद्रों के प्लेटफॉर्म को बड़ा करने और तोल पर्ची की सीमा 20 क्विंटल से बढ़ाकर 24 क्विंटल करने की मांग प्रमुख रही। किसानों की पैड़ी गन्ना रकबा संबंधी समस्याओं को भी सुनकर ज्येष्ठ निरीक्षक ने उचित जांच और समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद जिला अध्यक्ष धनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम कांठ से मुलाकात हुई। वार्ता में बिजली विभाग की समस्याएं, कांठ से निकल रहे नाले के पानी की व्यवस्था और आगामी 3 सितंबर को सभी विभागों के साथ निर्णायक बैठक पर सहमति बनी।

इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, सतवीर सिंह मान, महेश ठाकुर, सियाराम सिंह, नोबाहर सिंह, अजय सिंह, जयपाल सिंह, हरदीप सिंह, भविष्य बिश्नोई, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार, अरविंद बिश्नोई उर्फ जोनी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# मलबा उठाने को लेकर दो पक्षों में विवाद महिला के साथ मारपीट व अश्लीलता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मलबा उठाने के विवाद में महिला से मारपीट और अश्लील हरकत के बाद दबंगों ने महिला के भाई पर डंडों, सरियों और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।पुलिस जांच कर रही है।

थाना मझोला क्षेत्र के जयतीपुर कोयल वाली गली निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बहन का मकान निर्माणाधीन है। बीते मंगलवार की दोपहर लगभग 3:30 से 4 बजे के बीच मकान का मलबा छोटे हाथी में भरकर भेजा जा रहा था। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला राहिल गाली-गलौज करते हुए बहन के घर में घुस आया और उसे पीटने के साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर सुनकर पहुंचे भाई ने बहन को छुड़ाया। आरोप है कि इसके बाद राहिल ने अपने भाई उमर, सलीम और बेटे समीर को बुला लिया। सभी आरोपियों ने मिलकर पीड़ित के भाई पर डंडों, सरियों और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कहा कि मकान छोड़कर यहां से चले जाओ, वरना अंजाम बुरा होगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। गंभीर हालत में युवक को भर्ती कर लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर राहिल, उमर, सलीम और समीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

● दबंगों ने डंडों व सरिया से किया हमला, चार आरोपियों पर केस

### इमाम को लेकर तनाव, सौंपा शिकायती पत्र

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम धींगरपुर में मस्जिद के इमाम को लेकर हुती संगठन और भाजपाइयों के बीच तनातनी का मामला सामने आया है। जिससे गांव में तनाव का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ता शाहिद अली, महबूब, इंतजार अली, कलुआ और जहीर अहमद ने डीआईजी को सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि गांव निवासी शईद अहमद 35 साल से जामा मस्जिद में इमाम थे। 2024 में उन्होंने अपना मकान गांव के ही एक व्यक्ति को बेच दिया था। आरोप है कि इमाम ने मकान बेचने के बाद उसे खरीददार को सौंपने से आनाकानी शुरू कर दी। जिसके चलते गांव के कुछ लोगों ने उनके पीछे नमाज पढ़नी बंद कर दी। इस दबाव में इमाम ने इस्तीफा भी दे दिया। भाजपाइयों का आरोप है कि गांव के कुछ लोग हुती संगठन चला रहे हैं और फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणियां कर रहे हैं।

# अरिल को पुनर्जीवित करने के कार्य में आएगी तेजी



लखनऊ में हुई बैठक में मौजूद बिलारी सपा विधायक फहीम इरफान।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति संबंध समिति की बैठक में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने 2022 में उठाए गए अरिल नदी के रकबे को चिन्हित कर पुनर्जीवित करने की योजना के सवाल पर चर्चा की।

सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बैठक में बोलते हुए कहा कि अरिल नदी सैकड़ों वर्ष पुरानी है, जो बिलारी विधानसभा की पहचान थी। नदी तहसील बिलारी के ग्राम अभनपुर नरौली, भिंडवारी, ग्वारऊ , ग्वार खेड़ा , सतारन , कूबरी मानक, कनोबी, भूड़मरेसी, पालनपुर, विजयपुर, समसपुर, आरीखेड़ा,अमरपुर काशी, देवरी, दिनोरा , खानपुर से होकर गुजरती थी। अब वर्तमान में तहसील प्रशासन एवं जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार 70% कार्य पूर्ण किए जा चुका है। कहा कि अरिल नदी के अवशेष कार्य में शीघ्रता लाए ताकि बिलारी विधानसभा की विलुप्त हो चुकी पहचान को भी पुनर्जीवित किया जा सके।

# स्वदेशी अपनाओ-विदेशी भगाओ नारे के साथ चलेगा जागरुकता अभियान

संवाददाता, कांठ

● स्वदेशी जागरण अभियान को लेकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक
● व्यापारियों को करेंगे स्वदेशी माल बेचने और खरीदने को जागरूक

**अमृत विचार :** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक बुधवार को भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के क्रेशर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार स्वदेशी जन जागरण अभियान चला रही है, जिसकी जिम्मेदारी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ को दी गई है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाओ – विदेशी भगाओ के नारे के साथ 1 सितंबर से 30 दिसंबर तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बैठकें और चौपालें कर व्यापारियों को जागरूक किया जाएगा ताकि सभी व्यापारी स्वदेशी माल ही बेचें और खरीदें। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। प्रदेश संयोजक ने कहा कि भाजपा सरकार में सड़कों, मेडिकल कॉलेजों और हवाई अड्डों का तेजी से निर्माण हुआ है। सपा व कांग्रेस में अपराध बढ़ा था लेकिन भाजपा में अपराधी भूमिगत हो गए हैं या प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिला अध्यक्ष निरुपम बिश्नोई, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, प्रमोद कुमार चौहान, सत्यवान सिंह राजपूत, नेपाल सिंह, रिजवान अल्वी, संजय भार्गव, बलवंत सिंह समेत नगर के अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

### शोरूम से लाखों का माल चोरी, दी तहरीर

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दलपतपुर रामपुर रोड पर बने फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से पांच लाख रुपये का माल चोरी हो गया। शोरुम स्वामी समीर निवासी सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे ने बताया कि वह काम से बाहर गए थे। शोरूम में भांजे कबीर खान( 13) को बैठाया था। इसी का फायदा उठाते हुए उस्मान अली, आरिफ निवासी सिरसखेड़ा ने शोरूम में घुसकर पांच लाख रुपये कीमत का फ्रीज, कूलर, वाशिंग मशीन, सिलाई मशीन, एलईडी टीवी, एवं पीतल के बर्तन आदि जबरन बलपूर्वक निकालकर ले गए। भांजे को धमकी दी कि अगर नाम बताया तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

# दरोगा बता कॉलेज में घुसे छात्रा का रिकॉर्ड लेकर फरार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● स्कूल के बड़े बाबू से गाली-गलौज कर की मारपीट, मोबाइल छीना

**अमृत विचार :** फसियापुर स्थित उमा देवी इंटर कॉलेज में मंगलवार रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया।

प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अगस्त से ही अज्ञात लोगों द्वारा लगातार कॉल की जा रही थी। कॉल करने वालों ने खुद को दिल्ली से जांच टीम का बताते हुए छात्रा राजवीर कौर निवासी बरेली के नाम पर एलआईसी क्लेम धोखाधड़ी का मामला उठाया और विद्यालय का रिकॉर्ड मांगने लगे। 26 अगस्त की रात लगभग साढ़े नौ बजे बड़े बाबू मनोज कुमार को कॉल कर खुद को कोतवाली का एसआई ध्रुव चौहान बताते हुए धमकाया गया और विद्यालय बुलाया गया। बाबू के पहुंचते ही अज्ञात लोगों ने जबरन गेट खुलवाकर राजवीर कौर का एसआर रजिस्टर (क्रमांक 701 से 800), प्रवेश फॉर्म व अन्य दस्तावेज कब्जे में लेकर फरार हो गए। इस दौरान मोबाइल छीनकर गाली-गलौज व मारपीट भी की गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि बिना सक्षम अधिकारियों की अनुमति के कोई भी शैक्षिक प्रमाणपत्र नहीं दिया जा सकता, इसके बावजूद दबाव डालकर जबरन दस्तावेज ले जाए गए। उन्होंने कोतवाली पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# धूमधाम से निकाली गणेश चतुर्थी शोभायात्रा

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** नगर में बड़ी धूमधाम के साथ गणेश चतुर्थी शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे। सुंदर-सुंदर झांकियां देखने को मिली।

नगर के नया डाकखाना मोहल्ला पूर्वी ठाकुरान पर हमेशा की तरह इस बार भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर शोभायात्रा निकालकर गणेश भगवान का आगमन हुआ। गणेश जी के आगमन से पहले पंडित छैल बिहारी शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूजा पाठ किया गया। शोभायात्रा नया डाकखाने से शुरू होकर कलरिया महादेव मंदिर, छतरी वाला कुआं, मोहल्ला पश्चिमी ठाकुरान, होली वाला कुआं, कहारों वाला मंदिर, छिपी वाला मोहल्ला, बड़ा मंदिर, शिव सहाय मंदिर होते हुए नया डाकखाने पर पहुंची। शोभायात्रा में सरस्वती माता, शेरावाली माता, राधा कृष्ण, शंकर पार्वती की सुंदर-सुंदर झांकियां देखने को मिली। इस अवसर पर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख मुरादाबाद मनीष सिंह, रामबाबू भटनागर, नरेश सक्सेना, मुकेश ठाकुर, शैवी शर्मा, लकी शर्मा, कुलदीप हुड्डा, प्रदीप शर्मा, गप्पू गुप्ता, महेंद्र गुप्ता अनिल शर्मा, अभिषेक सिंह, विशाल सिंह, सजल ठाकुर, मनोज तोमर, राजीव शर्मा, मयंक गुप्ता, सुलभ गुप्ता, राजकुमार त्यागी आदि भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



शोभा यात्रा में शामिल ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह व अन्य लोग। ● अमृत विचार

# गांव में मस्जिद निर्माण को लेकर विवाद, 29 पर रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● भीड़ जुटाने से रोकने पर चौकीदार को धमकाया

**अमृत विचार:** ग्राम निर्मलपुर में मस्जिद निर्माण को लेकर माहौल गरमा गया है।

गांव निवासी भगवत पुत्र स्व. गजराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग बिना अनुमति के विवादित प्लॉट पर मस्जिद का निर्माण करने का प्रयास कर रहे थे। प्लॉट अहमद हसन पुत्र पीर बक्श के नाम से दर्ज है, जिसमें कुछ वर्ष पूर्व भी मस्जिद निर्माण की कोशिश की गई थी, जिसे प्रशासन ने रोक दिया था। आरोप है कि हनीफ पुत्र पीर बक्श प्रधानी चुनाव लड़ना चाहता है और इसी उद्देश्य से गांव में तनाव पैदा करने की साजिश कर रहा है। तहरीर में कुल 29 लोगों के नाम दर्ज करते हुए कहा गया कि उक्त व्यक्तियों ने बिना अनुमति निर्माण कार्य शुरू कर दिया तथा भीड़ जुटाकर गांव की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया।

चौकीदार होने के नाते जब उसने शांति बनाए रखने की बात कही तो सभी ने मिलकर उसे धकमाया। पुलिस ने हनीफ, मेहंदी हसन, अनीस, इकबाल, सायरा, फरानाज, नाजिया, अब्दुल, मुन्ने हाजी, रिफाकत, इंतजार, हुकूमत, इशरार, बाबू खां, छोटे, शहादत, छेला, कलवा, युनूस, नासिर, मोमीना, इरफान, सबीना, बानो, मुन्नी, सकीना, असगरी, शमशेर, मोमीन उमर निवासी ग्राम निर्मलपुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो.7906815587

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0725794 का प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र खो गया है। रेहाना पुत्री शौकीन अली केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन**

विवाह पूर्व मेरा नाम आरेफीन इकबाल था विवाह उपरांत मैंने अपना नाम आरेफीन आमिर रख लिया है भविष्य में मुझे आरेफीन आमिर पत्नी मोहम्मद आमिर खान निवासी मुगलपुरा द्वितीय निकट लाल स्कूल मुरादाबाद के नाम से जाना पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# स्कूल स्वच्छ व श्रेष्ठ बनाने का लेंगे संकल्प



एसडीएम संत दास पंवार को संकल्प पत्र सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

● राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने एसडीएम को सौंपा संकल्प पत्र

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद मुरादाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने मंडल/ जिलाध्यक्ष शांतिभूषण वर्मा के नेतृत्व में एसडीएम कांठ से भेंट कर हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र सौंपा।

एसडीएम संत दास पवार ने शैक्षिक उन्नयन और शिक्षकों के मनोबल संवर्धन हेतु महासंघ के प्रयासों की सराहना की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को देशभर के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में करोड़ों विद्यार्थी और लाखों शिक्षक इस अभियान के अंतर्गत संकल्प लेंगे। महामंत्री अकरम हुसैन ने कहा कि उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण और समाज सेवा का माध्यम बनाना है। ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने बताया कि विद्यार्थी और शिक्षक विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित बनाने का संकल्प लेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामानंद यादव, जिला महामंत्री अकरम हुसैन, ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामानंद यादव, संगठन मंत्री सुशांत चौहान, संयुक्त मंत्री संदीप पंवार, उपाध्यक्ष रोहित कुमार, शुभम कुमार, सुमित विश्नोई, गौतम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**जुड़ते तार** | सुरों के नियमित अभ्यास से कम की जा सकती है ग्रहों की अशुभता

# सात सुरों से जुड़े ग्रहों पर पड़ता है साधना से प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शास्त्रीय संगीत केवल आत्मा को सुकून देने या कला का आनंद लेने का माध्यम ही नहीं है, बल्कि यह शरीर और मन पर पड़ने वाले ग्रहों के प्रभाव को भी कम कर सकता है। संगीत के सातों सुर सौर मंडल के ग्रहों से जुड़े हुए हैं। यह कहना है प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार पुरुषोत्तम शर्मा का।

75 वर्षीय पुरुषोत्तम 55 साल से संगीत का प्रशिक्षण दे रहे हैं। बताते हैं कि संगीत के सात सुरों का संबंध ग्रहों से है। स का सूर्य, रे का शुक्र, ग का मंगल, म का चंद्रमा, प का बृहस्पति और ध का बुध से। इन सुरों के नियमित अभ्यास से ग्रहों की अशुभता कम की जा सकती है। बताया कि उनकी शिष्या निकिता को लंबे समय से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या थी।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार उसके जीवन में चंद्रमा ग्रह भारी था, जिससे यह परेशानी हो रही थी। उन्होंने उसे चंद्रमा से जुड़े सुर म की साधना कराई। निकिता ने चार माह तक प्रतिदिन इस सुर का अभ्यास किया और तीन साल पुरानी ब्लड प्रेशर की समस्या पूरी तरह खत्म हो गई। एक और उदाहरण साझा करते हुए बताया कि करीब दो साल पहले उनके मित्र सुरेश गौतम ने उन्हें परिवार के एक बच्चे के बारे में बताया, जिसका बौद्धिक विकास सामान्य बच्चों की तुलना में नहीं हो रहा था। इस पर उन्होंने सलाह दी कि बच्चे को बुध ग्रह से जुड़े ध स्वर को नियमित रूप से सुनाया जाए और उसे यह स्वर बोलने का अभ्यास भी कराया जाए। लगभग छह माह बाद इस साधना का सकारात्मक असर दिखा और बच्चे के मानसिक विकास में तेजी आई।



पुरुषोत्तम शर्मा।

● 55 वर्षों से बच्चों को संगीत सिखा रहे संगीतकार पुरुषोत्तम शर्मा

### स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए प्रभावी

उनका कहना है कि संगीत साधना केवल कला की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए भी अत्यंत प्रभावी है। संगीत ईश्वर का दिया हुआ ऐसा वरदान है, जिसमें मन और शरीर को संतुलित करने की अद्भुत शक्ति है। मानते हैं कि यह विधि किसी अंधविश्वास पर नहीं, बल्कि ध्वनि के वैज्ञानिक प्रभाव पर आधारित है। सुरों से उत्पन्न कंपन शरीर के भीतर ऊर्जा संतुलन को ठीक करते हैं और ग्रहों से संबंधित मनोवैज्ञानिक प्रभावों को भी नियंत्रित करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ


मनोनयन पत्र देते संगठन के पदाधिकारी।

### एहसान बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**शाहबाद, अमृत विचार :** बुधवार को शाहबाद में गोरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल लोधी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। जिसमें शाहबाद के भरतपुर निवासी एहसान अली को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एहसान अली की गो सेवा की भावना देखते हुए उन्हें मनोनीत किया है। इस दौरान वेद प्रकाश सागर, धर्मपाल सिंह, मौनी पांडेय, राशिद अल्वी, पुरुषोत्तम सिंह, वीरेश शर्मा, राहुल पांडेय, पीतांबर लोधी, पप्पु सिंह, राजवीर यादव रहे।

### केबल चोरी में 3 पकड़े

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के पट्टीकलां में सुपर इंडिया स्टोन क्रेशर से दो दिन पहले 150 मीटर केबल टू फेस और थ्री फेस सिक्स एमएम चोरी हो गई थी। तलाशी के दौरान सुल्तानपुर पट्टी के भूरा नमक कबाड़ी के यहां केवल बरामद की गई। सूचना के आधार पर सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला श्याम नगर इरफान, मोहल्ला श्याम नगर वार्ड नंबर पांच कासम अली, घोसीपुरा निवासी उस्मान को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने केबिल सील कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की तीनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

### 25 हजार रुपये का इनामी पकड़ा

**स्वार, अमृत विचार :** मंगलवार रात कोतवाल प्रदीप मलिक को मुखबिर ने सूचना दी कि नरपत नगर के तालाब के पास गैंगस्टर का वांछित 25 हजार रुपये का इनामी घूम रहा है। जिस पर कोतवाल ने दारोगा लईक अहमद को कार्रवाई के निर्देश दिये। पुलिस मौके पर पहुंच गई और गैंगस्टर में वांछित चल रहे इनामी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा है।

### भाकियू (अ) की दिव्यांग प्रकोष्ठ की टीम गठित

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली ने संगठन की दिव्यांग प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया है। बुधवार को संगठन के जिलाध्यक्ष वीर सिंह ऊर्फ रिंकू चौधरी के आवास पर बैठक हुई। जिसमें रवि शर्मा को दिव्यांग प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, कृपाल सिंह यादव को जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष, लाल सिंह को न्याय पंचायत अध्यक्ष, कमल सिंह को तहसील अध्यक्ष ले, साहिद को ब्लॉक अध्यक्ष, जसराज सिंह को ग्राम पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया।

### डूंगरपुर मामले में टली सुनवाई

**रामपुर,अमृत विचार :** सपा शासन काल में डूंगरपुर में बनी कालोनी पर बुलडोजर चलवा दिया गया था। जिसके बाद सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है।एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब 4 सितंबर को सुनवाई होगी।

## लालकुआं-बांद्रा ट्रेन रुकवाने की मांग

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर को 3 ज्ञापन सौंपे। व्यापारियों ने लालकुआं-बांद्रा टर्मिनल साप्ताहिक ट्रेन का स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अमृतसर और जम्मू जाने वाली दोनों ट्रेनें मंगलवार को चलती हैं। एक ट्रेन का दिन बदलने का प्रस्ताव रखा । लालकुआं-अमृतसर साप्ताहिक ट्रेन को काशीपुर से लालकुआं, रूद्रपुर, बिलासपुर और रामपुर होकर चलाने का सुझाव दिया। ज्ञापन की प्रतिलिपि केंद्रीय रेल मंत्री, महाप्रबंधक रेलवे इज्जतनगर और मुख्य महाप्रबंधक रेलवे गोरखपुर को भी भेजी गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल, नगराध्यक्ष सुदर्शन मदान, हाफिज ताहिर, सतपाल अग्रवाल, राजेश जिंदल रहे।

### रामपुर से अमेरिका को प्रतिवर्ष करीब 350 करोड़ का होता है कारोबार

# 50 प्रतिशत टैरिफ से रामपुर के उद्योग पर भी पड़ेगा असर : श्रीष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से निर्यात को नुकसान होगा। इससे रामपुर जिले के उद्योग पर व्यापक असर पड़ेगा। क्योंकि रामपुर से प्रतिवर्ष करीब 350 करोड़ का कारोबार अमेरिका के साथ होता है। ऐसे में एक्सपोर्ट फिलहाल होल्ड पर रखा गया है, इससे नुकसान होने का अनुमान है।

आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने बताया कि टैरिफ के दीर्घकाल में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। अगर भारत अमेरिका के दबाव में कोई समझौता करता है तो उस से भारत की स्वतंत्र और निर्भीक देश की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि अमेरिका में रामपुर से रेडीमेड गारमेंट, मिंट, ऑर्गेनिक केमिकल, ज्वेलरी, गिफ्ट आइटम्स, लेदर, फुटवियर, फर्नीचर, फिशिंग आइटम्स प्रमुखता से निर्यात होते हैं। कहा कि ट्रंप के इस निर्णय का अमेरिका में भी विरोध हो रहा है। अमेरिका की यह आर्थिक स्वार्थ की ओर विश्व को अपने निर्णयों पर नचाने की नीति का हिस्सा है। लेकिन भारत की स्वाभिमानी सरकार झुकेगी नहीं। अमेरिका कृषि डेयरी जैसे सेक्टर को पुरी तरह शुल्क मुक्त कराना चाहता है। इससे देश के किसानों और छोटे उद्यमिओं के हित प्रभावित होंगे। उद्यमियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ, मेड इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी उत्पादों के उत्कृष्ट उत्पादन से इसका सामना किया जा सकता है। भारत के निर्यातकों को अन्य विकल्पों को तलाशना होगा।

विश्व बाजार काफी विशाल है ,अमेरिका की तो कुल आबादी उत्तर प्रदेश से ही अधिक है। भारत सरकार को प्रभावित उद्यमियों को सब्सिडी देकर उनके नुकसान की भरपाई करने की पहल करनी होगी। प्रभावित उद्यमों को राहत पैकेज की घोषणा हो सकती है। इस टैरिफ से वस्त्र परिधान उद्योग, रत्न आभूषण उद्योग को झटका लग सकता है।


भारत के निर्यातकों को अन्य विकल्पों को तलाशना होगा। विश्व बाजार काफी विशाल है ,अमेरिका की तो कुल आबादी उत्तर प्रदेश के बराबर ही है।
**- श्रीष गुप्ता**


अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ बढ़ा देना देने पर कारोबार पर असर पड़ रहा है ।अभी होल्ड पर लगा दिया गए है ।कमरों को सजाने का गिफ्ट भेजे जाते थे।
**- साइम शमसी**


टैरिफ 50 प्रतिशत बढ़ने से व्यापार पर असर पड़ेगा। लेकिन कुल मिलाकर सरकार के सहयोग से हमारे उद्योग जगत को नए बाजार मिलेंगे।
**- मुकुल अग्रवाल, मैंथा कारोबारी**


कृतिम मेंथा विकल्प नही है। जब अमेरिका यह महसूस कर लेगा कि भारत पर उसका दवाब बे असर है, तो देर सवेर अमेरिका अपने निर्णय पर पुन :विचार करेगा।
**- मनोज गुप्ता**

## 28 को लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मेला एवं रोजगार मेला 28 अगस्त को 10 बजे से होगा। रोजगार मेला राजकीय आईटीआई परिसर में लगेगा। रोजगार मेले में जनपद एवं जनपद के बाहर स्थित विभिन्न उद्योग, अधिष्ठान, सरकारी, अर्द्ध सरकारी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें आईटीआई के उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को रिज्यूम, आधार कार्ड, फोटो, आईटीआई का अंक एवं प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति सहित रोजगार मेले उपस्थित होकर लाभान्वित हो सकते है।

# गृह,जलकर वृद्धि का विरोध, व्यापारियों का प्रदर्शन

### कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, प्रस्तावित वृद्धि निरस्त करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर व्यापारी एकत्र हुए। उसके बाद सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने गृह और जलकर में बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पूरे शहर में लगातार वर्ष 2019 से अब तक का गृह और जलकर 50 गुना बढ़ा दिया है। नगर पालिका परिषद द्वारा नोटिस दिए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा बढ़ाया गृह व जलकर समाप्त नहीं किया गया है। व्यापार मंडल द्वारा लगातार आम जनता पर हो रहे जुल्म व अत्याचार को रोकने के लिए आवाज बुलंद की जा रही है। आम जनता, व्यापारी समाज व नगर पालिका सीमा के तहत आने वाले उद्योगों व लघु उद्योगों से भारी टैक्स वसूलने की तैयारी चल रही है। गृहकर और जलकर 50 गुना बढ़ने से पूरे शहर में त्राहि त्राहि मची हुई है। लेकिन कोई हल होता नजर नहीं आ रहा है। व्यापारियों ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गाजियाबाद की बोर्ड की बैठक में कर बढ़ाने का प्रस्ताव निरस्त कर हो चुका है। ऐसे ही रामपुर में भी कर बढ़ाने से मुक्ति मिल सकती है। इस दौरान व्यापारी राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, दिलशाद हुसैन, फईम अहमद, अब्दुल वासिक, पप्पू खान, राज बहादुर यादव, ओमप्रकाश, शाहिद खुसरो, इमरान खान, मेराज हुसैन, कन्हैया लाल पटवा, शादाब खान, मंसूर खान, फैसल अली, गोपाल शर्मा, बाबू खान, अब्दुल कादिर अन्य व्यापारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते व्यापारी। • अमृत विचार

### दुकानों की तोड़फोड़ रोकने के लिए पुनः पैमाइश की मांग

**टांडा, अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल के पास बनी दुकानों के किरायेदारों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि उनकी दुकानों को अवैध रूप से तोड़ने की कोशिश हो रही है। किरायेदार नजीर अहमद व श्याम लाल का कहना है कि दुकानें सड़क से पीछे बनी हैं और पीडब्ल्यूडी की नापतौल में कोई आपत्ति नहीं मिली थी। आरोप है कि लेखपाल ने गलत निशान लगवाकर जेसीबी बुला ली, लेकिन विरोध के चलते तोड़फोड़ रुक गई। किरायेदारों ने पुनः पैमाइश कराने की मांग की है।

### देर रात सभासदों का धरना समाप्त

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार रात करीब 11 :30 बजे पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां नगर पालिका परिसर धरना स्थल पर पहुंचे। जहां सभासदों को आश्वासन दिया कि शनिवार को पालिकाध्यक्ष सना मामून और पालिका के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी के साथ बैठकर वार्ता होगी और बढ़े हुए गृह और जलकर का कोई हल निकाला जाएगा। इसके बाद सभासदों ने धरना खत्म किया। बता दें कि मंगलवार सुबह 28 सभासद पालिकाध्यक्ष से मिलने पालिका पहुंचे थे। सभासदों ने गृह और जलकर को घटाने के लिए मांग की थी। सभासदों का आरोप था कि पालिकाध्यक्ष ने सभासद मोहम्मद जफर को बाहर जाने को कहा। अपने अधीनस्थों से पुलिस बुलाकर रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। जिसके बाद सभासदों का भी पारा चढ़ गया था और वह नारेबाजी करते हुए पालिका परिसर में बेमियादी धरने पर बैठ गए थे। मंगलवार देर रात सभासद आश्वासन के बाद घरों को लौट गए। इस दौरान शाहवेज अंसारी, मोहम्मद जफर, दिनेश कुमार ( दिन्ना), फहीम अहमद, मोईन अंसारी, मुराद कलीम, हाजी शादाब, गुफरान खां, नवेद कुरैशी, वसीम अब्बासी, जियाउर रहमान बाबू, मुशाहिद उर्फ गुड्डू, जमील इनायती, शहाब खां, शमीम खां, अलीम खां, बाबू खां सुर्खे, राजू सिकंदर, अजहर मियां, रफीउल्लाह खां, शाहवेज उर्फ डम डम, मुन्ने खां, मोहम्मद आसिफ, तनवीर खां, खलील अहमद, तारिक खां आ रहे।

## दुकानदारों के रोजगार के लिए हो वैकल्पिक व्यवस्था


ज्ञापन देने जाते भाकियू लोक शक्ति पदाधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, टांडा

• भाकियू लोकशक्ति ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने बुधवार को कस्बे की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

जिलाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद आजम के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने अतिक्रमण प्रभावित दुकानदारों, आधार कार्ड केंद्र और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। टांडा में अतिक्रमण अभियान के दौरान जिन दुकानदारों की दुकानें जद में आ गई हैं। उनके पीछे कोई जगह शेष नहीं बची। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि प्रभावित दुकानदारों के रोजगार के लिए वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही संगठन ने कस्बे में आधार कार्ड केंद्र खोलने की मांग रखी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को अन्य क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे आम जनता विशेषकर ग्रामीणों और महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भाकियू लोकशक्ति ने उन पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड भी दोबारा जारी करने की मांग की, जिनके नाम निरस्त कर दिए गए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला प्रवक्ता आसिफ, हाजी नूरी सैफी, जिला सचिव मोहम्मद जाहिद, पूर्व सभासद मोहम्मद ज़हीर जिया, समाजसेवी मोहम्मद शराफत, मोहम्मद अफसर अली, मोहम्मद अकरम अली, मोहम्मद कैफ पीपली नायक, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुकदमे के बाद दुकानदारों में हड़कंप, सामान समेटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• जमीन फर्जीवाड़े के मामले में 25 पर हुआ है मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन द्वारा दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क से चुंगी के दुकानदारों पर सरकारी जमीन कब्जाने के लिए कागजों में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। इसके बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया है और सभी दुकानदार सामान दूसरे स्थानों पर शिफ्ट करने लगे हैं।

आंबेडकर पार्क से लेकर फोटो चुंगी तक स्थायी और अस्थायी दुकानें बनी हैं, इनमें अधिकतर में कार रिपेयरिंग की दुकानें संचालित हैं। जिला प्रशासन ने सरकारी जमीन के कागजों में फर्जीवाड़ा करने के मामले में सिविल लाइंस थाने में मंगलवार को राजस्व कर्मियों सहित 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया है, दुकानदार खुद सामान शिफ्ट करने लगे हैं। 22 अगस्त को आरडीए से नोटिस मिलने के बाद सभी दुकानदार बचाव की कोशिश कर रहे हैं। 25 अगस्त को नोटिस का जवाब दिया था। हालांकि इसमें कुछ दुकानदारों को 4 सितंबर तक के लिए स्टे मिल गया है। अधिवक्ता एसएम खान ने यह जानकारी दुकानदारों को दी है। जिसके बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली है। जबकि बहुत से दुकानदार अपना सामान समेट रहे हैं।

## 19 दुकानदारों को हाईकोर्ट से राहत

**टांडा, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग द्वारा भूमि खाली कराने को लेकर जारी नोटिस पर हाईकोर्ट ने 19 दुकानदारों को राहत दी है। अदालत ने कहा कि बिना सुनवाई का अवसर दिए जारी नोटिस प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

44 दिन पहले सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग ने दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग स्थित दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। नोटिस में भूमि को सरकारी बताते हुए एक सप्ताह के भीतर खाली करने को कहा था। नोटिस को लेकर 19 लोगों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने विभाग को दो माह के भीतर सुनवाई कर उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया। साथ ही, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि तीन महीने तक याचिकाकर्ताओं के उत्तर पर निर्णय होने तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## पूजा अर्चना के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित

**सैफनी, अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी पर बुधवार को शिवालय मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना विधि विधान से की गई।

इससे पूर्व श्री गणेश सेवक मित्र मंडल द्वारा शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा राम किशोर रस्तोगी के आवास से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिवालय मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। राजेश रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, प्रवीण जोशी, पंकज शर्मा, नितेश शर्मा, सौरभ रस्तोगी, अंकित रस्तोगी, आर्यन रस्तोगी, नमन रस्तोगी, अमरीश सक्सेना, राजकुमार श्रीवास्तव, आकाश सक्सेना एवं समस्त रहे।

**बिजारखाता में प्रतिमा स्थापित की : मसवासी :** बुधवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर मसवासी के मोहल्ला बिजारखाता में भक्तों द्वारा गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की। उसके बाद उनकी पूजा अर्चना की। शाम को गणेश भगवान की आरती करके उनका भोग लगाया। लोगों ने बताया कि भगवान गणेश की आरती से सुख-शांति मिलती है।


स्वार मंदिर में स्थापित गणेश की मूर्ति। • अमृत विचार

### मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित

**स्वार, अमृत विचार :** श्रद्धालुओं ने मोहल्ला काशीपुर स्थित संतोषी माता के मंदिर से गणेश प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा संतोषी माता के मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला खास स्वार पिप्लेश्वर बड़ा शिव मंदिर पर समाप्त हुई। पुरोहित पंडित प्रशांत शर्मा ने मूर्ति को मंदिर स्थापित किया। इस अवसर पर जगदीश सरन गुप्ता, डॉ . कृष्णलाल चंद्रा, महेंद्र सैनी, सूरज चंद्रा, मुकुल प्रजापति, चंदन, शैंकी, प्रशांत शर्मा, संजय शर्मा, मोंटी शर्मा, आलोक वर्मा, कैलाश, मनीष, वतन रहे।

### मंदिरों में विराजमान हुए गणपति बप्पा

**शाहबाद, अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी पर बिजली घर स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला बरवलान स्थित चामुंडा मंदिर, मोहल्ला हकीमान स्थित वाल्मीकि मंदिर, मोहल्ला जिलेदारान स्थित शिव मंदिर, एसडीएम कॉलोनी, नालापार स्थित शिव मंदिर के साथ-साथ बेरियों वाले शिव मंदिर में गणपति बप्पा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। वहीं मांगोली में भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता ने फीता काटकर गणेश महोत्सव का आरंभ किया। मोहल्ला बरबलान स्थित चामुंडा मंदिर पर मंगल मूर्ति सेवा समिति ने आयोजन की शुरुआत की गई।

## कमिश्नर का कार्यकाल बढ़ने पर गुरुद्वारे में अरदास


गुरुद्वारे में अरदास करते सिख समाज के लोग। • अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह का कार्यकाल बढ़ाने पर सिख समाज की ओर से अरदास की गई। उसके बाद सिख समाज की ओर से रेलवे स्टेशन पर आतिशबाजी की और मिठाई वितरण की।

वीर खालसा सेवा समिति के अवतार सिंह ने कहा कमिश्नर ने जरूरतमंद लोगों की मदद की। हमेशा ही गरीब लोगों के साथ खड़े रहते हैं। गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने कहा कि कमिश्नर की सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता। वह हमेशा समाज के साथ खड़े होते हैं। लखविंदर सिंह, दलवार सिंह, गुलशन अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह, सेवा सिंह, सुरजीत सिंह, गुरनाम सिंह, सविंदर सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगजोत सिंह, हरभजन सिंह मौजूद रहे।

**त्योहार** | बुधवार को घरों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर गजानन की मूर्ति की गई स्थापना

# गणेश चतुर्थी :जिलेभर में विघ्नहर्ता की शोभायात्रा निकाल स्थापित किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को शहर में गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। इसके साथ गणेश उत्सव की शुरुआत हो गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर पंडालों से लेकर घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित हुई। लोगों ने गणेश प्रतिमा स्थापित के बाद पूजा-अर्चना की। हर तरफ गणपति बप्पा मोरया गूंज रहा।

घरों से लेकर पंडालों तक शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश की छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाएं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर प्रतिष्ठित की गईं। इसके बाद भगवान गणेश को भोग लगाया और आरती की गई। मंदिरों में भी भगवान गणेश के भजन बजते रहे। इसके साथ गणेश भक्त मंडल के तत्वावधान में श्री हरिहर मंदिर में 16वां गणेश महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया। बुधवार को मूर्ति की स्थापना की और शोभायात्रा भी निकाली गई। इस दौरान बॉबी देओल, आलोक, देवल, अनूप गुप्ता, अजय गुप्ता, निशांत गुप्ता, गौरव गुप्ता, सजल गुप्ता, अमन गुप्ता, आशीष अग्रवाल, अरुण गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे। जबकि तीन सितंबर को विसर्जन किया जाएगा।

**गायत्री पुरम कॉलोनी में हुई स्थापना:** गणेश चतुर्थी के मौके पर डायमंड टॉकीज के पास स्थित गायत्रीपुरम कालोनी में भगवान गणेश की प्रतिमा का भक्तों द्वारा पूजन किया गया। उसके बाद प्रतिमा स्थापित की गई। मनु सक्सेना ने बताया कि सुबह नौ बजे और शाम को 7 बजे आरती होगी। उसके बाद छह सितंबर को छप्पन भोग और महाआरती होगी। 6 सितंबर को विसर्जन किया जाएगा।


पूजा अर्चना में शामिल भक्त। • अमृत विचार


गणेश भगवान की शोभायात्रा में शामिल भक्त। • अमृत विचार

### भगवान गणेश के भजनों पर झूमे भक्त

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री गणपति सेवा समिति एवं बाल गणेश भक्त मंडल के तत्वावधान में 7वां श्री गणेश महोत्सव संतोषी माता मंदिर स्थित सराए गेट पर भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की गई। इस मौके पर पंडितों ने पूजा अर्चना करके आरती की। उसके बाद प्रसाद बांटा। शाम को बरेली की गायक कलाकार सोनम चंचल द्वारा भजन गाए। 12 बजे से भंडारे का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर मुख्य सेवक अंकित कुमार, दिनेश कुमार, विभोर भटनागर, कमल कुमार तुरैहा, अमन कुमार, दीपक, मनीष, शोभित, ओम, कार्तिक, समर्थ, राजू सुमन, मंगल यादव, पवन कश्यप मोहन सैनी, रिंकू पुजारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### घर में स्थापित हुई प्रतिमा

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर श्री भगवान गणेश की प्रतिमा विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ घर पर विराजमान की। उसके बाद परिवार के साथ पूजा अर्चना कर आरती की। इस मौके पर चंद्र प्रकाश रस्तोगी और उनका परिवार मौजूद रहा।


गणेश भगवान की पूजा करते परिजन। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल में डिजिटल ठगी के बारे में बताया

रामपुर, अमृत विचार : बुधवार को पुलिस कर्मियों ने लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में क्षेत्राधिकारी शाहबाद द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जागरूक किया। डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी के बारे में छात्र एवं छात्राओं जागरूक किया। साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं इनसे बचाव के लिए जागरूक करते हुए विभिन्न तरह से की जाने वाली साइबर अपराध की घटना, फ्यूचर के करियर ऑप्शन के बारे में बताया।

### शिविर में बच्चों ने किया योगाभ्यास

रामपुर, अमृत विचार : डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं फिजिकल कॉलेज के तत्वावधान में सात दिवसीय योगासन खेल प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन योगाभ्यास कराया गया। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के योगासन के खिलाड़ीयों को अनिवार्य आसन उत्तान आसन, वृक्षासन, उस्ट्रासन के अभ्यास कराए गए। इसके बाद वो 15 सितम्बर को होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 14,17 और अंडर 19 आयु वर्ग में के बालक-बालिका चार इवेंट केटेगरी में प्रतिभाग करेंगे। शिविर में डॉ. अनूप कुमार सिंह और जिला योगासन खेल संघ के उपसचिव मनोज कुमार मौजूद रहे। राज्य स्तरीय निर्णायक सतीश चंद्र एवं तुषार जौहरी ने सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया।

### नपं प्रशासन और व्यापारियों में हुई बैठक

मसवासी, अमृत विचार : बुधवार को नपं कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में बुधवार और रविवार को काशीपुर मार्ग पर लगने वाली लहसुन, मिर्च की साप्ताहिक बाजार के कारण लगने वाले जाम को लेकर भी चर्चा की। बाजार को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई। शुक्रवार के बाजार को भी किसी अन्य जगहों पर स्थानांतरित करने की मांग की गई। बैठक में दुकानदारों से दुकान के सामने सामान न रखने के लिए नगर पंचायत प्रशासन में आग्रह किया। बैठक में नपं अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल, सचिन कुमार, कपिल गुप्ता, बृजनंदन सिंह चौहान, इरशाद अहमद सिद्दीकी, सुभाष सागर अमित सक्सेना, नाजिर हुसैन, आरिफ, सुमित यादव अनिल दिवाकर, गणपत चंद्र वसीम अहमद पारस गुप्ता रहे।

# दीवार गिरने से कार सवार किशोर की मौत, कार जली

## चादरवाला बाग की घटना, कार की टक्कर से गैराज की दीवार गिरी थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बुधवार को गैराज से निकालने के दौरान कार दीवार से टकरा गई। दीवार गिरने से कार में बैठा किशोर घायल हो गया। हादसे के बाद लोग किशोर को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। टक्कर के बाद में कार में आग लग गई। फायर बिग्रेड ने मौके पर आकर आग को बुझाया गया।



मृतक अभिषेक।

रुद्रपुर के भदैपुरा निवासी मनोज रस्तोगी का 19 वर्षीय बेटा अभिषेक रस्तोगी कुछ दिन पहले कोतवाली थाना के चादरवाला बाग निवासी अपनी बुआ के यहां छुट्टी मनाने आया था। बुधवार शाम को वह बुआ के बेटे विवेक के साथ गैराज से कार को निकालने आया। विवेक गैराज का शटर उठाने लगा। अभिषेक कार में जाकर बैठ गया। उसने कार स्टार्ट कर क्लच पर पैर रख दिया। जिससे कार अनियंत्रित होकर गैराज की दीवार में घुस गई। जिससे कार के ऊपर दीवार गिर गई और कार में बैठा अभिषेक घायल हो गया। उसके बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। कार से अभिषेक को बाहर निकाला। उसको अस्पताल लेकर गए। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान कार में भी आग लग गई थी। सूचना के बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। किसी तरह से कार में लगी आग को बुझाया। बेटे की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रिश्तेदार ने बताया कि वह सुनार का काम करता था। पिता राज मिस्त्री का काम करते हैं। अभिषेक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।



घटना स्थल पर खड़ी जली हुई कार

### हादसे के बाद मौके पर मची चीख पुकार

शाम के समय धड़ाम की आवाज के बाद लोग बाहर आ गए। उसके बाद हादसा देखकर सभी लोगों के होश उड़ गए। किसी तरह से आग को बुझाना शुरू कर दिया था, लेकिन आग भंयकर होने के कारण फायर बिग्रेड ने आकर आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक चीख पुकार मची रही।

## डीसीडीएफ की जमीन पर हुए अवैध निर्माण पर गरजी जेसीबी

रामपुर, अमृत विचार : माला रोड स्थित डीसीडीएफ (जिला सहकारी संघ) की भूमि पर हुए अवैध निर्माण पर जेसीबी गरजी। अधिकारियों की मौजूदगी में भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया।

डीसीडीएफ की खाली पड़ी भूमि पर लोगों ने कब्जे कर लिए और कुछ लोगों ने जमीन बेच दी। सहायक आयुक्त एवं निबंधक डॉ. गणेश गुप्ता ने बताया कि बुधवार को पांच अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया। माला रोड पर डीसीडीएफ की करीब 22 एकड़ भूमि है जो कि जमीन के धंधेबाजों ने औने-पौने दामों में लोगों को जमीन बेच दी। जहां देखते ही देखते लोगों ने अपने-अपने घर बना लिए और आबादी हो गई। बुधवार को पुलिस फोर्स और अधिकारियों की मौजूदगी में पांच अवैध निर्माण ध्वस्त करा दिए गए। सहायक निदेशक एवं निबंधक ने बताया कि जिला अधिकारी जोगिंदर सिंह के आदेश पर कार्रवाई कराई गई है। इस मौके पर डीसीडीएफ के सभापति सुभाष गुप्ता, सचिव सुशील शर्मा, एआर कोआपरेटिव डॉ. गणेश गुप्ता, नायब तहसीलदार, मानवेंद्र और पुलिस बल मौजूद रहा।



गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में शबद कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

# गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में शबद कीर्तन से संगत निहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व, श्री गुरु रामदास साहिब जी के ज्योति जोत दिवस और बाबा श्री चंद जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ।

सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में दीवान सजा, सहज पाठ हुआ और रागी जत्था भाई कुलविंदर सिंह व जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह द्वारा द्वारा शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। ज्ञानी गुज्जर सिंह एवं ज्ञानी नरेंद्र सिंह ने गुरु महाराज एवं बाबा श्री चंद जी महाराज के इतिहास से रूबरू कराया। शबद कीर्तन के बाद अरदास हुई। जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह एवं आहूजा परिवार की ओर से सतविंदर सिंह आहूजा को प्रधान दर्शन सिंह खुराना द्वारा सरोपा भेंट किया। रात्रि कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा, भूपेंद्र सिंह आहूजा, त्रिलोचन सिंह, हरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह चावला, महेंद्र सिंह होरा, हरीश अरोड़ा, पपिंदर सिंह, संतोख सिंह, धनवंत सिंह, हरमिंदर लाल अरोड़ा, अमरजीत सिंह, जसमीत सिंह, गुरजीत सिंह माटा, प्रेम अरोड़ा, रवींद्र सिंह, हरजीत सिंह, राज सिंह, कंवलजीत सिंह, गुरजीत सिंह, गुरिंदर सिंह, निरवैर सिंह, सुमित अरोड़ा, लखविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, परमजीत सिंह आहूजा, वेद आहूजा, राजा सिंह, परमजीत सिंह रहे।

## निजी अस्पताल के स्टाफ पर कार्रवाई की मांग

सैफनी, अमृत विचार : शाहबाद रोड पर कासमनगला गांव में टावर के पास स्थित एक निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जिला मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के गांव बगरौआ निवासी बिलाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह 24 अगस्त को अपनी 9 माह की गर्भवती पत्नी फिजा को इलाज कराने अस्पताल लाया था। जहां अस्पताल संचालक के कहने पर चिकित्सकों ने मरीज को भर्ती कर उपचार शुरू किया। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान लापरवाही से महिला की हालत बिगड़ी। हालत गंभीर होने पर खून की उल्टी शुरू हुई तो बाहर से चिकित्सक बुलाकर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दे दी गई। रिपोर्ट में पेट में बच्चा मृत पाया गया। बिलाल ने बताया कि वह पत्नी को तत्काल मुरादाबाद ले गया। बड़े ऑपरेशन के बाद महिला ने मृत शिशु को जन्म दिया गया। चिकित्सकों ने मृत बच्चे के शरीर पर जख्मों के निशान मिलने की बात बताई है। फिलहाल महिला की हालत नाजुक है। महिला के पति ने सैफनी थाने पहुंचकर अस्पताल संचालक व चिकित्सकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रंजिश के चलते मां-बेटी को पीटा, चार पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : रंजिश के चलते चार लोगों ने मां-बेटी को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा निवासी शांतिदेवी का कहना है कि कुछ दिन पहले महिला और उसकी बेटी घर पर अकेली थी। तभी रंजिश के चलते सोबिन्द्र, मनीष, राकेश मौका पाकर महिला के घर में घुस गए। उसके बाद मां बेटियों से गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर उसको लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। मां-बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में महिला ने तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीडीओ ने चयनित 28 मुख्य सेविकाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रदेश स्तर पर चयनित मुख्य सेविकाओं को बुधवार को मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर रामपुर के विकास भवन सभागार में किया।

इसमें जिले में चयनित 28 मुख्य सेविकाओं को मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए उन्हें पूरी कर्मठता एवं कर्तव्यनिष्ठा से अपने विभागीय पदीय दायित्वों के निर्वहन के मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कहा कि आंगनबाड़ी क्रेंदों के संचालन में विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मुख्य सेविका की महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चों व महिलाओं के शारीरिक विकास और उनके स्वास्थ्य पर कार्य करने और उनके भविष्य को सुधारने की जिम्मेदारी उन्हीं की है। कार्यक्रम में प्रभारी जिला विकास अधिकारी अमित कुमार, परियोजना निदेशक हरीश चन्द्र राम प्रजापति व जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार जायसवाल सहित अशोक विश्नोई जिला महामंत्री भाजपा मौजूद रहे।



मुख्य सेविका को नियुक्ति पत्र देती सीडीओ साथ में अन्य। ● अमृत विचार

● लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण का हुआ सजीव प्रसारण

## धर्म परिवर्तन की धमकी मामले में आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलक थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि मोहल्ले का ही रहने वाला अमन सिद्दकी उसकी बेटी को पिछले परेशान का रहा था। उसको लगातार धमकी दे रहा था कि वह उसको उठाकर ले जाएगा। उसके बाद धर्म परिवर्तन कराकर उससे जबरन शादी करेगा। जिसके बाद से महिला काफी परेशान चल रही है। युवक कई बार उसके घर में घुस चुका है। इससे पहले भी आरोपी युवक अन्य कई लड़कियों के साथ ऐसा कर चुका है। आरोप है कि 26 अगस्त को आरोपी ने लड़की को रास्ते में रोककर उससे तमंचे के बल पर अश्लील हरकतें की। युवती पर शादी करने का दबाव बनाया। पीड़िता उसके बाद किसी तरह से घर आ गई। जहां उसने सारा मामला मां को बताया। उसके बाद महिला बेटी को थाने ले गई। उसने मामला पुलिस को बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# हाईवे पर दुकानें टूटने से 900 परिवार होंगे प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को पत्र भेजकर रामपुर में एनएच 9 के पास बनी दुकानों एवं मकानों को हटाने से करीब 900 परिवारों के विस्थापन की आशंका जताई है। कहा गया है कि रामपुर विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई से दुकानदारों, श्रमिकों और व्यवसायियों को परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा।

मुख्यमंत्री को लिए गए पत्र में कहा है कि प्रभावित दुकानों की संख्या 165 है, जिनसे औसतन 500 परिवारों की आजीविका चलती है। वर्कशाप और फैक्ट्रियों से लगभग 100 परिवारों का रोजगार जुड़ा हुआ है। जिस भूमि पर दुकानें बनी हुई हैं उसका स्वामित्व प्रभावित परिवार रजिस्ट्री द्वारा प्राप्त कर चुके हैं। राजस्व परिषद द्वारा इस भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित हो चुका है। जिसकी अगली सुनवाई 13 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है। इसके बावजूद प्राधिकरण के अधिकारियों ने जल्दबाजी की है। नोटिस का जवाब 26 अगस्त तक मांगा गया है और 23 दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करा दिए गए हैं। कहा कि कार्रवाई नहीं रोकी गई तो प्रभावित परिवारों के लिए तमाम संकट खड़े हो जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित से कहा है कि प्रभावित परिवारों के साथ रामपुर प्राधिकरण के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

# पत्नी को निर्वस्त्र कर बेल्ट से पीटा, दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दहेज में 15 लाख और फॉर्च्यूनर कार नहीं मिलने पर पति पर महिला को निर्वस्त्र कर बेल्ट से पीटने का आरोप लगा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइंस के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि 23 वर्ष पहले उसकी शादी सिविल लाइंस के आवास विकास निवासी दिनेश कुमार से हुई थी। शादी में मायके वालों ने काफी खर्चा किया था, लेकिन शादी के कुछ समय के बाद ससुर धर्म सिंह कम दहेज लाने का ताना देने लगे। उसके बाद 15 लाख रुपये नकद और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग करने लगे। जिससे मकान खरीद सके। महिला ने कहा कि 140 गज का मकान भी पिता ने मेरे नाम कर दिया है। उसके बाद महिला के पति ने उसको कमरा बंद करके निर्वस्त्र कर बेल्ट से पीटा और 140 गज का मकान बेटों के नाम पर करवा दिया।

उसके बाद महिला के पति ने बाल काटकर उसके आभूषण लेकर उसको घर से भगा दिया। इस पर पीड़िता घर पहुंच गई। उसने सारा मामला परिजनों को बताया। बाद में कोतवाली थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने ससुर और पति पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लोन देने के नाम पर निजी बैंककर्मी ने महिला के फोन पर अश्लील वीडियो भेजा, गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : लोन दिलाने के नाम पर बंधन बैंक के कर्मचारी ने महिला से अकेले में मिलने की बात कही। इसके बाद महिला के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज दी। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कर्मचारी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि 25 अगस्त को वह बंधन बैंक गई थी जो कि बाबा दीप सिंह नगर में हैं। वहां पर योगेश नाम का युवक काम करता है। उसने कहा कि कागजी कार्रवाई करने के बाद लोन हो जाएगा। उसके बाद बैंक कर्मचारी ने महिला के नंबर पर संपर्क किया। कहा कि लोन लेने के लिए सेवा करनी होगी। जिसके बाद महिला ने दोबारा पूछा तो उसने अकेले मिलना होगा और शारीरिक संबंध बनाने की बात कहने लगा। ये सुनकर महिला के होश उड़ गए। उसने थाने में शिकायत की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा योजना के तहत संवारी जाएंगी जिले में नदियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● पांच साल की योजना के तहत जिले में 5 स्थानों का चयन

अमृत विचार : विकास भवन सभागार में बुधवार को जिला गंगा समिति की बैठक हुई। इसमें वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट एडवाइजर डॉ. अंजना पंत ने जल निगम, ग्रामीण एवं शहरी, कृषि विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सभी नगर पालिका, पंचायत राज, सिंचाई और भू-जल विभाग के लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बिलासपुर, शाहबाद, स्वार, मिलक आदि जगहों पर तालाब का निर्माण कोसी, रामगंगा, बहल्ला, पीलाखार, भाखड़ा आदि नदियों को संवारा जाएगा और विभिन्न कार्य किए जाएंगे। बैठक में बताया कि जिले में 5 वर्ष के लिये जिला गंगा प्लान तैयार किया है। जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना है। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे से कहा कि तय समय में गंगा प्लान तैयार करें ताकि, शासन को भेजा जा सके। कहा कि अगले 5 वर्ष के गंगा प्लान के लिए 5 स्थान चयनित किये गए हैं। बिलासपूर, सवा, टांडा, केमरी के भू-तल को नेशनल लेवल के औसत से कम करना, भू-गर्भ जल पर जन जागरूकता अभियान चलाना तथा प्रतिवर्ष 600 महिलाओं को जागरूक करना, जैविक खाद के प्रयोग में 20 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी करना है। बैठक में परियोजना निदेशक मनरेगा हरीश चंद्र प्रजापति, प्रभारी जिला विकास अधिकारी अमित कुमार, डीएफओ प्रवण जैन, जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति लव कुमार रहे।

## न्यूज डायरी

### बीईओ का तबादला रुकवाने की मांग

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष रहमत अली ने बीएसए को बुधवार को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि कुछ दिनों पहले जिले में कई खंड शिक्षा अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। जिसमें मदनलाल वर्मा को चमरौआ भेजा गया है। ज्ञापन देकर उनका तबादला निरस्त कराने की मांग की है। इस मौके पर अमर पाल यादव, मोहम्मद सलीम मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल की पेयरिंग निरस्त कराने को डीएम से मिले

रामपुर, अमृत विचार : तहसील सदर के गांव लालपुर पट्टी कादर के लोग एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसके बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर पट्टी कादर की पोस्टिंग लालपुर कुंदन में हो गई है। मौजूदा समय में कुंदनपुर में 51 बच्चे है। बीच में नहर आ जाने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है। जिसके चलते पेरिंग निरस्त की जाए। इस मौके पर आदित्य कुमार, चिरंजीलाल, रुपचंद्र, परमानंद, शीला, बाबूराम, ओमप्रकाश, फिरोज मौजूद रहे।



### अधिकारियों ने शिशु सदन का किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा राजकीय बाल गृह, एवं दत्तक ग्रहण इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था में निवासरत बच्चों की देखरेख, सुरक्षा, स्वास्थ्य, साफ-सफाई, खान-पान, चिकित्सा तथा शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं आदि का जायजा लेकर संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिशु सदन के जिम्मेदारों से बच्चों का विशेष ध्यान रखने को कहा।

### भावनाएं आहत करने में रिपोर्ट

टांडा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र टांडा के ग्राम सोनकपुर निवासी मुरशद ने वाट्सएप ग्रुप पर पोस्ट डालकर धार्मिक भावनाएं आहत कीं। पोस्ट में आपत्तिजनक बातें लिखी गईं जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इससे हिंदू समुदाय के लोगों में नाराज़गी फैल गई और विरोध शुरू हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मुरशद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षिका को मिलेगा राज्य पुरस्कार

रामपुर, अमृत विचार : ब्लाक शाहबाद के गांव सोहना में स्थित कंपोजिट विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋचा शर्मा का शाम को जारी हुई शासन से सूची में राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली सूची में शामिल है। ऋचा शर्मा ने बताया कि फरवरी में आवेदन मांगे गए थे। जुलाई में जिला स्तर पर साक्षात्कार हुआ था। उसके बाद लखनऊ में इंटरव्यू हुआ था। अब सम्मानित किया जाएगा।

### भैया नगला का किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ विभागीय अधिकारियों के साथ जनपद के ग्राम भैया नगला स्थित पहुंच मार्ग पर आई बाढ़ के दृष्टिगत जनपद के प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की शीघ्र मरम्मत, पुनर्निर्माण तय किया जाए। साथ ही भविष्य में संभावित बाढ़ के खतरे को दृष्टिगत रखते हुए स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार की जाए। जिससे आवागमन बाधित न हो और नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

### टांडा के दो स्कूलों को नोटिस जारी

रामपुर, अमृत विचार : जिला विद्यालय निरीक्षक ने बुधवार को टांडा क्षेत्र के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हिना पब्लिक जूनियर हाई स्कूल जालपुर टांडा में कक्षा 9 एवं 10 के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत पाए गए। इसके अलावा एसपीएल जूनियर हाई स्कूल टांडा में कक्षा 9 से 10 की कक्षाएं संचालन किए जाने के संबंध में उपस्थित छात्रों द्वारा बताया गया। जिसके संबंध में विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है। दोनों स्कूलों के प्रबंधकों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में यदि अवैध कक्षाओं का संचालन होता पाया गया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### मंडलायुक्त का सेवा विस्तार होने पर हुआ मिष्ठान वितरण

रामपुर, अमृत विचार : ग्राम सींगनखेड़ा में मंडलायुक्त मुरादाबाद आन्जनेय कुमार सिंह का एक वर्ष का सेवा विस्तार होने पर ग्रामीणों ने मिष्ठान वितरण किया। हाजी इलियास ने कहा कि मंडलायुक्त गरीबों के मसीहा हैं और वह गैर सांप्रदायिक हैं। रामपुर से जो भी उनके पास मदद मांगने पहुंचता है वह हर संभव फरियादी की मदद करते हैं। इस मौके पर हाजी इलियास, बब्लू अंसारी, सरफराज अंसारी, इस्लाम मेंबर, करण सिंह, वसीम अंसारी, हनीफ मास्टर, शाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## कमरे का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

सैफनी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के नया ललवारा गांव निवासी युसूफ पुत्र भूरा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार रात वह परिजनों के साथ घर की छत पर सोया था। रात को किसी समय चोर उसके घर की दीवार फांदकर घर में दाखिल हो गए और ताला तोड़कर कमरे में घुस गए। बताया कि 2 बजे जब गृह स्वामी को घर के कमरे में किसी के होने की आहट हुई तो वह आवाज देता हुआ कमरे की तरफ जाने लगा तभी चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। गृह स्वामी ने कमरे में जाकर देखा तो सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जिससे उसे घर में चोरी होने का पता लगा। चोर घर से 19 हजार की नगदी, एक जोड़ी सोने के कंगन व सोने की बाली सहित हजारों रुपए का माल समेट कर चोर ले गए। गृह स्वामी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। गृह स्वामी ने चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# शहर इमाम का अमेरिका में निधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली का बुधवार सुबह अमेरिका के डेलास शहर में ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। वो 95 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर सुनकर शहर में शोक की लहर दौड़ गई। तीन दिन बाद शुक्रवार को उनका जनाजा रामपुर आएगा।



मुफ्ती महबूब अली।

शहर इमाम के बेटे डॉ. जफर अली अंजुम वजीही का बुधवार की सुबह फोन आया कि शहर इमाम का इंतकाल हो गया है। डॉ. शायर उल्लाह खां ने बताया कि शहर इमाम 5 अगस्त को अपने पोते कारी सबीह अंजुम की शादी में शामिल होने अमेरिका गए थे। बुधवार को ब्रेन हेमरेज के चलते निधन हो गया। उन्होंने बताया कि मुफ्ती महबूब अली का जन्म जून 1930 में शहर के मोहल्ला अंगूरी बाग स्थित हाफिज अमजद अली के घर हुआ था। 1959 में खतीब-ए-आजम ने उन्हें जामा मस्जिद का इमाम नियुक्त किया। 1960 में मुफ्ती ए शहर और मुफ्ती फुरकानिया के पदों पर नियुक्त किया था।



शहर इमाम की मगफिरत के लिए दुआ कराते मौलाना। ● अमृत विचार

### सांसद ने जताया शोक

रामपुर, अमृत विचार : सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली की वफात पर शोक जताया है। सांसद ने कहा है मुफ्ती महबूब अली एक इंसान के साथ एक समाज की तरह थे। सांसद के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा भी मौजूद रहे।

### जगह-जगह हुई दुआ और कुरआन ख्वानी

शहर इमाम मुफ्ती महबूब अली निधन पर मौलवी मोहम्मद नासिर खां ने मरहूम की मगफिरत की दुआ कराई। बुधवार को दोपहर 12 बजे मदरसा फुरकानिया में सैकड़ों छात्रों और शिक्षकों ने कुरआन ख्वानी की और कुल शरीफ हुआ। मुफ्ती महबूब अली ने पिछले दिनों मुफ्ती मकसूद अली को मुफ्ती शहर बनाया था।

## खाद्य विभाग की टीम ने लिए आठ नमूने

रामपुर, अमृत विचार : अभिहीत अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में दुकानों से 8 नमूने लिए।

अभियान में दढ़ियाल चौराहा स्थित प्रतिष्ठानों से सॉस और मुरब्बा का 1-1 नमूना लिया। तहसील मिलक के नगली भगवंत स्थित प्रतिष्ठान से टाफी का 1 नमूना लिया। पालिका जोन-2 स्थित प्रतिष्ठानों से कई नमूने लिए। मोबाइल वैन के माध्यम से 17 खाद्य पदार्थ की निःशुल्क जांच की। मोबाइल वैन प्रयोगशाला से बिलासपुर स्थित ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में 300 विद्यार्थियों एवं 20 अध्यापकों को जागरूक किया। बिलासपुर स्थित 30 खाद्य पदार्थ विक्रेताओं एवं उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 8 सर्विलांस नमूने संग्रहित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकांत, धर्मपाल सिंह रहे।

न्यूज ब्रीफ

### विद्यालय में मनाया गया गणेश महोत्सव

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुरुषोत्तम शरण राम मूर्ति सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में गणेश महोत्सव मनाया गया। शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने किया। छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रबंध समिति से अंकुर अग्रवाल, प्रधानाचार्य अंकिता शर्मा, अंकुर अग्रवाल, विक्रांत शर्मा, संजीव सैनी, राजीव सैनी, इशांत सैनी, राहुल प्रजापति सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### सम्राट मिहिर भोज की जयंती मनाई

**रहरा/हसनपुर,अमृत विचार :** हसनपुर के गोकुलधाम कॉलोनी में आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप पोसवाल के आवास पर अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस और सम्राट मिहिर भोज की जयंती मनाई गई। जहां विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कुलदीप पोसवाल ने कहा कि गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज गुर्जर प्रतिहार वंश के सबसे प्रतापी राजा थे। उन्होंने 49 वर्षों तक शासन किया। गुर्जर प्रतिहरों का शासन काल 300 साल तक रहा। राजा गुर्जर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर, अजय पाल कटारिया, विजेंद्र पायला,देव मावी, आदि लोग उपस्थित रहे।

### गाड़ी से मुर्गी दबी,ड्राइवर को पीटकर किया घायल

**बुरावली,अमृत विचार :** बुरावली में बांसका कला निवासी कामरान पुत्र जवाहर अली अपनी पिकअप गाड़ी से खल चोकर बेचने के लिए उझारी जा रहा था। बुरावली के कंजरी भूड़ मोहल्ले पर पहुंचा ही था कि अचानक मुर्गी गाड़ी के टायर के नीचे दब गई जिसकी वजह से मुर्गी मालिक वह अन्य चार लोग पहुंच कर ड्राइवर से मारपीट करने लगे। भीड़ इकट्ठा हो गई। बमुश्किल ड्राइवर को ग्रामीणों ने बचाया और हालत गंभीर देख 108 नंबर डायल कर एंबुलेंस को बुला लिया जिसको हसनपुर सीएससी में रेफर कर दिया।

### भाभी को सरिया मार किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव धौरीया निवासी ओमवती पत्नी स्वर्गीय शिवचरण अपने बच्चों के साथ खेती व मजदूरी करके अपने परिवार का पालन करती है। मंगलवार को उसकी देवर सुरेंद्र के बच्चों के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसको ग्रामीणों द्वारा शांत कर दिया गया था। बुधवार की सुबह वह सामान लेने जा रही थी। सुरेंद्र आया और पीछे से उसके सिर पर सरिया मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता से तहरीर लेकर उपचार के लिए उसे सीएचसी भेज दिया। वहीं पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# धूमधाम से निकाली गईं शोभायात्राएं,गणपति मूर्ति स्थापित कीं

## शोभायात्राओं का जगह-जगह किया गया स्वागत, दिन भर होते रहे भजन-कीर्तन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव सेवा समिति की ओर से श्री गणेश चतुर्थी पर मोहल्ला कायस्थान में गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना की गई। इस मौके विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई जो नगर के विभिन्न बाजारों में पहुंची।

बुधवार को रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का पूजन विधि विधान के साथ पंडित प्रदीप शास्त्री ने कराया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व भाजपा नेता चंद्रपाल खड़गवंशी ने संयुक्त रूप से गणपति की पूजा की। शोभायात्रा मोहल्ला कायस्थान से प्रारंभ होकर मोहल्ला महल, बाजार बजाज,पंसारा बाजार, पुरानी तहसील, इंदिरा चौक, बर्मा मार्केट होते हुए मोहल्ला कायस्थान में पहुंचकर संपन्न हुई। अरविंद शर्मा, संदीप रस्तोगी, सचिन गुप्ता, तरुण अग्रवाल, विक्रांत शर्मा, प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, नितिन सक्सेना, अंकित यादव, अभिषेक, आयुष, आनंद, मोनू, पंकज, दीपक, मुकेश गुप्ता, प्रतिमा अग्रवाल, मीरा सक्सेना, डोली शर्मा, उषा शर्मा, रूबी सक्सेना आदि मौजूद रहे।



रथ खींचते चेयरमैन राजपाल सैनी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व अन्य। ● अमृत विचार

### ढबारसी में धूमधाम से मनाया गया गणेशोत्सव

ढबारसी, अमृत विचार : गणेश चतुर्थी हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा में डीजे की भक्तिमय धुनों व गणेश जी प्रतिमा तथा अन्य देवी देवताओं की झांकियां निकाली गई। ढबारसी के बिजलीघर वाले शिव मंदिर पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने गणेश पूजा अर्चना की तथा शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा बिजलीघर से आरम्भ होकर बस स्टैंड, पुलिस चौकी,शनि बाजार , आदमपुर चौराहा, मौहल्ला होली वाला,मंडी समिति, मौहल्ला महादेव तथा पुराने शिव मंदिर में गणेश प्रतिमा स्थापित कर समाप्त हो गई। शोभायात्रा में नन्दी पर विराजमान शिव, राधा कृष्ण, काली का अखाड़ा, नृत्य करते भालू, भगवान राम लक्ष्मण सीता,शंकर पार्वती व गंगा जी की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में आदित्य त्यागी,प्रमोद त्यागी,अंकुर अग्रवाल, राजीव गोयल,राहुल त्यागी, राजकुमार सिंघल, जितेंद्र शुक्ला, मोंटी त्यागी,ऋतिक सिंघल, सोनू भाटी , सुधांशु सक्सेना,लवी त्यागी आदि मौजूद रहे।



### गणेश महोत्सव पर भजन संध्या आयोजित

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री रामायण संकीर्तन मंडल ने गणेश चतुर्थी पर भजन संध्या की। बुधवार को शहर के बड़ा बाजार स्थित श्री राधा रमन मंदिर मंदि में गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया गया। सुबह 9 बजे भगवान श्री गणेश का पंचामृत से स्नान कराया गया। गणेश चालीसा पढ़ आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री श्यामा श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई। चैनसुख गोले, अतुल पंडित, संदीप रस्तौगी, प्रतुल शर्मा, अमित रस्तौगी, आलोक शर्मा, कमल किशोर, दाऊद दयाल शर्मा, कौशल शर्मा, अमितांश रस्तौगी, उमेश पाठक, विकास व्यास, विजय टंडन, शोभा टंडन, महेंद्र गुप्ता, उमेश शर्मा, संतोष लश्करी, शरद टंडन, कुलदीप वर्मा, अमूल रस्तौगी, ओमप्रकाश कपूर, सानिध्य शर्मा, शिखा शर्मा, कृतिका शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अरविंद रस्तौगी, दीपक टंडन, मनीष गुप्ता, अनिल गौतम, राजवीर यादव, रामवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



### गाजेबाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**गजरौला, अमृत विचार :** श्रीशनि सेना के संयोजन में बुधवार को भगवान गणेश की शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई। बुधवार की सुबह 10 :30 बजे मोहल्ला फाजलपुर स्थित शिव मंदिर से पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने भगवान गणेश की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। थाने के सामने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा बस्ती मार्ग से होते हुए पुराना डाकखाना, ललिता देवी मंदिर से खाद गुर्जर चौराहा,रेलवे स्टेशन रोड होते हुए शनिधाम पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत कोहली, संरक्षक सुरेंद्र स्वामी, महेंद्र स्वामी, आकाश शर्मा, राजीव सैनी, पवन पवांर, जीतू सैनी, ललित भारद्वाज, अमित भारद्वाज, परवीन खड़गवंशी, वंश अग्रवाल, प्रेम कुमार, अतुल कुमार, शिव कुमार सैनी आदि मौजूद रहे। ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को गणेश चतुर्थी पर्व हर्षोल्लास संग मनाया गया। विद्यालय परिसर को फूलों, रंगोलियों और दीपों से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव डा .पराग पंडित ने किया। गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए, बच्चों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोहा। नवीन गर्ग, संध्या अग्रवाल, पंकज, वीरेश, सतेंद्र, अभिषेक, नीरज, गरिमा, मंजू, रंजू, दीपा, ज्योत्सना आदि ने सहयोग किया। विद्यालय की डायरेक्टर डा .पूनम पंडित ने कहा कि गणेश चतुर्थी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह बच्चों में अनुशासन, धैर्य, संस्कार और संस्कृति के मूल्यों के विकास का अवसर है। नोबल पब्लिक स्कूल मेंगणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना व पूजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक राजीव उपाध्याय ने कहा कि यह बच्चों को भक्ति, अनुशासन, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। उपप्रधानाचार्या तोशिमा शर्मा, निदेशक शुभम उपाध्याय, सपना सिंघल, शालिनी सिंह, विनीत कुमार, मोहन गुप्ता, सलोनी, यतेंद्र सिंह राघव, कपिल कुमार, प्रीती शर्मा, प्रियंका, प्रियांशी, रीना, स्वाति, दीपा शर्मा आदि मौजूद रहे।

**श्री गणेश चतुर्थी का उत्सव मनाया : बुरावली।** बुरावली क्षेत्र में एसएलजे पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क हाकमपुर में श्री गणेश चतुर्थी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ माना गया। विद्यालय प्रांगण में भक्तिमय माहौल रहा। विद्यालय के प्रबंधक संजय भाटी ने गणेश चतुर्थी प्रतिमा विधि विधान पूर्वक की छात्राओं ने गणेश वंदना को सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। छोटे बच्चों ने गणेश भगवान की सुंदर वेशभूषा में सभी का मनमोह लिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला द्वारा पुष्प बनाकर गणेश की वंदना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवानी त्याग ने सभी को शुभकामनाएं दी।

## राकिम संगठन की महापंचायत सफल बनाने का किया आह्वान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओं ने बुधवार को क्षेत्र के गांव मझौला, वारसाबाद, लखमिया, हयातपुर, खेड़की भूड़, भारापुर, ढकिया भूड़, सादपुर आदि में किसानों से संपर्क किया। 31 अगस्त को शिव इंटर कालेज में होने वाली स्वाभिमान महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया।

संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उपेंद्र सिंह ने कहा कि महापंचायत ऐतिहासिक होगी। बीते 75 वर्षों में किसान की फसलों के दाम मात्र 19 गुना बढ़े हैं जबकि सरकारी आधिकारी-कर्मचारी, राजनेताओं आदि के वेतन 250 से 300 गुना तक बढ़ चुके हैं। किसान की फसलों के दाम न बढ़ने के कारण किसान कर्ज की दलदल में फंसा है। सरकारी संस्थानों में गन्ने की उत्पादन लागत 330 रुपये प्रति कुंतल आ रही है। सरकार को लागत का डेढ़ गुना कम से कम 500 रुपये प्रति कुंतल घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापंचायत में किसान जाति-धर्म की राजनीति भूलकर केवल किसान बनकर भारी संख्या में एकत्र होंगे। युवा जिला प्रभारी अंकित चौधरी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष लकी गौसल, तहसील अध्यक्ष रमेश यादव, उमेश पाल सिंह, वीर सिंह चौहान, प्रदीप सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** आगामी विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों पर बीएलओ की ओर से भरे जा रहे फार्मो का एसडीएम ने निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने गांव कलाली बूथों पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किये गये कार्यो का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक व युवतियों के फार्म भरवाकर उनके नाम मतदाता सूची में अंकित कराने के निर्देश दिए। वही उपजिलाधिकारी ने ग्राम कलाली बूथ पर बीएलओ का कार्य संतोषजनक पाया तथा सभी कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद मिले।

## किसान ने की खुदकुशी, एसएसआई पर आरोप

संवाददाता रहरा(अमरोहा)

● **थाना कैला देवी के एसएसआई ने किसान को एक मामले में जांच के लिए बुलाया था**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक किसान ने दूसरे जनपद के थाने के एसएसआई का फोन आने के बाद अपने खेत पर जाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की धमकी के बाद किसान ने यह कदम उठाया है।

रहरा के गांव खैलिया पट्टी निवासी 50 वर्षीय किसान छोटेलाल मंगलवार को अपनी ससुराल थाना कैला देवी जनपद संभल के गांव निबोरा में एक तेहरवीं में शरीक होने गया था। वहां किसी बात को लेकर छोटेलाल की उसके चचेरे साले और ग्राम प्रधान सूरज से हाथापाई हो गई। छोटेलाल गांव लौट आया। ग्राम प्रधान सूरज ने छोटेलाल के खिलाफ कैला देवी थाने में तहरीर दी। बुधवार को कैला देवी थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार ने छोटेलाल के बेटे विक्की को फोन किया और छोटे लाल के बारे में पूछा। बेटे ने कहा कि पापा काम करने दिल्ली चले गए। एसएसआई ने फोन नंबर मांगा तो विक्की ने कहा कि उनके पास कोई फोन नंबर नहीं है। बेटे ने आरोप लगाया कि इसके बाद एसएसआई बोले ओ सुन... कल तो यहीं आया था तेरहवीं में। मुकदमा लिखा जा रहा है और वह भी गंभीर धाराओं में। या तो 1 घंटे में अपने पापा को लेकर आ नहीं तो फिर मुकदमा लिखने के बाद फोन करूंगा। दिल्ली या बरेली जहां चाहे भेज देना। विक्की ने पूरी बात अपने पापा छोटेलाल को बताई। इसके बाद छोटेलाल ने अपने खेत पर जाकर आत्महत्या कर ली।

### एसएचओ बोले, जांच के बाद पता लगेगी असलियत

कैला देवी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि तेहरवीं की दावत के दौरान आरोपी छोटेलाल ने कुछ लोगों की आंख में दवाई डाली थी। ये दवा विषैली बताई गई। इस संबंध में आरोपी व उसके ससुराल पक्ष के लोगों में तू तू ,मैं-मै और मारपीट हो गई थी। ग्राम प्रधान द्वारा थाने पर तहरीर दी गई है। एसएसआई ने तहरीर मिलने के बाद जांच के लिए बुलाया होगा।

### एसएसआई बोले, जांच के संबंध में किया था फोन

थाना कैला देवी के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गांव निवोरा में ओमपाल के पिता की तेरहवीं में यह लोग आए थे। छोटेलाल ने शाम को ग्राम प्रधान के चेहरे पर कोई पदार्थ लगा दिया था। इसके बाद उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। ग्राम प्रधान ने थाने आकर तहरीर दी जिसकी जांच के संबंध में फोन किया था ।मेरे ऊपर लगाया गये सभी आरोप निराधार हैं।

संभल जनपद से जुड़ा मामला है। सूचना पर मैं गांव में पहुंचकर शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाकी कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी।

-**अतरवीर सिंह चौहान,** थाना अध्यक्ष रहरा

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के काउंसलिंग कैंप का किया आयोजन

संवाददाता, मंडी धनौरा

● **खंड शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को मिल रहीं सुविधाओं के बारे में बताया**

**अमृत विचार:** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत बुधवार को विकासखंड के गांव वासीपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की काउंसलिंग को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

काउंसलिंग में 53 दिव्यांग छात्राओं के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द ने अभिभावकों को समेकित शिक्षा के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार दिव्यांग छात्राओं को 200 रुपए प्रति माह की दर से 10 माह की 2000 रुपए की धनराशि वजीफा के रूप में देती है। बताया कि गंभीर रूप से दिव्यांग छात्र छात्राओं को विद्यालय तक आने-जाने के लिए उनके अभिभावकों को सहायक भत्ते की धनराशि 600 रुपए प्रति माह की दर से 10 माह का 6000 रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। साथ ही बताया कि सभी विकासखंड में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था जिसमें इस वर्ष 207 बालक बालिकाओं का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया। जिससे इन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द ने अभिभावकों को बताया कि सरकार इन दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा में शामिल कर सामान्य छात्राओं के भांति सभी सहयोग प्रदान कर रही है। इस अवसर पर शिक्षक बाबू खा, नरेश कुमार, विपिन,सईद रजा ,पंकज,मुकेश सर्वेश सहित आदि मौजूद रहे।

## अखिलेश ने योगेन्द्र सिंह खडकवंशी को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, ढबारसी

● **एक्स पर पोस्ट किया श्रद्धांजलि का संदेश**

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हसनपुर विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता योगेन्द्र सिंह खडकवंशी के आकस्मिक निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं एक्स एकाउंट के माध्यम से दी है।

बुधवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ने योगेन्द्र सिंह खडकवंशी के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। गांव कुदेना चक निवासी सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (पिछड़ा वर्ग) योगेंद्र सिंह खड़कवंशी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदनाए प्रकट की। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख़्तर की अनुपस्थिति में उनके पुत्र कामरान कमाल योगेन्द्र सिंह खड़गवंशी के निवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, विधायक व पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के पुत्र कामरान अख्तर, विधानसभा अध्यक्ष केसर परवेज, जाकिर अली, चन्द्रपाल सैनी,खान चंद्र खड़गवंशी, विक्की अब्बास आदि मौजूद रहे।

## युवती की बरामदगी की मांग को लेकर हंगामा

**हसनपुर,अमृत विचार :** गांव बाईखेड़ा निवासी एक युवती दूसरी बिरादरी के युवक के साथ शनिवार को चली गई थी। मंगलवार को युवती द्वारा वीडियो वायरल कर प्रेमी के साथ शादी करने की बात कहते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई थी।

युवती के परिजन ग्रामीणों के साथ बुधवार को कोतवाली पहुंचे और युवती की बरामदगी की मांग को लेकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक चुन्नीलाल से वार्ता की और युवती की बरामदगी की जल्द से जल्द मांग की। पुलिस ने युवती की बरामदगी के आश्वासन पर सभी ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली से गांव को लौट गए। वरिष्ठ उप निरीक्षक चुन्नीलाल ने बताया कि युवती की बरामदगी को लेकर लगातार पुलिस प्रयास कर रही है।

## संकुल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, मंडी धनौरा

● **फाइनल में फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज ने रतन बाबा इंटर कॉलेज को हराया**

● **सब जूनियर फाइनल कंपोजिट विद्यालय ढयोटी ने 21-19 से जीता**

**अमृत विचार:** बुधवार को क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर लोहर्रा स्थित फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज में संकुल संकुल स्तरीय अंडर-19 अंडर 17 एवं अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज, रतन बाबा टिकैत इंटर कॉलेज, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, तुषार पब्लिक इंटर कॉलेज, किसान आदर्श इंटर कॉलेज,सर्वोदय इंटर कॉलेज,देवयानी इंटर कॉलेज, कृष्णा सारस्वत इण्टर कालेज के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग फाइनल में फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज ने रतन बाबा टिकैत इंटर कॉलेज को हराया। जूनियर वर्ग में फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज ने तुषार इंटर कॉलेज को हराया।

सब जूनियर में कंपोजिट विद्यालय ढयोटी ने फतेह सिंह इंटर कॉलेज को 21-19 से हराया। प्रतियोगिता में मैच रेफरी सुनील भाटी, सुमित कुमार, एवं राजकुमार रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य देवव्रत यादव ने सभी स्कूलों के व्यायाम शिक्षकों का स्वागत किया। साथ ही समस्त छात्रों को खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने की बात कहते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। व्यायाम शिक्षक सुमित यादव, व्यायाम शिक्षक विकास गंगवार,अंकित त्यागी, गौरव शर्मा, सतवीर ,आलोक शर्मा,उदयवीर सिंह, अमरजीत,अमित शर्मा,शिवम आदि मौजूद रहे।



प्रतियोगिता के बाद विजयी छात्र। ● अमृत विचार

न्यूज डायरी

### भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद बांटा

**हसनपुर,अमृत विचार :** श्री राम सेवा समिति के द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम घर-घर श्री हनुमान चालीसा का पाठ में आरती के अंतर्गत मंगलवार को नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी रोहित अग्रवाल एवं निर्मित अग्रवाल के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमान चालीसा पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर ने बताया कि समिति प्रत्येक सप्ताह किसी भी घर में हनुमान चालीसा का पाठ करती है। रानू रस्तोगी, दिनेश अग्रवाल, प्रतिमा अग्रवाल,प्रियांशी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल,हितांशी अग्रवाल, हर्षिता अग्रवाल, विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल,आकाश अग्रवाल, दामोदर शर्मा,जतिन गुर्जर,मोहित सुशील अग्रवाल, राजीव चौहान, लखपत,सनी,रूप किशोर सैनी,पवन चौहान,पुनीत अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,काव्य चंद्र,बीना शर्मा आदि ने भाग लिया।



### कार्यकारिणी का विस्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री शिव महा मण्डल रामलीला समिति की एक बैठक समिति प्रबंधक एवं रामलीला परिसर समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के आवास पर की गई। जिसमें रामलीला समिति के वर्तमान अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कार्यकारणी का गठन किया ।कार्यकारी अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, प्रबंधक राकेश अग्रवाल,महामंत्री जयपाल सैनी,कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल सैनी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल सर्राफ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गर्ग बर्तन वाले,उपाध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष तरुण अग्रवाल,उपाध्यक्ष वेद प्रकाश यादव,संगठन महामंत्री विक्रम महन्त,सह संगठन महामंत्री अजय पोल,मंत्री पुनीत अग्रवाल टाल वाले, मंत्री राजपाल प्रजापति,मंत्री अंकित अग्रवाल आढ़ती के अलावा अन्य सदस्य चुने गए।

### जमकर हो रहा खनन, धूल से परेशान लोग



ट्राली ।हसनपुर, अमृत विचार : खनन के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात से शुरू होकर सुबह 10 बजे तक अवैध खनन का यह कारोबार बेखौफ होकर चल रहा है ।अवैध खनन के कारण सड़कों पर मिट्टी बिखर रही है, जिससे लोगों के घरों में धूल भर रही है और सांस लेना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोग इस समस्या से बहुत परेशान हैं। खनन अधिकारी मनीष यादवने सिर्फ इतना कहा कि कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइकों की भिड़ंत में 3 लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार की दोपहर नगर के मोहल्ला संभल अड्डा निवासी नौशाद अली पुत्र गफ्फार अली अपनी बाइक से गजरौला से लौट रहे थे। जबकि नगर से कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर निवासी कंछिद पुत्र विशंबर पाल व धर्मवीर पुत्र लल्लू सिंह नगर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों बाइके गजरौला मार्ग पर आगापुर पुलिया के निकट पहुंचे तो दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। यहां कंछिद व धर्मवीर की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस ने दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया है।

### शराबी का किया चालान

**रहरा,अमृत विचार :** गांव रहरा निवासी राजू का कस्बे में पौरारा मोड के नजदीक मकान बन रहा है। बुधवार दोपहर राजू शराब के नशे में हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर पौरारा मोड पर पहुंच गया। पाइप लेकर बीच सड़क पर बैठकर जाम लगाने का प्रयास किया। थाना अध्यक्ष अतरवीर सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी नशे में धुत था। जाम लगना चाहता था। उसका शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

### क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**हसनपुर,अमृत विचार :** नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल के सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा की ओर से आए.प्रियांश आर्य ने स्टैंडर्ड्स क्लब के छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। हेलमेट के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर कक्षा 11 से वैदिक अग्रवाल एवं दृष्टि शर्मा, द्वितीय स्थान पर सानिया इफ्तखार एवं अक्षरा तथा तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से विनय यादव, अल-साराह खान एवं शौर्य त्यागी रहे। मीनाक्षी अग्रवाल , विद्यालय के प्रबंधक राजीव अग्रवाल,प्रधानाचार्य अंकुर काशिव व अन्य उपस्थित रहे।

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 28 अगस्त 2025



## सिटी ब्रीफ

### दो लाख के जेवर, नकदी समेट ले गए चोर

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा में मंगलवार रात चोर एक घर से करीब दो लाख रुपये के जेवर, नकदी ले उड़े। गांव ईसमपुर डांडा निवासी बंटी पत्नी सतीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात में परिवार के सभी लोग सो रहे थे। चोर घर में दाखिल हो गए और अलमारी में रखी सोने की चेन, अंगूठी, दो जोड़ी पाजेब और 11,500 रुपये नकद चोरी कर लिए। पुलिस जांच कर रही है।

### दो घरों से नगदी, जेवर व सामान चोरी

**संभल/ रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई नासिर निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र रामगोपाल 2 साल से दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। उसके घर पर ताला लगा रहता है। मंगलवार की रात करीब 2 बजे चोरों ने ताला तोड़कर संदूक में रखे 5 हजार रुपए, जेवरात, कपड़े, बर्तन आदि सामान चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने पड़ोस में ही देवेंद्र के भाई नेत्रपाल के घर का ताला तोड़कर 6 हजार रुपए, जेवर, कपड़े व बर्तन आदि सामान चोरी कर लिया। पुलिस जांच कर रही है।

### जबरन ईंट ले जाने से रोकने पर भट्ठा मालिक से मारपीट

**रजपुरा, अमृत विचार :** जनपद गौतमबुद्धनगर के सूरजपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी ग्रेटर नोएडा निवासी अशोक कुमार का रजपुरा के गांव मलिकपुर में ईंट भट्ठा है। अशोक का कहना है कि गांव सिंहदलनपुर निवासी चंद्रजीत, राजेश और सुनील भट्ठे से ईंटें भरकर ले जा रहे थे। मना करने पर तीनों लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के अमावती गांव निवासी नरेश बुधवार दोपहर बाइक से ससुराल गौहत जा रहा था। सौंधन पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार उछलकर पिकअप के शीशे में जा घुसा। घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठी हो गई। पुलिस ने घायल को निजी वाहन से अस्पताल भेज दिया। चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

# रथयात्रा में गणपति के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, गूंजे जयकारे

## चंदौसी में गणेश चतुर्थी शोभायात्रा में उमड़े लाखों श्रद्धालु, स्वचालित झांकियां देखकर हुए मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी


रथयात्रा में शामिल भगवान गणपति की झांकी व देखने के लिए उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक मेला गणेश चौथ का मख्य आकर्षण रथयात्रा बुधवार को धूमधाम व भव्य तरीके से निकाली गई। लाखों श्रद्धालु उमड़े। लोग छतों पर खड़े रथयात्रा का आनन्द लेते नजर आये।

बुधवार को रथयात्रा का शुभारंभ प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति व माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने किया। सबसे आगे 4 ऊंट व 12 घोड़े शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहे थे। उसके बाद इस्लाम नगर का ताशा बैंड मनमोहक प्रस्तुति देते हुए चल रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से रथयात्रा मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहा। स्वचलित और जीवंत झाकियों के साथ बाहर व स्थानीय बैंड बाजों व काली का अखाड़ा रथयात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। उसके पीछे चल रहे गुडडे रूप ने अठखेलियां व करतब दिखाकर लोगो को हंसने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद विजय बैंड चन्दौसी ने प्रभु गणेश के भजनों पर मंदिर के आसपास मौजूद लोगो को नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके पीछे राम और जानकी की झांकी चल रही थी जिसकी सुदंरता ने लोगों को आकर्षित कर दिया। इसके बाद ढोल चन्दौसी पर युवा थिरकते नजर आये। उसके बाद अभिनव शुक्ला संभल ने झांकी नृत्य प्रस्तुत किया।

इसके पीछे यशोदा मईया की झांकी चल रही थी। वहीं ढोल मुरादाबादी ने अपनी हुनरबंदी दिखा लोगों का दिल जीत लिया। इसके पीछे खाटू श्याम जी का रथ चल रहा था। महाराष्ट्र बैंड चन्दौसी ने भी शानदार प्रस्तुति दी। अहिल्या बाई होल्कर की झांकी मन मोह रही थी।इसके बाद मेरठ से आये कलाकारों ने ढोल के साथ नृत्य कर लोगों को तालियां बजानें पर मजबूर कर दिया। मत्स्य अवतार कछुआ व पंजे पर नृत्य करते गणेश जी की झांकी ने लोगों को काफी प्रभावित किया। सिन्दूर वाले गणेश जी के चरण छूने के लिये भक्तों की भीड़ रही। पंजाब बैंड प्रभु गणेश का गुणगान करते हुए चल रहा था। हंस पर विराजमान गणेश की झांकी छंटा बिखेर रही थी। वृंदावन से आए कलाकारों ने हरे रामा हरे कृष्णा गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया।उसके पीछे सुन्दर कांड का पाठ करते हनुमान जी की झांकी चल रही थी

### डीएम व एसपी ने की आरती

शाम 7 बजे जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने मुख्य रथ पर विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमा के आरती की। जिसके बाद मुबंई के सीप से सजी गणेश भगवान की प्रतिमा को रवाना किया गया। रथयात्रा में महिसासुर मर्दिनी की झांकी, शंकर जी की झांकी, बड़े हनुमान जी की झांकी, महाकाल की पालकी, गणेश जी की झांकी, संतोशी माता का रथ, डा. गिर्रराज किशोर गुप्ता की झांकी भी आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान मेला सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रुपी, मनोज गुप्ता मीनू, डा. राजीव गुप्ता, विनय सरार्फ, एड. लोकेन्द्र शर्मा, प्रजीत लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश ब्रेड, प्रभात कृष्णा, अरविन्द गुप्ता एमडीएच, प्रफुल कुमार, शुभम अग्रवाल, आदि रहे।


भगवान शिव की झांकी।


महारानी अहिल्याबाई होल्कर की झांकी।


गणेश रथयात्रा में नृत्य करतीं कलाकार। ● अमृत विचार

# कल्कि नगरी में घरों और मंदिरों में विराजे गणपति


प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित गणपति की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार:** संभल में गणेश चतुर्थी के मौके पर जहां घरों में गणपति विराजे वहीं दो दर्जन से ज्यादा प्रमुख मंदिरों में भी गणपति की स्थापना की गई।

बुधवार को मोहल्ला कोट पूर्वी कोटेश्वर नाथ महादेव मंदिर में गणपति प्रतिमा स्थापित करने से पहले शोभायात्रा निकाली गई। हल्लू सराय और बरेली सराय में भी शोभायात्राएं निकालने के बाद गणपति को मंदिरों में विराजमान किया गया। कोट पूर्वी सेठों गली में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। मोहल्ला ठेर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दो दिन पहले साईं बाबा की प्रतिमा हटाई गई थी वहां गणपति को विराजमान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कमलकांत तिवारी व विजयकांत तिवारी आदि मौजूद रहे। इसी तरह घरों में भी विधि विधान के साथ गणपति प्रतिमा स्थापित कर शाम को गणपति की आरती की गई।

# गणेश चतुर्थी की धूम, उत्साह से निकालीं शोभायात्राएं

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई।

नगर में गणेश चतुर्थी पर माता मंदिर, मां मंदिर, श्री भगवंतपुर देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर से श्री गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। गोलागंज, ब्रह्म बाजार, नारायण टोला, सर्राफा बाजार, नया बाजार, पुराना बाजार विभिन्न मार्गों पर होते हुए शोभायात्रा अपने-अपने गंतव्य पर संपन्न हुई। जहां विधि विधान से मंदिरों में भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान किया गया। विकास वार्ष्णेय, उमंग वार्ष्णेय, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, मुकेश वार्ष्णेय, राजीव कुमार, सहित आदि व्यवस्था बनाए हुए थे।

सौंधन में शोभायात्रा गणेश मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला चौक, सदर बाजार होते हुए बरसाना मोहल्ला होते हुए मंदिर पर जाकर संपन्न की गई। गणेश मंदिर पर पहले से रामचरितमानस का पाठ चल रहा था। गणेश चतुर्थी पर पाठ का समापन हो गया। शोभायात्रा के दौरान मक्खन यादव, विजय बंसल, प्रेम सिंह यादव, ऋषि पाल सिंह, गिरधारी यादव बिट्टू सिंघल आदि उपस्थित रहे।

बबराला में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार शाम को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास से गणेश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन मार्ग से होती हुई सर्राफा बाजार पुराने रामलीला मैदान पहुंच कर समापन हुई। शोभित भारद्वाज, रवि वार्ष्णेय, अरविंद सगुन, कौशल रस्तोगी, राकेश गुप्ता, अमन वार्ष्णेय, आकाश वर्मा, सोनू रस्तोगी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

● **गणेश महोत्सव को लेकर सौंधन, बबराला में श्रद्धा में डूबे भक्त**


बहजोई में गणपति की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार


सौंधन में शोभायात्रा में गणपति की प्रतिमा के साथ ग्रामीण। ● अमृत विचार


बबराला में गणपति शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# छज्जे के मलबे में दबकर एक की मौत, दो भाई घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल


मृतक सज्जाद।

**अमृत विचार:** निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से मलबे तले दबकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके दो भाई घायल हो गये।

थाना नखासा क्षेत्र अन्तर्गत दीपा सराय ठंडी कोठी इलाके में शहजाद व उसके भाई मकान का निर्माण करा रहे थे। 15 दिन पहले ही मकान के छज्जे का निर्माण कराया था। बुधवार को सुबह 10 बजे अचानक छज्जा गिर पड़ा तो नीचे खड़े 27 वर्षीय मौहम्मद सज्जाद के साथ ही उसके भाई मौ. शहजाद व फैज के ऊपर मलबा गिरा। शहजाद व फैज को किसी तरह लोगों ने मलबे से बाहर निकाल लिया जबकि सज्जाद को मलबे से बाहर निकालने में 15 मिनट से ज्यादा का समय लग गया। खुली चोट आने से तब तक सज्जाद का खून बहता रहा। जब तक सज्जाद को बाहर निकाला गया उसकी मौत हो चुकी थी। सज्जाद होटल पर काम करता था। वह छह भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। घायल हुए शहजाद ने घटना के बारे में बताया कि 15 दिन पहले छज्जा डलवाया डाला गया था। आज वह उसके नीचे खड़े थे तभी अचानक छज्जा गिर पड़ा।

# जुनावई में बिजली कर्मियों के साथ अभद्रता, मारपीट

**संभल / बबराला, अमृत विचार :** बिजली चेकिंग के दौरान उपभोक्ता ने विद्युत कर्मियों पर हमला कर दिया। तहरीर दी गई है।

अधिशासी अभियंता अजय शुक्ला ने बताया कि टीम राजस्व वसूली और बिजली चोरी रोकथाम अभियान के तहत जुनावई कस्बे में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हरिओम के परिसर पर छापा मारा। आरोप है कि कनेक्शन काटने का प्रयास किया तो हरिओम भड़क उठा और गाली गलौज के बाद कर्मचारियों के साथ मारपीट की। अधिशासी अभियंता ने बताया कि आरोपी पहले भी बिजली चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है। इस घटना से न केवल सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई बल्कि राजस्व वसूली पर भी असर पड़ा।

# प्रभारी मंत्री ने किया पीएम श्री विद्यालय इटायला का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **बच्चों से सवालों के दिए तपाक से जवाब, व्यवस्थाएं देख खुश हुए**

**अमृत विचार:** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग धर्मवीर प्रजापति ने विकासखंड असमोली अन्तर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी पहुंचे। शैक्षिक गुणवत्ता देखने के साथ ही कक्षाओं में बच्चों से गणित विषय के अन्तर्गत 9 एवं 18 के पहाड़े पूछे तो बच्चों ने तपाक से उत्तर दिए।

प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने स्मार्ट क्लास का भी अवलोकन कर पढाई की गुणवत्ता की सराहना की। प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों एवं अन्य बच्चों के अभिभावकों के साथ वार्ता की गयी। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने पीएम श्री विद्यालयों के 120 बिंदुओं पर क्या-क्या कार्य किए गए हैं उसके विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि बच्चे मिट्टी की तरह होते हैं अध्यापक एवं अभिभावक उन्हें जिस रूप में ढालना चाहें उस रूप में बच्चे विकसित होते हैं। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, जिला कमांडेंट होमगार्ड ज्ञान प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, विकासखंड अधिकारी असमोली डॉ. आदेश कुमार एवं प्रधानाध्यापक कपिल मलिक आदि मौजूद रहे।

# 16 मुख्य सेविकाओं को दिए गए नियुक्ति पत्र

संवाददाता, बहजोई



मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र देते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, राज्य मंत्री गुलाब देवी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश में 2425 मुख्य सेविकाओं का चयन हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरित किये वहीं जनपद में 16 मुख्य सेविकाओं को प्रभारी मंत्री व माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री ने नियुक्ति पत्र दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बेटियां त्याग की सबसे बड़ी मूर्ति होती हैं। वहीं राज्य मंत्री ने मुख्य सेविकाओं की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताया।

कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, डीएम राजेंद्र पैंसिया सहित अन्य अधिकारियों ने लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सजीव प्रसारण देखा। प्रभारी मंत्री व माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री ने 16 मुख्य सेवकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जिन्हें पाकर उनके चेहरे खिल उठे।

प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि उन्हें ड्यूटी के साथ-साथ समाज सेवा का भी अवसर प्राप्त हुआ है। डीएम से कहा कि नव चयनित मुख्य सेवाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ऐसी पुस्तक दी जाए जिसके माध्यम से गर्भस्थ शिशु कुपोषित न हो इस प्रकार की जानकारी उस पुस्तक में हो। कहा कि बेटियां हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है। बेटियां त्याग की सबसे बड़ी मूर्ति होती हैं। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि यह सुशासन का परिणाम है कि प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकाओं के चयन से आईसीडीएस के अंतर्गत जो गैप था उसको भरने का कार्य मुख्यमंत्री ने किया है। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, डीपीओ महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

● **कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित, प्रभारी मंत्री बोले- बेटियां हमारे जीवन में महत्वपूर्ण**

● **मुख्य सेविकाओं को ड्यूटी के साथ समाज सेवा का भी अवसर मिला : गुलाब देवी**

# खिरनी बिजली घर में आग से बाधित हुई बिजली आपूर्ति

**संभल, अमृत विचार:** खिरनी विद्युत उप केंद्र के उपकरणों में आग लग जाने से हड़कंप मच गया। इनकमिंग मशीन खराब हो गई। कई घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही।

बुधवार की सुबह अचानक 33 हजार वोल्टेज बिजली लाइन में खराबी होने से ब्रेकडाउन हो गया। उसके बाद जैसे ही बिजली आपूर्ति शुरु हुई तो अचानक बिजली घर में लगी इनकमिंग आपूर्ति मशीन में लग गई। ड्यूटी पर तैनात एसएसओ भानु सिंह ने आनन-फानन में बमुश्किल आग पर काबू पाया। इनकमिंग मशीन में खराबी से आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों को खराबी ठीक करने में लगा दिया। फिर भी बिजली व्यवस्था को सही करने में कई घंटे लग गए। जेई लखपत सिंह ने बताया कि बिजली आपूर्ति जल्द संचालित करने के लिए दूसरे बिजली घर से उपकरण लाने के लिए भेज दिया गया है।

## न्यूज डायरी

### विद्याकुंज में मना गणेश उत्सव

**बबराला, अमृत विचार :** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बच्चों ने मिट्टी और रंगों से गणेश जी की 11 सुंदर प्रतिमाएं बनाईं। प्रतिमाओं की स्थापना कर विधिविधान से पूजन स्कूल प्रबंधक कार्तिक गोयल ने किया। मंजू गोयल, गार्गी गोयल, पूजा गोयल, गर्वित गोयल, सात्विक गोयल, सजल अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुशील शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। रोटरी क्लब बबराला गंगा के अतुल गोयल, कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव, अनिल गुप्ता भी मौजूद रहे।


गणपति की प्रतिमाएं लेकर चलतीं अध्यापिकाएं।


उद्घाटन के मौके पर डीएम व एसपी और सीओ असमोली।

### बाबूखेड़ा में पुलिस चौकी का उद्घाटन

**मनोटा, अमृत विचार :** थाना ऐंचौड़ा कंबोह क्षेत्र के गांव बाबू खेड़ा में नई पुलिस चौकी का निर्माण हुआ है। बुधवार को विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फीता वहां पर उपस्थित लगभग 9 वर्षीय बच्ची युवान उप्पल से कटवाया। इसके बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शिलापट का पर्दा हटाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर असमोली सीओ कुलदीप सिंह, थाना ऐंचौड़ा कंबोह प्रभारी संजीव बालियान, चौकी प्रभारी मनोज कुमार, भवालपुर चौकी उपेंद्र सिंह मलिक, ग्राम प्रधान मोहम्मद सलीम, लवकुश शर्मा, पूर्व चेयरमैन रणजीत सिंह उर्फ बिट्टू और दुल्हापुर बंद उर्फ दारापुर के ग्राम प्रधान मौजम अली सहित अनेक लोग मौजूद थे।


बहजोई में कोच के साथ चयनित खिलाड़ी।

### मुरादाबाद की जूडो टीम में सात खिलाड़ियों का चयन

**बहजोई, अमृत विचार :** राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय चयन में बहजोई के खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सात खिलाड़ियों ने मुरादाबाद की टीम में अपनी जगह बनाई। सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद में अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय गिरी व सचिव सुहैल अहमद द्वारा मंडल स्तरीय ट्रायल चयन किया गया। कोच एकांश गुप्ता ने बताया कि बालक वर्ग में वंश सागर एवं दीपक राणा चयनित हुए। वहीं बालिका वर्ग में लवी, ऋद्धि जैन, चंचल, डोली एवं पायल यादव का चयन हुआ। सहारनपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं।


मंगलपुरा में गणपति शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

### सरायतरीन में निकली शोभायात्रा

**संभल, अमृत विचार :** सरायतरीन के मौहल्ला मंगलपुरा में गणपति बप्पा मोरया की ध्वनि के साथ विराजमान हुए। गणेश महोत्सव में नवल किशोर, बृज किशोर, विशाल शर्मा, मोहित शर्मा, इशू शर्मा, रोहित राजा, शिवा, मुकेश शर्मा, कौशल, विकास, सतीश, अंकुर, नीरज के अतिरिक्त नारी शक्ति अर्पणा, कुंती, मंजू, विमला देवी, हेमलता शर्मा, अंशु, इच्छा, पीहू, श्री रानी दीपा, ज्योति, निक्की आदि ने विधि विधान से पूजा कर स्थापित किया। इससे पहले गणपति प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई तो जमकर जयकारे गूंजे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### सेवा पखवाड़ा मनाएगी भाजपा, लगाएगी शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी। वे बुधवार को गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नर सेवा-नारायण सेवा के संकल्प के साथ रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता कार्यक्रमों सहित विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम गांव, गली, मोहल्लों, शहरों, कस्बों, पगडंडियों तक पहुंचेगी। उन्होंने पंचायत चुनाव व 2027 विधानसभा चुनाव में पूर्व तैयारी-पूर्ण तैयारी की नीति के साथ बूथ समिति तथा मजबूत बूथ व्यूह रचना की रणनीति पर चर्चा की।

### डिस्कॉम को भुगतान के खिलाफ याचिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारी घाटे में चल रहे उप्र. पावर कॉरपोरेशन व सहायक वितरण निगमों ने आल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन को एक करोड़ 30 लाख 80 हजार रुपये का भुगतान किया है। एसोसिएशन के सदस्य के तौर पर यह भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसके विरोध में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की और प्रकरण की जांच की मांग की। दूसरी ओर, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सख्त आपत्ति करते हुए मुख्यमंत्री से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल आलोक कुमार का कहना है कि एसोसिएशन का उद्देश्य ऊर्जा क्षेत्र के अच्छे कार्यों को साझा करना है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की उपस्थिति में यह संगठन लांच हुआ था। इसमें सरकारी बिजली कंपनियां स्वेच्छा से सदस्य बनी हैं।

### लखनऊ कौशल महोत्सव अगले माह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के सहयोग से 17 व 18 सितंबर को लखनऊ कौशल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी के लिए कौशल विकास मिशन मुख्यालय में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह की अध्यक्षता में बुधवारको उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में गठित चार सदस्यीय टीम ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और महोत्सव को सफल बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की। इस दौरान प्रतिभागियों की सुविधा, प्रशिक्षण साझेदारों की भागीदारी, उद्योगों के साथ समन्वय तथा युवाओं तक अधिकतम सूचना पहुंचाने के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

### कार्यशाला में दिया जा रहा प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मिर्जापुर में बच्चों के लिए आयोजित कार्यशाला में 50 से अधिक स्कूली बच्चों, 15 से ज्यादा स्वयंसेवकों, शिक्षकों, धरोहर-प्रेमियों और वेलनेस विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने मिट्टी, ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) कालीन अपशिष्ट और चुनार संगमरमर पाउडर से गणेश प्रतिमाएं तैयार की है। पर्यटन मंत्री ने बुधवार को बताया कि कार्यक्रम में प्रतिमा निर्माण के साथ संरक्षण, पुनर्स्थापन और धरोहर से जुड़ी जागरूकता संबंधी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में बहराइच के कारिकोट गांव को पर्यटन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है।

# अब सीएचसी की निगरानी भी होगी स्वास्थ्य भवन से

## महानिदेशालय में स्थापित होगा पृथक हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवैल्यूएशन केंद्र होप-2

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों की होगी 24 घंटे निगरानी

**अमृत विचार :** मंडलीय व जिला अस्पतालों की तरह ग्रामीण क्षेत्र स्थित 972 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की भी निगरानी 24 घंटे लगातार स्वास्थ्य विभाग से होगी। इसके लिए इमरजेंसी से लेकर इंडोर तक 9 से 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जो स्वास्थ्य महानिदेशालय में हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवैल्यूएशन केंद्र (होप-2) से जुड़े होंगे, यहां पर तैनात टीम अस्पताल में मरीज को मिलने वाली हर सुविधा का ध्यान रखेगी, लापरवाही बरतने पर संबन्धित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति कर सकेगी। इस व्यवस्था को स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह 'सुमन' ने बताया कि चतुर्थ तल पर होप स्थापित है। अभी तक इससे प्रदेश के 99 महिला व पुरुष जिला अस्पतालों को डिजिटल तरीके से जोड़ दिया गया है। इनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी शामिल किया जा रहा है। इसके लिए कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य स्टाफ तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी में बैठकर देखा जा सकेगा कि सीएचसी की इमरजेंसी या ओपीडी में डॉक्टर कक्ष में मौजूद हैं या नहीं। काउंटर के ऊपर लगा कैमरा बताएगा कि मरीजों को दवाएं मिल रहीं हैं या नहीं, हर समस्या की निगरानी की जाएगी। विभाग में रोजाना रिपोर्ट तैयार होगी। गड़बड़ी दिखने पर संबन्धित अस्पताल प्रशासन से तत्काल जवाब तलब किया जाएगा और शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए जाएंगे।

### क्या है होप

हर जिला अस्पताल में 16-16 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। ये कैमरे, रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी और इमरजेंसी समेत विभिन्न संवेदनशील स्थानों में लगे होंगे। पार्किंग और अस्पताल के मुख्य गेट और बाहर सड़क पर भी कैमरा लगाया जाएगा। हर उस स्थान पर कैमरा लगाया गया है जहां-जहां मरीज के लिए दिक्कत आ सकती है, ताकि हर स्तर पर मॉनिटरिंग की जा सके। इन सभी कैमरों को होप टू सिस्टम से जोड़ दिया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य भवन में दर्जनों कम्प्यूटर युक्त होप दो सिस्टम तैयार किया गया है। एक बड़ी स्क्रीन पर अस्पतालों में लगे कैमरों द्वारा भेजी जा रही लाइव पोजिशन चलेगी।

> सीएचसी की दिक्कतें अभी तक जिला स्तर पर सुलझानी पड़ती हैं। अब इस इंटीग्रेटेड कंट्रोल सिस्टम द्वारा लखनऊ से ही पूरे प्रदेश की सीएचसी की निगरानी हो सकेगी। हर शिकायत का तत्काल समाधान किया जा सकेगा। अगर कोई शिकायत मिलती है तो संबन्धित अस्पताल में संबन्धित पुरानी फुटेज देखकर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसके शुरू होने के बाद, मंडलीय व जिला अस्पतालों की तरह सीएचसी के मरीजों को व्यावहारिक सुविधाएं मिलने के साथ ही शिकायतों से छुटकारा मिलेगा।
>
> -डॉ. रतन पाल सिंह 'सुमन', स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

# प्रदेश में मोबाइल वेटनरी यूनिट और कॉल सेंटर बढ़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पशुओं के त्वरित इलाज की सुविधा का होगा विस्तार

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रदेश में मोबाइल वेटरिनरी यूनिटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। साथ ही काल सेंटर भी बढ़ाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने बुधवार को सभी जिलाधिकारियों और पशुपालन विभाग के निदेशक को पत्र भेजा है।

पशुपालन विभाग के उप सचिव रवीन्द्र प्रताप सिंह ने आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रदेश में पांच करोड़ 20 लाख 37 हजार पशु हैं, प्रति एक लाख पशुओं पर एक यूनिट के आधार पर प्रदेश में 520 मोबाइल वेटरिनरी यूनिट संचालित हो रही हैं। इन यूनिटों को संचालित करने के लिए पांच काल सेंटर हैं, जिनमें एक साथ छह काल और एक समय में 30 कॉलें स्वीकार की जा रही हैं। ये काल सेंटर मेरठ, आगरा, लखनऊ, वाराणसी एवं प्रयागराज में स्थापित हैं। हर काल सेंटर पर दो पशु चिकित्सक कार्यरत हैं, फ्री टोल फ्री नंबर 1962 के जरिए जरूरतमंद पशु तक पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि काल सेंटर पर टेलीमेडिसिन की सुविधा प्रदान की जाती है और जरूरतमंद के पास मोबाइल यूनिट भेजी जाती है।

# प्रभारी मंत्री तत्काल संभालें बाढ़ राहत कार्यों की कमान

## मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, कहा-पीड़ितों का रखा जा रहा ध्यान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- करीब ढाई लाख लोगों को दी गई सहायता, प्रदेश के 17 जिले बाढ़ की चपेट में
- 548 नाव और मोटरबोट्स की सहायता से पहुंचाई जा रही राहत सामग्री

**अमृत विचार :** लगातार मूसलाधार बारिश के कारण प्रदेश के 17 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में तत्काल राहत और बचाव कार्य की कमान संभालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से भी बढ़-चढ़कर इस कार्य में भाग लेने और प्रभावित लोगों की हर जरूरत का ध्यान रखने को कहा।

योगी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति बाढ़ की समस्या से परेशान न हो, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए और मवेशियों के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किये जाएं।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी के अनुसार प्रदेश की 37 तहसीलों के 688 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनमें 2,45,980 लोग और 30,030 मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ से कुल 27061 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। राहत कार्य में 548 नाव और मोटरबोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। बुधवार को 1,904 खाद्यान्न पैकेट और 11,350 लंच पैकेट वितरित किये गए।

**प्रदेश के ये जिले हैं बाढ़ प्रभावित :** बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, कानपुर नगर, हरदोई, फर्रुखाबाद, गोंडा, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फनगर, शाहजहांपुर, उन्नाव, प्रयागराज और वाराणसी।

### 996 बाढ़ चौकियों की स्थापना

कुल 284 बाढ़ शरणालय सक्रिय हैं, जहां 4,440 लोग अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं और 626 मेडिकल टीमों द्वारा उनका मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। सरकार ने जलजनित बीमारियों को रोकने के लिए 12,298 क्लोरीन टेबलेट और 4,422 ओआरएस पैकेट वितरित किए हैं। प्रभावित इलाकों में 996 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है, जो लगातार स्थिति पर निगरानी रख रही हैं।

# जहां योजनाएं नहीं पहुंचती थीं, वहां मिल रहे रोजगार

## मुख्यमंत्री ने थारू जनजाति की बेटियों के चयन को बताया निष्पक्षता का उदाहरण



चयनित थारू जनजाति और सुदूर क्षेत्रों के लाभार्थियों के साथ लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चयनित युवाओं ने साझा किए अनुभव, बोले- पारदर्शी प्रक्रिया से मिली नौकरी में रहेंगे ईमानदार

**अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी से आई थारू समुदाय की नंदू राना की चयन मुख्य सेविका के पद पर हुआ है। ऐसे तमाम पिछड़े इलाकों से चयनित लोगों के अनुभव ईमानदार भर्ती प्रक्रिया के जीवंत उदाहरण बन गए। मुख्यमंत्री योगी ने इन बेटियों के चयन को पारदर्शी और निष्पक्षता से जोड़ते हुए कहा कि जहां पहले योजनाएं नहीं पहुंचती थीं, आज वहां रोजगार मिल रहे हैं।

चयनित युवाओं ने लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने अनुभव साझा किए। लखीमपुर खीरी से आई थारू समुदाय की नंदू राना, जो मुख्य सेविका के पद पर चयनित है। उन्होंने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से हूं। अतिपिछड़े क्षेत्र से हूं, जहां मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं। सीमित संसाधनों में पढ़ाई की और आज मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों से निष्पक्ष प्रक्रिया से मुख्य सेविका के पद पर चयन हुआ। इसके अलावा विभिन्न पृष्ठभूमि और क्षेत्रों से आई अन्य लाभार्थियों ने भी योगी सरकार की पारदर्शी भर्ती की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमें हक मिला और हम ईमानदारी से कर्तव्य निभाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष रूप से थारू जनजाति और सुदूर क्षेत्रों की बेटियों का चयन इस निष्पक्ष प्रक्रिया का जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री कहा कि आज नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मैंने देखा कि आजमगढ़, अमरोहा, शामली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज जैसे जनपदों के युवाओं को अवसर मिला। वहीं लखीमपुर खीरी और दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से थारू जनजाति की बेटियों का चयन हुआ, जो इस प्रक्रिया की पारदर्शिता को दर्शाता है।

# नमामि गंगे अभियान को दुनिया ने सराहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में बढ़ा भारत का मान

**अमृत विचार :** स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में नदी संरक्षण के लिए 'नमामि गंगे' को दुनिया ने सराहा है। 40 हजार करोड़ से गंगा पुनर्जीवन की ऐतिहासिक पहल से भारत का मान बढ़ा। विशेषज्ञों ने की भावुक अपील की कि शहर अब केवल उपभोक्ता नहीं, नदी बेसिन के सक्रिय संरक्षक बनें।



नदियों के संरक्षण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञ।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल वॉटर इंस्टीट्यूट द्वारा वर्ष 1991 से आयोजित यह प्रतिष्ठित आयोजन अब वैश्विक नीति निर्धारकों, वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए सबसे प्रभावशाली मंच बन चुका है। गंगा के विस्तृत प्रवाह वाले प्रदेश के रूप में उत्तर प्रदेश नमामि गंगे कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र रहा है। वाराणसी में रिवरफ्रंट विकास, कानपुर में सीवेज शोधन संयंत्रों की स्थापना तथा छोटे एवं मझोले नगरों में सामुदायिक भागीदारी आधारित पहलें इस अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही हैं।

इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का केंद्र बिंदु बना "नदी शहरों की पुनर्कल्पनाः जलवायु-संवेदी और बेसिन-केंद्रित शहरी विकास" जिसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान और जर्मन विकास सहयोग ने मिलकर नेतृत्व किया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण की चुनौतियों के बीच, नदी-केंद्रित विकास ही शहरों को टिकाऊ और सुरक्षित बना सकता है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नमामि गंगे मिशन ने भारत में नदियों के पुनरुद्धार के लिए एक ऐतिहासिक नीतिगत बदलाव की नींव रखी है। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत अब तक 40 हजार करोड़ रुपये का भारी निवेश किया जा चुका है, जो गंगा और उसकी सहायक नदियों को उनके प्राचीन रूप में पुनः स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है।

# स्वच्छता की झूठी तस्वीर पेश कर रही सरकार

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले-रोजगार के नाम पर छला जा रहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छता के नाम पर झूठी तस्वीर पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार के नाम पर छला जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एक ओर अव्यवस्था से गरीब अपनी जान गंवा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार झूठे आंकड़ों और चमकदार तस्वीरों से इनाम बटोरने में लगी है। उन्होंने कहा कि राजधानी में जानकीपुरम सेक्टर-7 निवासी राजेश कौशल की मौत डायरिया से हुई, जिसका कारण दूषित सीवरयुक्त पानी था। राजेश कौशल फेरी करके परिवार चलाते थे, उनकी मौत पूरे सिस्टम की पोल खोलती है। दुर्भाग्य यह है कि सरकार मौत का असली कारण छिपा रही है और भाजपा के किसी नेता ने उनके परिजन की सुध तक नहीं ली। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी लखनऊ को देशभर में स्वच्छता रैंकिंग में तीसरा स्थान मिला है और जो रक्षामंत्री का संसदीय क्षेत्र है, वहां लोग गंदगी और बीमारियों से मर रहे हैं। यह सरकार की संवेदनहीनता का सबूत है।



प्रेसवार्ता करते अजय राय।

कांग्रेस नेता ने बेरोजगारी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि युवा निराश हैं और सरकार तथाकथित 'कुंभ रोजगार' जैसे आयोजन कर छलावा कर रही है। वहां बच्चों और युवाओं के सीवी और डिग्रियां कूड़े में पड़ी मिल रही हैं। यह युवाओं के साथ घोर मजाक है।

# सही बिजली बिल न देने पर होगी कार्रवाई : अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** सही बिजली बिल न देने पर बिलिंग एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि हर हाल में बिजली उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल उपलब्ध कराएं।

अध्यक्ष बुधवार को शक्ति भवन में एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने बिलिंग एजेंसियों साईं कंप्यूटर, तेरा सॉफ्ट, वैभव इंफ्रा, फ्लूएंट ग्रिड व इन्वेंटिव सॉफ्टवेयर कंपनियों को नोटिस के माध्यम से कड़ी चेतावनी देने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि गलत और त्रुटि पूर्ण बिल की तमाम शिकायतें आ रही हैं, जो खत्म होनी चाहिए, इसकी पूरी जिम्मेदारी मीटर रीडर की है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों अपने मीटर रीडर के कार्यों की समीक्षा करें, साथ ही तकनीक के जरिये सही बिलिंग की पड़ताल करते रहें।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। इनके पूरी तरह लगने के बाद उपभोक्ताओं की गलत बिल मिलने की शिकायतें समाप्त हो जाएंगी।

# शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर बिजली कर्मियों पर होगी कार्रवाई

- ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** हेल्पलाइन 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर दोषी बिजली कर्मियों पर कार्रवाई होगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अधिकारियों को फर्जी निस्तारण में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री बुधवार को राजधानी स्थित संगम सभागार में ऊर्जा विभाग की बिजली आपूर्ति समेत अन्य शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने निगमों के सभी प्रबंध निदेशकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति व शिकायतों के क्रॉस चेकिंग करते हुए दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। बैठक में सभी वितरण निगम के प्रबंध निदेशक व केस्को के निदेशक ने क्षेत्रवार ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण की वस्तुस्थिति से अवगत कराया।



एके शर्मा

ऊर्जा मंत्री ने विभागीय शिकायतों के निस्तारण की वास्तविक स्थिति पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना समस्याओं का सही समाधान किए हुए उन्हें निस्तारित दिखाना जनता के साथ अन्याय है। ऐसी लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रबंध निदेशक अपने स्तर से निस्तारित होने वाले शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ता से बात करते हुए क्रॉस चेक कराएं।

**तैयारी** | यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण में योगी सरकार का डबल फोकस

# पुरानी योजनाओं की दिखेंगी उपलब्धियां, नई होंगी लांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 में इस बार इस मेगा इवेंट का फोकस न सिर्फ पुरानी योजनाओं और उपलब्धियों पर रहेगा, बल्कि सरकार की ओर से कई नई योजनाओं और नीतियों को भी यहां पर लॉन्च किया जा सकता है। ताकि निवेशकों को आकर्षित करने के साथ ही प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पेश किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान योगी सरकार के विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं और पिछले वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी), उप्र. डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, गंगा एक्सप्रेस-वे, डिजिटल निवेश पोर्टल और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक निवेशकों और आगंतुकों को दिखाई जाएगी। वहीं, पूरी संभावना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के मंच से सरकार नई उद्योग प्रोत्साहन योजनाएं, एमएसएमई वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष स्कीम्स को लॉन्च कर सकती है। इसके साथ ही उद्यमियों के लिए इनोवेशन सपोर्ट, महिला उद्यमिता प्रोत्साहन और स्टार्टअप्स के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं के विषय में भी घोषणा हो सकता है।

- प्रदेश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के साथ भविष्य की योजनाओं पर जोर

**कई केंद्रीय मंत्री बनेंगे कार्यक्रम का हिस्सा :** आयोजन की महत्ता बढ़ाने के लिए कई केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिनमें वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, एमएसएमई मंत्री जितन राम मांझी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, अधिकारी एवं अन्य वीआईपी गेस्ट भी इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे।

### विदेशी निवेशकों तक पहुंचेगा संदेश

योगी सरकार ने भारतीय दूतावासों और विदेशी मिशनों से इस आयोजन को प्रमोट करने का अनुरोध किया है। इसके तहत होस्टेड बायर प्रोग्राम की जानकारी संबंधित देशों के प्रमुख खरीदारों, चैंबर्स और ट्रेड बॉडीज तक पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश और देश के अंदर भी व्यापक प्रचार किया जा रहा है। मेट्रो, एयरपोर्ट, बस स्टैंड और टीवी चैनलों के जरिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए यूपी की लोककला और धरोहर का रंगारंग प्रदर्शन भी किए जाने की तैयारी है।

# दो दिनों में हुई 9,297 युवकों की भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोजगार महाकुंभ का दूसरा दिन

**अमृत विचार :** रोजगार महाकुंभ में दो दिनों के भीतर कुल 9,297 युवकों की भर्ती हुई। बुधवार को दूसरे दिन टोकन प्रणाली से कंपनियों ने साक्षात्कार लिए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार को कुल 7,479 लोगों का चयन किया गया है। इनमें से 6,947 का चयन भारत में विभिन्न नौकरियों के लिए और 532 का चयन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित 22 कंपनियों में नौकरियों के लिए किया गया है। मंगलवार को 1,818 और बुधवार को 7,479 यानी कुल 9,297 युवकों की भर्ती हुई। उम्मीद है कि तीसरे और अंतिम दिन तक कुल भर्ती 15 हजार को पार कर जाएगी।



रोजगार महाकुंभ के दौरान कतार में लगे युवा।

### नई परियोजनाओं के अनुरूप प्रशिक्षित होंगे युवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि प्रदेश के युवा नई औद्योगिक परियोजनाओं के अनुरूप प्रशिक्षित होंगे। वह बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ-2025 के दूसरे दिन आयोजित 'इंडस्ट्री नीड्स बनाम स्किल इकोसिस्टम-ब्रिजिंग द गैप' सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को न्यू एज टेक्नोलॉजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



बहुत कम लोगों के स्वभाव में होता है कि वे बिना ईर्ष्या के किसी समृद्ध मित्र का सम्मान करें।
–एशिलस, यूनानी नाटककार



# आपदा के पहाड़ का टूटना

वैष्णो देवी धाम की आपदा अत्यंत दर्दनाक है। मृतकों की संख्या 31 तक पहुंच चुकी है और इसके और बढ़ने की आशंका है। इस भीषण भूस्खलन से पूर्व जम्मू में 24 घंटे के भीतर उतनी वर्षा हुई, जो पिछले 99 वर्षों में सर्वाधिक दर्ज की गई। तराना, ऊझ, तवी और चिना नदियों में आई भयंकर बाढ़ से तबाही का आलम है। यह सर्वविदित है और हर बार दोहराई जाने वाली कहानी भी कि मानसून आते ही विशेषकर मध्य जुलाई से सितंबर तक जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन, बादल फटना और पहाड़ी नदियों में फ्लैश फ्लड जैसी प्राकृतिक आपदाएं आम हो जाती हैं। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन का निष्कर्ष है कि इन घटनाओं की आवृत्ति और उनकी विनाशक क्षमता हर वर्ष बढ़ रही है।

पिछले पखवाड़े भर में ही एक से एक भीषण दुर्घटनाएं घटी हैं, परंतु सामान्यतः केवल वे घटनाएं ही सुर्खियों में आती हैं, जिनमें जान-माल का अत्यधिक नुकसान हो, जैसे- धराली या जम्मू की हफ्ते भर पहले घटी विनाशकारी आपदाएं, अन्यथा इनकी सूचना प्रायः समाचार परिदृश्य से बाहर ही रह जाती है। प्रश्न यह उठता है कि क्या भूस्खलन, बादल फटना और फ्लैश फ्लड जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का वश नहीं है? क्या कुदरत के इस कहर के आगे सब बेबस हैं और इसलिए हम साल-दर-साल इन्हें केवल होते हुए देखते रहने और राहत बांटने तक ही सीमित रहते हैं और आगे भी इसी स्थिति में बने रहेंगे?

सच यह है कि विज्ञान और नवीनतम तकनीक के पास कुदरत के ऐसे कहर को पूरी तरह रोकने या उनका बहुत पहले ही अनुमान लगाने, घोषणा करने की शक्ति भले न हो, पर इस ओर संकेत कर इसके नुकसान को न्यून करने और भविष्य सुरक्षित करने के कारगर उपाय अवश्य हैं।

नमी, ताप और वर्षा के समीकरणों का परस्पर संबंध हम पहले ही पहचान चुके हैं। हमारे पास उन्नत मौसम विज्ञान, विज्ञानी, उपग्रह मौजूद हैं। ऐसे में पैटर्न और संवेदनशील इलाकों का विश्लेषण कर उन्हें पहले से चिह्नित करना कठिन नहीं है। यदि आशंकित स्थानों को पहचानकर वहां पहले से सतर्कता बरती जाए और लोगों को सचेत किया जाए, तो आपदा से पूर्व और पश्चात होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सकता है।

बारिश और उसके बाद भूस्खलन को पूरी तरह रोकना निःसंदेह कठिन है, परंतु रडार प्रणाली, सूचना-संचार प्रौद्योगिकी, उपग्रह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेंसर, सेटेलाइट इमेजिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों से इन स्थितियों का आंशिक पूर्वानुमान लगाकर लोगों को सचेत तो कर ही सकते हैं और इसके अनुरूप व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त बनाया जा सकता है, जिससे तबाही कम की जा सके।

हालांकि केवल तकनीक पर्याप्त नहीं होगी, जब तक सरकारें इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठातीं। क्रियान्वयन, चेतावनी प्रणाली को सुदृढ़ करना, राहत तंत्र को प्रभावी बनाना और पहाड़ों पर अनियंत्रित निर्माण और पर्यावरण विनाश पर रोक लगाने की नीति अपनाना अनिवार्य है। यदि सरकारें इस सच्चाई को स्वीकार कर तकनीक को जमीन पर उतारें, तो निःसंदेह यह आपदा-निवारण में एक मजबूत ढाल साबित होगी।

## प्रसंगवश

# जलवायु परिवर्तन में असहाय खड़ा मानव

जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्या है, जिससे पूरी दुनिया प्रभावित है। भारत जैसे देश में इसका असर और भी ज्यादा दिखाई दे रहा है। सरल शब्दों में कहें तो पृथ्वी का मौसम बदल रहा है और मानव असहाय है। पहले मौसम की भविष्यवाणी आसान थी, अब यह अप्रत्याशित हो गई है। अचानक तेज बारिश से बाढ़ आ जाती है, तो कभी सूखा पड़ जाता है। यह सब इंसानी गतिविधियों की वजह से हो रहा है। प्रदूषण और जंगलों की कटाई ने ग्रीन हाउस गैसों को बढ़ा दिया है। इससे पृथ्वी गर्म हो रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्षों में वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। यह 2100 तक तीन डिग्री तक बढ़ सकता है।



सतेंद्र
लेखक

यह एक दम साफ है कि जलवायु परिवर्तन का कारण इंसान है। हम कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन जलाते हैं, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें निकलती हैं। भारत में बिजली बनाने के लिए अभी भी 75 प्रतिशत कोयले पर निर्भरता है, जो प्रदूषण का बड़ा स्रोत है। जंगलों की कटाई भी एक बड़ा कारण है। जंगल कार्बन को सोखते हैं, लेकिन जब हम उन्हें काटते हैं तो ये गैसें और बढ़ जाती हैं। पिछले कुछ सालों में जंगली आग ने और नुकसान पहुंचाया है, जिससे कार्बन सोखने की क्षमता तकरीबन 25 प्रतिशत कम हो गई है। विश्व मौसम संगठन कहता है कि 2024 अब तक का सबसे गर्म साल था और 2025 में यह सिलसिला जारी है।

दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव साफ दिख रहे हैं। भारत में बादल फटने और बाढ़ से सैकड़ों जानें इस साल जा चुकी हैं। यूरोप में गर्मी से हजारों लोगों की मौत हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि गर्मी से 3.6 अरब लोग प्रभावित हो सकते हैं। खाने की सुरक्षा भी खतरे में है, क्योंकि सूखा और बाढ़ फसलों को बर्बाद कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 2025 में संघर्ष, आर्थिक समस्याएं और मौसम की मार से करोड़ों लोग भुखमरी की कगार पर हैं। जैव विविधता भी कम हो रही है। 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। आर्थिक नुकसान भी बढ़ा है। विश्व बैंक कहता है कि 2030 तक वैश्विक जीडीपी में 2.7 ट्रिलियन डॉलर की कमी आ सकती है।

भारत की जीडीपी का एक तिहाई हिस्सा प्रकृति पर निर्भर है और साल 2100 तक 10 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। भारत में जलवायु परिवर्तन का असर सबसे ज्यादा है। 2025 में जनवरी सबसे गर्म महीना रहा। तापमान 1.5 डिग्री ऊपर पहुंचा। दिल्ली में जून में 43 डिग्री, कोलकाता में 39 डिग्री तापमान ने लोगों को परेशान किया। पानी की कमी बड़ी समस्या है। पश्चिम बंगाल में 40 प्रतिशत कुएं सूख गए। असम में 30 प्रतिशत, कोलकाता में भूजल 15 प्रतिशत नीचे गिरा। 54 प्रतिशत भारत जल संकट में है।

इन समस्याओं से निपटने के लिए दुनिया भर में प्रयास हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर 2025 में ब्राजील में सीओपी-30 सम्मेलन होने वाला है, जहां उत्सर्जन कम करने पर बात होगी। भारत ने 2030 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखा है और 2070 तक नेट जीरो का वादा किया है। समाधान के रूप में, जंगलों की रक्षा करें, वर्षा जल संचयन बढ़ाएं, शहरों में हरे क्षेत्र बनाएं। किसानों के लिए गर्मी सहने वाली फसलें विकसित करें। शिक्षा में जलवायु परिवर्तन को शामिल करें। सरकार, लोग और कंपनियां मिलकर काम करें। जलवायु परिवर्तन हमारी जिम्मेदारी है। अगर हम अब नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।

# क्या फूटने वाला है AI का बुलबुला!






डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए यूनिवर्सिटी, मथुरा

जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी जेनएआई आज हर तरफ चर्चा का विषय है। यह तकनीक जीवन और कामकाज के हर पहलू पर दस्तक दे रही है। दफ्तरों में, अखबारों में, स्कूल-कॉलेजों में इसकी बातें हो रही हैं। कोई इसे भविष्य का सबसे बड़ा वरदान मान रहा है तो कोई इसे नौकरी निगलने वाला राक्षस कह रहा है, लेकिन हाल ही में विश्वविख्यात संस्थान मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) की एक रिपोर्ट ने इस शोर-शराबे के पीछे छुपी एक सच्चाई को उजागर किया है। एमआईटी के हालिया विश्लेषण के सार के अनुसार तकनीक को अपनाने की गति तेज है, लेकिन उद्यम-स्तर पर मापन योग्य आर्थिक लाभ फिलहाल सीमित दिखाई देते हैं, कई पायलट प्रोजेक्ट उत्पादन-स्तर तक नहीं पहुंच रहे। लगभग पांच प्रतिशत ही ने वास्तविक राजस्व या ठोस लाभ दिया।

यह तस्वीर जितनी आश्चर्यजनक है, उतनी ही शिक्षाप्रद भी। यह केवल एक तकनीकी असफलता नहीं है, बल्कि नेतृत्व, रणनीति और सामाजिक तैयारी की असफलता का आईना है। कंपनियों ने एआई को एक साधन की तरह नहीं, बल्कि लक्ष्य की तरह देखा। बिना यह समझे कि कौन-सी समस्या हल करनी है, उन्होंने एआई का झंडा उठा लिया।

नतीजा यह हुआ कि पायलट प्रोजेक्ट आकर्षक डेमो तक सीमित रहे और जैसे ही उन्हें वास्तविक कामकाज में उतारा गया, वे बिखर गए। आज चैटजीपीटी, पर्प्लेक्सिटी, जेमिनी, डीपसीक जैसे तमाम साधन हर किसी की जेब तक पहुंच चुके हैं। लोग आवश्यकतानुसार इनका प्रयोग कर अपने छोटे-छोटे काम निपटा रहे हैं। ईमेल लिखना हो, किसी प्रस्ताव का प्रारूप बनाना हो, या भाषण की शुरुआत चाहिए हो, एआई मददगार साबित हो रहा है।

जब वही कंपनी औपचारिक तौर पर इसे अपनाती है, तब मुश्किलें सामने आ जाती हैं। एआई से जब किसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया को संभालने के लिए कहा जाता है तो अकसर यह अस्थिर हो जाता है। एआई की बुद्धिमत्ता उतनी ही है, जितना उसका प्रशिक्षण। अधूरा, पक्षपाती या गलत डेटा किसी भी मॉडल को गुमराह कर देता है। कई बार यह ऐसे तथ्य गढ़ देता है, जो अस्तित्व में ही नहीं होते। इसी कारण हम बार-बार 'एआई हैलुसिनेशन' जैसी स्थिति देखते हैं, एक ऐसी स्थिति जब चैटबॉट आत्मविश्वास से भरा हुआ उत्तर देता है, लेकिन तथ्य पूरी तरह गलत निकलते हैं।

उदाहरण के लिए किसी समाचार घटना को गढ़ देना। किसी रिसर्च के ऐसे रेफ्रंस बना देना, जो अस्तित्व में ही नहीं है। किसी रोग के इलाज के बारे में झूठ बोलना या वित्तीय आंकड़े तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना। ये सब उसी की उपज हैं। मशीन का लहजा इतना सधा हुआ और आत्मविश्वास से भरा होता है कि झूठ भी सच लगने लगता है। आम नागरिक इसे बिना परखे मान लेते हैं और ऐसे मामलों में यह जोखिम केवल हास्यास्पद नहीं बल्कि खतरनाक हो सकता है।

यही कारण है कि साधारण बातचीत या प्रारूप तैयार करने जैसे कामों में एआई उपयोगी है, मगर जटिल, संवेदनशील या दीर्घकालिक कार्यों में लोग अब भी इंसानों को प्राथमिकता देते हैं। रिपोर्ट में साफ दिखा कि जटिल प्रोजेक्ट्स के लिए उपयोगकर्ता अधिकांशतः इंसान को चुनते हैं। यह बताता है कि तकनीक पर भरोसा अभी अधूरा है। इस बीच एक और दिलचस्प प्रवृत्ति सामने आई है, जिसे रिपोर्ट ने 'शैडो एआई' कहा गया है। कर्मचारी निजी स्तर पर एआई का इस्तेमाल तो कर रहे हैं, लेकिन संस्थागत ढांचे में यह दर्ज ही नहीं है। इससे एक ओर तो उपयोगिता का संकेत मिलता है, दूसरी ओर सुरक्षा का संकट खड़ा होता है। मान लीजिए कोई कर्मचारी गोपनीय अनुबंध की कॉपी चैटजीपीटी में डाल देता है और उससे सारांश बनाने को कहता है। तब यह जानकारी उस एआई कंपनी के सर्वर पर चली जाती है, जहां से उसका दुरुपयोग संभव है। संगठनों को इस 'शैडो' उपयोग को रोकने के बजाय औपचारिक ढांचे में लाना चाहिए, ताकि कर्मचारी सुरक्षित ढंग से और नियंत्रित टूल्स से अपने काम आसान बना सकें।

यहां पर एक और भ्रांति का अंत करना जरूरी है। कई लोग मानते हैं कि एआई को अपनाने में सबसे बड़ी बाधा डेटा की गुणवत्ता या कानूनी पेच है, जबकि सच्चाई यह है कि मौजूदा एआई टूल्स की आंतरिक संरचना ही सीखने और स्मृति की क्षमता से वंचित है। यही वजह है कि वे बार-बार एक ही गलती दोहराते हैं। जब तक एआई सिस्टम्स को इस तरह से विकसित नहीं किया जाएगा कि वे अनुभव से सीखें, तब तक वे मानव-स्तरीय भरोसेमंद सहायक नहीं बन पाएंगे, इसीलिए भविष्य का रास्ता 'एजेंटिक एआई' से होकर जाता है, जिसमें स्मृति हो, संदर्भ को पकड़ने की क्षमता हो और समय के साथ सुधरने की प्रवृत्ति हो।

भारत के लिए सवाल और भी बड़े हैं। सरकार ने एआई को शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में लागू करने की महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं, लेकिन हमारे यहां डेटा बिखरा हुआ और अव्यवस्थित है। यदि इसे सुधारे बिना एआई का प्रयोग होगा तो यह उल्टा नुकसान करेगा। भारतीय आईटी कंपनियों के सामने भी यही चुनौती है। वे केवल डेमो तक सीमित न रहें, बल्कि ग्राहकों को वास्तविक, टिकाऊ समाधान दें। अंततः यह साफ है कि एआई का शोर जितना बड़ा है, वास्तविक प्रभाव अभी उतना गहरा नहीं हुआ है।

> एमआईटी की हाल में आई रिपोर्ट ने AI पर बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक AI के 95 फीसदी पायलट प्रोजेक्ट नाकाम साबित हुए हैं।

## आमने सामने



लालू प्रसाद की धरती अपनी आंखों में आग लेकर मेरा स्वागत कर रही है, इसकी मिट्टी पर हर चुराए गए वोट का बोझ है। मैं उस 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुआ, जो लोगों के दर्द को ताकत में बदल देती है।
–एमके स्टालिन
मुख्यमंत्री, तमिलनाडु

मैं मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को चुनौती देता हूं। आपके रिश्तेदार और द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने कहा था कि बिहारी तमिलनाडु में टॉयलेट साफ करते हैं, क्या आप वहां यह बात कह सकते हैं?
–नारायण तिरुपति
तमिलनाडु के भाजपा प्रवक्ता



# उड़ानों का शोर और सुरक्षा की खामोशी



जय प्रकाश पांडेय
मैनेजर, ओएनजीसी देहरादून



भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता शायद यही है कि यह अपने भीतर गहरी विसंगतियों को भी सहजता से आत्मसात कर लेता है। एक ओर हम अंतरिक्ष में उपग्रह भेजने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भागीदारी का दावा करते हैं और दूसरी ओर परिवहन, पर्यटन और संस्कृति की संसदीय स्थायी समिति यह बताती है कि हमारे पास अपने ही आकाश की निगरानी के लिए पर्याप्त लोग नहीं हैं। डीजीसीए में रिक्त पद और एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों की कमी को समिति ने एक गंभीर जोखिम बताया है, लेकिन इस गंभीरता का प्रभाव हमारे सार्वजनिक जीवन पर वैसा ही रहा जैसा अन्य सैकड़ों चेतावनियों का होता है, कुछ सुर्खियां, कुछ राजनीतिक बयान और फिर हर तरफ एक मौन।

यह मौन ही असली व्यंग्य है। देश उस खामोशी में उड़ रहा है, जहां विमानों से ज्यादा शोर है और उन्हें देखने वाले कम। हवाई यातायात की सुरक्षा कोई कविता नहीं है, यह गणित है। हर सेकंड, हर हजार फीट, हर डिग्री का सटीक हिसाब यहां जरूरी है। एक मामूली सी त्रुटि भी सैकड़ों जिंदगियों को संकट में डाल सकती है।

विकसित देशों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को उस अदृश्य संचालक में बदल दिया है, जो आकाश के अराजक शोर को भी अनुशासित संगीत में बदल देता है, लेकिन भारत में यह अनुशासन अपूर्ण और लचर नजर आता है, जहां पांच सौ लोगों की आवश्यकता है, वहां दो सौ ही उपलब्ध हैं। यह वैसा ही है जैसे विशाल मंच पर सैकड़ों वाद्ययंत्र एक साथ बज रहे हों और संचालक के पास केवल आधे संकेत हों। संगीत कब शोर में बदल जाएगा, कोई नहीं जानता।

संसद की समिति ने चेतावनी दी। रिपोर्ट रखी गई। गंभीर स्वर में बयान हुए और फिर सब सामान्य हो गया। यही हमारे लोकतंत्र की विडंबना है, यह अपनी ही चेतावनियों से चौंकता नहीं। रिपोर्टें यहां भविष्य की दुर्घटनाओं की प्रतीक्षा-पत्रिका बन जाती हैं, जब तक कोई हादसा न हो, तब तक किसी चेतावनी को गंभीरता से लेना हमारे स्वभाव में शामिल नहीं है। तकनीक की कमी नहीं है, राडार हैं, उपकरण हैं, नियम भी हैं, लेकिन अनुपस्थित है तो वो है प्रशिक्षित मानव संसाधन और प्राथमिकताएं।

नई एयरलाइंस को अनुमति मिल रही है, नए रूट खुल रहे हैं, टर्मिनल चमक रहे हैं, पर उन रूटों की सुरक्षा देखने वाले लोगों की भर्ती वर्षों से रुकी हुई है। यह वैसा ही है, जैसे किसी शहर में नई सड़कें तो लगातार बनती जाएं, लेकिन ट्रैफिक सिग्नल लगाने वाला विभाग गहरी नींद में सोता रहे। यह रिक्त कंट्रोल टॉवर केवल विमानन की समस्या नहीं है, यह हमारे शासन का प्रतीक है।

चमकदार रनवे और भव्य टर्मिनल दिखाकर हमने आधुनिकता का भ्रम रचा है, लेकिन सबसे मूलभूत आवश्यकता अनुशासन और सुरक्षा को हाशिये पर रखा है। कभी-कभी भारत का विकास मॉडल दिखने में आधुनिक और भीतर से खोखला, ऐसे विरोधाभासों से भरा हुआ नजर आता है।

हमारी परंपरा रही है कि प्रत्येक संकट पहले समिति की रिपोर्ट के रूप में आता है और फिर दुर्घटना के रूप में। रिपोर्टें आंकड़ों का संकलन होती हैं, दुर्घटनाएं आंकड़ों का शोकगीत और दुखद यह है कि दोनों के बीच कोई ठोस कार्रवाई की परंपरा नहीं है।

विमानन सुरक्षा पर संसदीय समिति की चेतावनी को केवल तकनीकी मामला नहीं माना जाना चाहिए, यह देश की शासन-प्रणाली का आईना है। हम चमकते टर्मिनलों और विज्ञापनों से प्रभावित होते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि विमानन का वास्तविक आधार वे अदृश्य लोग हैं, जो कंट्रोल टॉवर में बैठकर हर सेकंड को गिनते हैं। आज उन टॉवरों में कमी है और यही हमारी असली चिंता होनी चाहिए, क्योंकि यदि आकाश में अनुशासन टूटता है तो वह केवल एक दुर्घटना नहीं होगी, बल्कि यह प्रमाण होगा कि हमने आधुनिकता के नाम पर केवल सजावट खरीदी, सुरक्षा नहीं।

जब डीजीसीए में स्वीकृत 1063 पदों में से केवल 553 पर ही लोग हों, जब गिने-चुने नियंत्रक अपनी सीमा से परे काम करने को बाध्य हों और जब समाधान महज 190 नई नियुक्तियों तक सीमित हो, तो संसद की समिति का 'अस्तित्वगत संकट' कहना किसी उपमा का नहीं, एक सख्त हकीकत का बयान है। चमकदार विज्ञापनों और नए रूटों से भले आभास बने, पर अनुशासन का सच उन रिक्त कुर्सियों में दर्ज है।

> परिवहन, पर्यटन और संस्कृति की संसदीय स्थायी समिति ने डीजीसीए में रिक्त पद और एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों की कमी को गंभीर जोखिम बताया है।

## सोशल फोरम

# गरीब एस्किमो ने सिखाया चीजें किसी की नहीं होतीं

एक फ्रेंच यात्री ध्रुवीय इलाके में गया। वहां उसने देखा, बहुत गरीब हैं एस्किमो। गरीब से भी गरीब, लेकिन शायद उनसे संपन्न आदमी पाना भी बहुत मुश्किल है। उस फ्रेंच लेखक ने लिखा है कि मैंने उनसे ज्यादा समृद्ध लोग नहीं देखे। फ्रेंच को पता नहीं था कि यहां रिवाज क्या है, यहां का हिसाब क्या है? किसी एस्किमो से उसने कह दिया कि तुम्हारे जूते तो बहुत खूबसूरत है! उसने तत्काल जूते भेंट कर दिए। उसके पास दूसरी जोड़ी नहीं है।



अखिलेश तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

बर्फीली जगह है, नंगे पैर चलना जीवन को जोखम में डालना है, लेकिन यह सवाल नहीं है। दो-चार दिन बाद उसे बड़ी हैरानी हुई कि वह जिससे भी कुछ कह दे कि यह चीज बड़ी अच्छी है, वह तत्काल भेंट कर देता है। तब उसे पता चला कि एस्किमो मानते हैं कि जो चीज किसी को पसंद आ गई है, वह उसकी हो गई।

उसने पूछा कि इसको मानने का कारण क्या है? तो जिस वृद्ध से उसने पूछा, उस वृद्ध ने कहा, इसके दो कारण हैं, एक तो चीजें किसी की नहीं होतीं, वह बस चीजें हैं। दूसरा, यह मानने का कारण है कि जिसके पास है, उसके लिए तो अब व्यर्थ हो गई है। जिसके पास नहीं है, वह सम्मोहित हो रहा है। अगर उसे न मिले तो उसका सम्मोहन लंबा हो जाएगा, उसे तत्काल दे देना जरूरी है, ताकि उसका सम्मोहन टूट जाए। तीसरा कारण यह है कि जिस चीज के हम मालिक हैं, उसकी मालकियत का मौका ही तभी आता है, जब हम किसी को देते हैं। नहीं तो कोई मौका नहीं आता।

चीजों का होना, आपको गृहस्थ नहीं बनाता। चीजों का पकड़ना आपको गृहस्थ बनाता है। ये एस्किमो संन्यासी हैं। साधु हैं, जिसे हम साधु कहते हैं, अगर उसके भीतर हम झांकें तो वहां संग्रह मौजूद रहता है। बना रहता है, तो फिर वह गृहस्थ है। बाहर से आप क्या हैं? यह बहुत मूल्य का नहीं है। भीतर से आप क्या हैं, यही मूल्य का है। भीतर से आप क्या हैं? यह आपके अतिरिक्त कौन जानेगा? कैसे जानेगा?

सदा अपने भीतर पर एक आंख रखनी चाहिए। निरीक्षण की, कि मैं भीतर से क्या हूं! चीज को पकड़ता हूं? चीज मूल्यवान है बहुत? चीज न होगी तो मैं मर जाऊंगा। मिट जाऊंगा। मैं चीजों का एक जोड़ हूं, तो मैं गृहस्थ हूं। फिर भाग कर जंगल में जाने से कुछ भी न होगा। फिर इस गृहस्थ होने की भीतरी व्यवस्था को तोड़ना पड़ेगा। संन्यासी होना एक आंतरिक क्रांति है। यह भीतर घटित हो जाए, तो फिर बाहर वस्तुएं हों या न हों, गौण है।

## सामयिकी

# ग्रामीण उद्योगों की सांसें बचा सकते हैं लोक मेले

राजस्थान सरकार ने हाल ही में 'विकसित राजस्थान 2047' विजन डॉक्यूमेंट को मंजूरी दी है। इसमें राज्य को 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य न केवल बड़े औद्योगिक निवेश और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर निर्भर करेगा, बल्कि ग्रामीण समाज की भागीदारी भी इसमें महत्वपूर्ण है। सरकार गांवों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाने की इच्छुक है। यह सोच दूरदर्शी है। बड़ा सवाल है कि इसे जमीन पर उतारने का व्यावहारिक रास्ता क्या है? अगर सरकार की सोच धरातल पर उतरती है तो गांवों में रोजगार को खूब बढ़ावा मिल सकता है। गांवों की महिलाएं बुनाई, कताई और कढ़ाई में माहिर हैं।



अमरपाल सिंह वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

हजारों परिवार पीढ़ियों से खादी, हस्तशिल्प, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की कलाकृतियां या अन्य घरेलू उद्योग चला रहे हैं, उनकी बिक्री न के बराबर है। गांवों के कुटीर उद्योग केवल रोजगार का साधन नहीं थे, वे हमारी संस्कृति और आत्म निर्भरता की पहचान थे, लेकिन बाजार की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीण कुटीर उद्योग कमजोर पड़ रहे हैं। बड़ी तादाद में लोग गांव छोड़कर शहरों का रुख कर रहे हैं।

प्रश्न उठता है कि इसका समाधान क्या है? इस प्रश्न का उत्तर कहीं न कहीं राजस्थान मेला आयोजक संघ के सचिव जगराम गुर्जर के सुझाव में छिपा है। गुर्जर तीन दशक से लोक मेले आयोजित कर रहे हैं। उनका कहना है कि विभिन्न धार्मिक, पर्यटन महत्व के स्थानों सहित अकेले राजस्थान में ही सौ से अधिक लोक मेले हर साल आयोजित होते हैं और देश भर में इनकी संख्या हजारों में है। इन मेलों में हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं। ऐसे में अगर राज्य के ग्रामीण कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, खादी और ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों को मेलों में मंच दिया जाए तो कारीगरों को खरीदार और पहचान दोनों मिल सकते हैं। गुर्जर का यह सुझाव इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि ग्रामीण उत्पादों की सबसे बड़ी समस्या बाजार का अभाव है। अगर ग्रामीणों को इन लोक मेलों में जोड़ दिया जाए तो उन्हें उत्पाद बेचने के लिए बड़ा अवसर मिल सकता है। स्थानीय से वैश्विक तक का सफर इस जरिए से शुरू किया जा सकता है।

सरकार को गांवों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए चरणबद्ध रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले जरूरी है कि किसी जिले के उत्पाद को उसी जिले में पहचान दिलाई जाए। उसके बाद बड़े मेलों के माध्यम से उसे अन्य जिलों तक पहुंचाया जाए। जब राज्य भर में ब्रांड वैल्यू बने तो उसे राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जाए और अंततः उसी ब्रांड को वैश्विक बाजार में उतारा जाए। यानी वैश्विक पहचान का रास्ता स्थानीय पहचान से होकर ही जाता है।

इस काम में सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। केवल विजन डॉक्यूमेंट में बड़े लक्ष्य लिख देने से कुछ नहीं होता। जिला उद्योग केंद्रों के माध्यम से गांवों के हस्त शिल्पियों, कारीगरों और बुनकरों का सर्वे कराना चाहिए। उनकी सूची बनाकर उन्हें मेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित और सहयोग करना चाहिए। राज्य में लगने वाले मेले महज उत्सव नहीं हैं, वे ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को गति देने का सर्वसुलभ बाजार साबित हो सकते हैं। गांवों के उत्पादों को ग्लोबल बनाने का संकल्प सराहनीय है, लेकिन यह सपना तभी साकार होगा जब सरकार और समाज मिलकर ग्रामीण उद्योगों को स्थानीय से वैश्विक तक की यात्रा तय करने में सहयोग दें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# शोध, नवाचार और विकास की नई उड़ान से बनाई ग्लोबल पहचान

## यूजीसी के शोधगंगा पोर्टल पर देश में दूसरा स्थान

*छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) देश के उन अग्रणी विश्वविद्यालयों में है, जो शोध, नवाचार और बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विश्वविद्यालय छात्रों को पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बना रहा है, और इनोवेशन, रिसर्च तथा सामाजिक जिम्मेदारी का केंद्र बन चुका है। शिक्षा की गुणवत्ता, रिसर्च कार्य और नए कोर्सों ने इसे न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे भारत में पहचान दिलाई है। हाल के वर्षों में विश्वविद्यालय ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इसे भविष्य की ग्लोबल एजुकेशन की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार कर रही हैं।*

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के शोधगंगा पोर्टल पर सीएसजेएमयू ने शानदार प्रदर्शन किया है। देश के 840 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा अपलोड की गई लगभग 6.20 लाख थीसिस में से सीएसजेएमयू ने 10,279 शोध कार्य अपलोड करके देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि सीएसजेएमयू की रिसर्च कैपेसिटी और क्वालिटी का प्रमाण है।




### विश्वविद्यालय में संचालित स्कूल

- अटल बिहारी बाजपेई स्कल ऑफ लीगल स्टडी
- स्कूल्स ऑफ एडवांस एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नलाजी
- स्कूल ऑफ बेसिक साइंस
- स्कूल ऑफ आर्टस, ह्यूमनिटीज एंड सोशल साइंस
- स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफार्मिंग आर्टस
- स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट
- स्कूल ऑफ हेल्थ साइंस
- स्कूल ऑफ होटल मैनेजेंमेंट
- स्कूल ऑफ लैंग्वेज
- स्कूल आफ लाइफ साइंस बायोटेक्नॉलोजी
- स्कूल आफ फार्मास्युटिकल साइंस
- स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन

### इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक पहल

सीएसजेएमयू न केवल शिक्षा और शोध बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर भी जोर दे रहा है। परिसर में आधुनिक स्टेडियम, नया हॉस्टल, जिम और अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ तैयार की गई हैं। विश्वविद्यालय ने 17,500 से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया है।

## इनोवेशन, तकनीक, स्वास्थ्य और भाषा के क्षेत्र में करियर बेस्ड कोर्स

- सीएसजेएमयू ने 2025-26 शैक्षिक सत्र में कई नए और उन्नत पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है। इन पाठ्यक्रमों से छात्रों को अपनी रुचि और करियर के अनुसार नई दिशा मिलेगी। बेसिक विज्ञान विभाग में कुछ नए एमएससी कोर्स जैसे गणित में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान में स्थिरता और शासन, रसायन विज्ञान में सुगंध और स्वाद विज्ञान, और भूगोल में जीआईएस और रिमोट सेंसिंग छात्रों को उन्नत तकनीक और अनुसंधान से जोड़ेंगे। इसके साथ ही, वैदिक गणित जैसे प्रमाणपत्र कोर्स भी उपलब्ध हैं।
- स्वास्थ्य विज्ञान विभाग में ऑपरेशन थिएटर तकनीक, ऑप्टोमेट्री, और चिकित्सा रेडियोलॉजी और इमेजिंग तकनीक जैसे पाठ्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा देंगे। बीएससी और एमए क्लिनिकल मनोविज्ञान भी यहां उपलब्ध है, जो मानसिक स्वास्थ्य में करियर बनाने का मौका देते हैं। भाषा और शिक्षा विभाग में स्पेनिश, मंदारिन, जैन दर्शन, प्राकृत और शिक्षक शिक्षा में एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम और डिजिगोगी जैसे पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।
- विधि विभाग में एलएलएम (1 वर्ष) का पाठ्यक्रम भी उपलब्ध है। इसके अलावा, आईआईटी कानपुर के सहयोग से साइबर सुरक्षा व्यावसायिक कोर्स ऑनलाइन भी उपलब्ध कराया गया है। ये पाठ्यक्रम छात्रों को तकनीकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, और भाषा के क्षेत्र में नए और बेहतर करियर अवसर प्रदान करेंगे।

**44** कोर्स हैं संचालित

**7653** सीटों पर प्रवेश



### पेटेंट और स्टार्टअप इकोसिस्टम

- सीएसजेएमयू ने अब तक 300 से अधिक पेटेंट दर्ज कराए हैं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और शिक्षकों के नवाचार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। कैंपस में तेजी से विकसित हो रहा स्टार्टअप इकोसिस्टम छात्रों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित कर रहा है। आने वाले समय में यह इकोसिस्टम कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में रोजगार और विकास का नया केंद्र बनने की क्षमता रखता है।

### एल्युमनी हैं उत्कृष्टता की धरोहर

- सीएसजेएमयू देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कई प्रमुख व्यक्तित्व का शिल्पकार है। इनमें से एक हैं राम नाथ कोविंद, जो भारत के 14वें राष्ट्रपति बने। उनका सरल जीवन और संघर्षपूर्ण यात्रा विश्वविद्यालय की नीतियों और नेतृत्व के मार्गदर्शन को दर्शाता है। पूर्व प्रधानमंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी भी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। ये विभूतियां न केवल प्रेरणा स्रोत हैं, बल्कि सीएसजेएमयू की गुणवत्ता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक भी हैं।

### उद्योग और रक्षा क्षेत्र से सहयोग

- विश्वविद्यालय ने शोध और तकनीक के क्षेत्र में कई उद्योगों और रक्षा संबंधी संस्थानों के साथ हाथ मिलाया है। हाल ही में त्रिपाठी एयरोटेक के साथ ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक पर काम करने के लिए एमओयू साइन किया गया। इसके अलावा आईआईटी कानपुर के साथ साइबर सुरक्षा कोर्स की शुरुआत विश्वविद्यालय की बड़ी पहल है। यह कदम छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के साथ स्टार्टअप और इनोवेशन की दिशा में प्रेरित करेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और पहचान

- विश्वविद्यालय लगातार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग बढ़ा रहा है। हाल ही में आयोजित ग्लोबल बिज़नेस समिट और अमेरिका की लुइसविल यूनिवर्सिटी के व्याख्यानों ने छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण दिया। विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ रही है और अनेक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू के जरिए शोध व अध्ययन के साथ विश्वविद्यालय रोजगार के नए अवसर बना रहा है।



लेखक
डॉ.विशाल शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर
हेड डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन
सीएसजेएमयू कानपुर

## जॉब अलर्ट



### पंजाब एंड सिंध बैंक में अधिकारी बनने का मौका

- कुल पद 750
- आयु सीमा 20 से 30 वर्ष
- अंतिम तिथि 4 सितंबर

योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री
आवेदन वेबसाइट punjabandsindbank.co.in

### राजस्थान लोक सेवा आयोग में सीनियर टीचर ग्रेड-2

- कुल पद 6500
- अंतिम तिथि 17 सितंबर

योग्यता – हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, उर्दू, पंजाबी, सिंधी और गुजराती विषय में स्नातक तथा बीएड डिग्री
वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in

### बीएसएफ में बनें हेड कांस्टेबल

- कुल पद 1121
- अंतिम तिथि 23 सितंबर

वेबसाइट rectt.bsf.gov.in
योग्यता – हेड कांस्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) -12वीं कक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित विषय में 60% अंक। रेडियो मैकेनिक के लिए 10वीं उत्तीर्ण तथा संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट

### रेलवे में अप्रेंटिस के लिए करें आवेदन

- कुल पद 2865

योग्यता – 10वीं परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण तथा संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट।
आयु सीमा- 15 से 24 वर्ष
अंतिम तिथि – 29 सितंबर
आवेदन – wcr.indianrailways.gov.in

### नेवल डॉकयार्ड में अप्रेंटिस का मौका

आवेदन शुरू- एक सितंबर से
अंतिम तिथि – 21 सितंबर
योग्यता – किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में आईटीआई (एनसीवीटी/एससीवीटी) के साथ 8वीं, 10वीं पास
आयु सीमा – न्यूनतम आयु 14 वर्ष
आवेदन : पोर्टल www.joinindiannavy.gov.in पर

## काम की बात




### गेट के लिए रजिस्ट्रेशन 28 सितंबर तक परीक्षा अगले वर्ष फरवरी में

- आईआईटी गुवाहाटी ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2026 के लिए पंजीकरण तिथि बदल दी है। गेट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन अब 28 अगस्त से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेंगे। विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर रहेगी। उम्मीदवारों को पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा, जिसमें व्यक्तिगत और शैक्षणिक विवरण भरना, दस्तावेज अपलोड करना और आवेदन शुल्क भुगतान शामिल है। परीक्षा 7, 8, 14 और 15 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 2000 रुपये और महिला/एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 1000 रुपये है। गेट-2026 परीक्षा 30 टेस्ट पेपरों वाली कंप्यूटरआधारित परीक्षा होगी।



### एकेटीयू ने बीटेक अंतिम वर्ष छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की

- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट, इंडस्ट्री में काम और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए ऑनलाइन क्लास की सुविधा शुरू की है। बीटेक पाठ्यक्रम के सातवें सेमेस्टर का 50 फीसदी और आठवें सेमेस्टर की पूरी तरह से ऑनलाइन कक्षाएं चलाई जाएंगी। विश्वविद्यालय के इस आदेश के बाद सम्बद्ध 750 इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज में लगभग 2 लाख से अधिक छात्रों को फायदा होगा। नई व्यवस्था में मूक्स (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) के जरिये छात्र अपनी सुविधानुसार कक्षाएं कर सकेंगे। अधिकतम 40 प्रतिशत क्रेडिट के कोर्स मूक्स के जरिये संचालित किए जाएंगे। मूक्स पर ज्यादातर इंडस्ट्री ओरिएंटेड और रोजगार परक कोर्स उपलब्ध हैं। इनके जरिये कोर्स करने पर छात्रों को स्किल्ड बनाने में सहायता होगी।



### जेएनयू से विदेशी भाषाओं में करें बीए आनर्स, बनाएं करियर

- जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू), नई दिल्ली से कई विदेशी भाषाओं में बीए आनर्स की पढ़ाई करके करियर के रास्ते खोले जा सकते हैं। जेएनयू से रशियन, फ्रेंच, जर्मन, मैंदरिन (चीन), जापानी, कोरियन और स्पैनिश भाषा में बीए आनर्स की पढ़ाई करके अनुवादक, कार्पोरेट सेक्टर, टूरिज्म इंडस्ट्री, हॉस्पिटैलिटी, डिप्लोमेसी, मीडिया और इंटरनेशनल रिलेशंस के क्षेत्र में बेहतरीन करियर बनाया जा सकता है। जेएनयू में दाखिला CUET के स्कोर से होता है।




## एसबीआई फेलोशिप: युवाओं के लिए बदलाव का हिस्सा बनने का मौका

एसबीआई फाउंडेशन ने अपने 13 माह के फ्लैगशिप प्रोग्राम एसबीआई यूथ फार इंडिया फेलोशिप-2025 के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। इसकी शुरुआत अक्टूबर 2025 से होगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 सितंबर है। एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फेलोशिप युवाओं को ग्राउंड लेवल पर काम करने का मौका देती है। यह पूरी तरह से फंडेड प्रोग्राम है, जिसमें चुने गए फेलोज रूरल कम्युनिटी के साथ मिलकर 13 प्रतिष्ठित एनजीओ के सहयोग से स्थायी समाधान तैयार करते हैं। इस फेलोशिप का उद्देश्य युवाओं को गांवों के विकास से जोड़ना और उन्हें हेल्थ, एजुकेशन, एनवायरनमेंट और वुमन एंपावरमेंट जैसे क्षेत्रों में वास्तविक अनुभव देना है। यह प्रोग्राम युवाओं को न सिर्फ सामाजिक समस्याओं को समझने का अवसर देता है, बल्कि उन्हें समाधान का हिस्सा भी बनाता है। आवेदक की आयु सीमा 21 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। चयनित फेलोज को 4 अक्टूबर को राजस्थान के किशनगढ़, तिलोनिया में ओरिएंटेशन प्रोग्राम के लिए रिपोर्ट करना होगा।

# इस तरह करें यूपी पीईटी की तैयारी, मिलेगी सफलता

*उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की पीईटी का आयोजन 6 एवं 7 सितंबर को दो पालियों सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तथा अपराह्न 3 से शाम 5 बजे तक प्रदेश में तय केंद्रों पर होगा।*



### परीक्षा का यह होगा सिलेबस

परीक्षा में भारतीय इतिहास, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय संविधान एवं लोक प्रशासन, सामान्य विज्ञान, प्रारंभिक अंकगणित, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, तर्क एवं तर्कशक्ति विषयों से 5-5 नंबर के प्रश्न आएंगे। इसके अलावा सामयिकी, सामान्य जागरूकता, अपठित हिंदी गद्यांश, ग्राफ की व्याख्या एवं विश्लेषण और तालिका की व्याख्या एवं विश्लेषण विषयों से 10-10 प्रश्न पूछे जाएंगे।

- **यह रहेगा परीक्षा का पैटर्न :** यूपी पीईटी में बहुविकल्पीय प्रकार के कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को एक अंक प्रदान किया जाएगा। लेकिन परीक्षा में माइनस मार्किंग भी होगी। प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 1/4 अंक की कटौती की जाएगी। प्रश्न पत्र हल करने के लिए कुल 2 घंटे का समय प्रदान किया जाएगा।
- **तीन वर्ष के लिए अनुमन्य रहेगा स्कोरकार्ड :** इस वर्ष से उत्तर प्रदेश सरकार ने पीईटी स्कोर कार्ड की वैधता बदल दी है। पहले स्कोरकार्ड की वैधता केवल एक वर्ष के लिए रहती थी लेकिन अब इसे तीन वर्ष कर दिया गया है। अब एक बार परीक्षा देने के बाद अभ्यर्थी स्कोरकार्ड के जरिये तीन वर्ष तक भर्ती में भाग ले पाएंगे।

### ग्रुप 'सी' की इन भर्तियों के लिए पीईटी है जरूरी

अभ्यर्थी परीक्षा एक बार पास करने के बाद ग्रुप 'सी' की सभी भर्तियों के लिए आवेदन कर सकेगा। इनमें यूपी एएनएम मंडी परिषद संयुक्त संवर्ग, राजस्व लेखपाल पद, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन, आईटीआई अनुदेशक, सम्मिलित तकनीकी सेवा, वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी, एक्सरे टेक्नीशियन, एग्रीकल्चर असिस्टेंट, राजस्व विभाग में जूनियर असिस्टेंट, अकाउंटेंट एवं ऑडिटर, गन्ना विभाग में सर्वेयर आदि पदों पर भर्ती के लिए पीईटी अनिवार्य है।

### किस विषय के लिए कितने अंक निर्धारित

- भारतीय इतिहास, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय संविधान एवं लोक प्रशासन, सामान्य विज्ञान, प्रारंभिक अंकगणित, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, लॉजिक एंड रीजनिंग

(सभी से 5-5 अंकों के प्रश्न)

- करेंट अफेयर्स- 10 अंक
- जनरल अवेयरनेस- 10 अंक
- अपठित हिन्दी गद्यांश - 10 अंक
- ग्राफ की व्याख्या- 10 अंक
- तालिका की व्याख्या- 10 अंक

## पांच महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की गई रद्द

**नई दिल्ली।** सरकार ने खराब प्रतिक्रिया पर पांचवें दौर की नीलामी में कर्नाटक में दुर्लभ मृदा तत्व ब्लॉक सहित पांच महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द कर दी है। खान मंत्रालय ने कहा कि तीन ब्लॉक गुजरात और छत्तीसगढ़ में दो ग्लौकोनाइट खदानें और कर्नाटक में एक निकेल एवं पीजीई (प्लैटिनम ग्रुप एलिमेंट) ब्लॉक के लिए बोली नहीं मिली। उनकी नीलामी रद्द कर दी गई। वहीं, दो अन्य ब्लॉक महाराष्ट्र और कर्नाटक की बिक्री योग्य बोलीदाताओं की कमी के कारण रद्द कर दी गई।

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 28 अगस्त 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## इंडिगो में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेंगे राकेश

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने कंपनी में अपनी 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 7,027.7 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बनाई है। एक सौदा पत्र में इसकी जानकारी दी गई है। यह हिस्सेदारी बिक्री सौदा बृहस्पतिवार को एनएसई और बीएसई के माध्यम से किया जाएगा। इस बिक्री से मिलने वाली पूरी राशि विक्रेताओं के पास जाएगी। प्रस्तावित बिक्री के तहत 1.21 करोड़ शेयरों की बिक्री 5,808 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम भाव पर की जाएगी, जो मंगलवार के बंद भाव (6,050 रुपये) से लगभग चार प्रतिशत कम है।

## आकाश त्रिपाठी बने सेकी के प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** सरकार ने आकाश त्रिपाठी को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। सेकी ने बुधवार को कहा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1998 बैच के अधिकारी त्रिपाठी को अतिरिक्त सचिव के रैंक एवं वेतन पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आईएएस आकाश त्रिपाठी को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि संतोष सारंगी चेयरमैन बने रहेंगे। सारंगी ने कहा कि त्रिपाठी की नियुक्ति से बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन, संस्थागत समन्वय और हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और हरित ऊर्जा परियोजनाओं जैसी उभरती प्राथमिकताओं के लिए अलग से नेतृत्व मिलेगा।

## पीएफसी और बिजली मंत्रालय में समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पीएफसी ने बिजली मंत्रालय के साथ एक प्रदर्शन मूल्यांकन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एक वार्षिक लक्ष्य रूपरेखा निर्धारित की जाएगी जिसके आधार पर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसकी उपलब्धियों का आकलन किया जाएगा। सभी सीपीएसई (होल्डिंग एवं अनुषंगी दोनों) को समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना है। कंपनी ने कहा कि समझौता ज्ञापन का उद्देश्य मापदंडों पर सीपीएसई के प्रबंधन के प्रदर्शन को मापना है।

# अमेरिकी शुल्क से निर्यात होगा प्रभावित

## भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क बंगाल की अर्थव्यवस्था के लिए साबित हो सकता है बड़ा झटका

**कोलकाता, एजेंसी**



● श्रम आधारित चमड़ा, इंजीनियरिंग और समुद्री क्षेत्रों को त्योहारों से पहले काफी नुकसान होने की आशंका

अमेरिका का भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क प. बंगाल की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। हितधारकों का कहना है कि राज्य के श्रम आधारित चमड़ा, इंजीनियरिंग और समुद्री क्षेत्रों को आगामी त्योहारों से पहले काफी नुकसान होने की आशंका है। रूसी तेल की खरीद के लिए भारतीय उत्पादों पर बढ़ा हुआ शुल्क बुधवार से लागू हो गया, जिससे भारत पर अब कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है।

निर्यातकों ने कहा कि अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न भू-राजनीतिक प्रतिकूल परिस्थितियों से निर्यात और यहां तक कि उत्पादन भी फिलहाल रोक दिया गया है। व्यापार अनुमानों के अनुसार, इस कदम से कम से कम 45,000 करोड़ रुपये के भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा और बंगाल सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में से एक है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के क्षेत्रीय चेयरमैन (पूर्व) और समुद्री सामान के प्रमुख निर्यातक योगेश गुप्ता ने कहा, श्रम-प्रधान उद्योग भारी दबाव में हैं। समुद्री निर्यात की बात करें तो बंगाल के वार्षिक निर्यात के अधिकतम हिस्से पर इसका असर पड़ सकता है। भारत के समुद्री खाद्य सामान के निर्यात में राज्य का योगदान 12% है, जिसमें उत्तर और दक्षिण 24-परगना तथा पूर्व मेदिनीपुर जिले से झींगा किस्मों का प्रभुत्व है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ (पूर्व) के चेयरमैन राजर्षि बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल से अमेरिका को होने वाले वर्तमान 8,000 करोड़ के कुल निर्यात में से, राज्य से कम से कम 5,000-6,000 करोड़ के समुद्री निर्यात पर सीधा असर पड़ रहा है। गुप्ता ने आगाह किया कि प्रसंस्करण इकाइयों में करीब 7,000-10,000 नौकरियां और कृषि स्तर पर इससे भी अधिक खतरे में हैं क्योंकि आंध्र प्रदेश जैसे राज्य अमेरिका से इतर अन्य बाजारों में बंगाल के साथ प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर देंगे।

आंध्र प्रदेश स्थित निर्यातक वर्तमान में अमेरिका पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। चमड़ा उद्योग भी बढ़े हुए शुल्क का खामियाजा भुगत रहा है और अमेरिका इसके सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। भारतीय चमड़ा उत्पाद संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अजार ने कहा कि कोलकाता के पास बंताला चमड़ा केंद्र में ही पांच लाख लोग कार्यरत हैं। केवल भारत और ब्राजील पर ही 50 प्रतिशत शुल्क लगा है जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में यह दर बहुत कम 19-20 प्रतिशत है। इससे अमेरिका को भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी मसौदा आदेश में कहा था कि बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय उत्पादों पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त, 2025 को 'ईस्टर्न डेलाइट टाइम' (ईडीटी) के अनुसार रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए (देश में) लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है।

### भारतीय उत्पादों की आवाजाही होगी बाधित

**नई दिल्ली।** अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 50% के भारी शुल्क से झींगा, कपड़ा, चमड़ा और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों में निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। निर्यातकों ने कहा कि 25% शुल्क के अलावा भारत पर 25% का जुर्माना लगाने से उसके सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी। बीते वित्त वर्ष भारत के 437.42 अरब डॉलर मूल्य के वस्तु निर्यात में अमेरिका का 20% हिस्सा था। अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में, वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इनमें 86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात था। चमड़ा क्षेत्र के निर्यातक ने कहा कि 50% शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह है। इससे इकाइयां बंद होंगी और नौकरियां कम होंगी। कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि 10.3 अरब डॉलर के निर्यात के साथ कपड़ा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने कहा कि उद्योग अमेरिका द्वारा घोषित 25% जवाबी शुल्क को लेकर तैयार था। लेकिन, 25% अतिरिक्त बोझ ने...भारतीय कपड़ा उद्योग को अमेरिकी बाजार से प्रभावी रूप से बाहर कर दिया है। इसका कारण बांग्लादेश, वियतनाम, श्रीलंका, कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में 30-31 प्रतिशत शुल्क के नुकसान के अंतर को पाटना असंभव है।

# वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा क्षेत्र के शेयरों पर होगा दबाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विश्लेषकों का कहना है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी सीमा शुल्क से वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों पर दबाव बढ़ने से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में इन क्षेत्रों के निवेशकों में थोड़ी घबराहट देखने को मिल सकती है। भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत अमेरिकी सीमा शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर अतिरिक्त 25% शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके पहले भी 25% शुल्क लगा हुआ था। विश्लेषकों के अनुसार वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़ा एवं जूते, पशु उत्पाद, रसायन, विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी जैसे क्षेत्रों को इस शुल्क वृद्धि का सबसे अधिक नुकसान हो सकता है। हालांकि, दवा, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर यह शुल्क लागू नहीं है। बढ़ा हुआ शुल्क बुधवार से लागू हो गया है लेकिन घरेलू शेयर बाजारों के गणेश चतुर्थी की वजह से बंद होने से इसका असर देखने को नहीं मिला है। ऐसे में गुरुवार का कारोबारी सत्र काफी अहम होने वाला है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि बाजार में गिरावट के साथ शुरुआत संभव है, लेकिन घबराहट की संभावना कम है क्योंकि 50 प्रतिशत शुल्क लगने की अपेक्षा पहले से ही थी। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बिकवाली जारी रख सकते हैं, लेकिन नकदी से लैस घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) निचले स्तरों पर तगड़ी खरीदारी करेंगे।

### घरेलू निवेशकों ने की है सात हजार करोड़ की खरीदारी

विजयकुमार ने कहा कि इस शुल्क का असर मुख्य रूप से वस्त्र, कुछ मशीनरी और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र पर पड़ेगा, लेकिन कुल मिलाकर कंपनी आय पर इसका असर नगण्य रहेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 6,516.49 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 7,060.37 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की।

# भारतीय कंपनियों का राजस्व 5-6% बढ़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● दूसरी तिमाही में वृद्धि होने का रेटिंग एजेंसी इक्रा का अनुमान

भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में पांच से छह प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह अनुमान लगाया है। इससे पिछले तीन माह में भारतीय कंपनियों का राजस्व 5.5 प्रतिशत बढ़ा था।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बयान में कहा कि कच्चे तेल और कोयले जैसी ज़रूरी चीज़ों की लागत कम होने के साथ, इसका नतीजा यह होगा कि सालाना आधार पर परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) 18 से 18.2 प्रतिशत के बीच स्थिर बना रहेगा। बयान में कहा गया कि परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारतीय कंपनियों की वित्तीय प्रतिबद्धताएं पूरी करने की क्षमता काफी हद तक स्थिर रहने की उम्मीद है, जिसमें ब्याज कवरेज अनुपात 4.9-5.1 गुना रहेगा, जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 4.9 गुना था। इक्रा लिमिटेड की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) किंजल शाह ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी शुल्क मांग की धारणा को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से निर्यातोन्मुखी क्षेत्रों जैसे कृषि-रसायन, वस्त्र, वाहन और वाहन कलपुर्जे, समुद्री खाद्य, कटे और पॉलिश किए गए हीरे और आईटी सेवाओं के लिए। उन्होंने आगे कहा कि घरेलू ग्रामीण मांग मजबूत बनी हुई है, जबकि शहरी मांग में अब भी उल्लेखनीय सुधार होना बाकी है।

# 7332 करोड़ में होगा पीएम स्वनिधि योजना का विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पुनर्गठन को दी मंजूरी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 7,332 करोड़ रुपये का व्यय के साथ रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक के लिए मंजूरी दे दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।

बैठक में कहा गया है कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत पहली किस्त की ऋण सीमा 10,000 से बढ़ाकर 15,000 रुपये और दूसरी किस्त 20,000 से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी गई है। जबकि तीसरी किस्त 50,000 रुपये बनी रहेगी। समय पर दूसरा कर्ज चुकाने वाले रेहड़ी-पटरी वाले आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र होंगे। साथ ही, खुदरा और थोक लेनदेन के लिए डिजिटल भुगतान का विकल्प चुनने वाले विक्रेताओं को 1,600 रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह योजना 31 दिसंबर, 2024 तक वैध थी।

पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए रेहड़ी-पटरी वालों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। इसका कार्यान्वयन आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी होगी। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय इसका संचालन करेगा, जबकि वित्तीय सेवा विभाग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से कर्ज और क्रेडिट कार्ड तक पहुंच को सुगम बनाएगा। योजना में बढ़ी हुई ऋण राशि, यूपीआई-से जुड़ा रुपे क्रेडिट कार्ड, डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन और व्यापक भौगोलिक कवरेज शामिल है। यह उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल कौशल और विपणन पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ साझेदारी में, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मानक स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।



# ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों को दिया कड़ा संदेश

## ऑपरेशन महादेव के तहत आतंकवादियों को मार गिराने वाले सेना के 12 जवानों को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● जम्मू-कश्मीर पुलिस व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो-दो जवानों को भी किया सम्मानित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने पर उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से लोगों को जहां संतुष्टि मिली वहीं ऑपरेशन महादेव ने इस संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदला।

गृह मंत्री ने यह बात सेना के उन 12 जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। इस अभियान में शामिल जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो-दो जवानों को भी सम्मानित किया गया। गृह मंत्री ने कहा कि चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव को लेकर खुशी एवं उत्साह महसूस किया और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति यही विश्वास हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की भारत की आकांक्षा का आधार है।

सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों एवं सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था। पहलगाम नरसंहार के तुरंत बाद शुरू किये गए ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को तब सफल मिली, जब सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो ने मुख्य साजिशकर्ता सुलेमान उर्फ आसिफ और उसके दो सहयोगियों जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया। यह अभियान तब शुरू किया गया जब तकनीकी सिग्नल से पता चला कि अपराधियों ने सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल किया है। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का क्या परिणाम होता है।

### सेना और अर्धसैनिक बलों ने आतंक के खिलाफ निभाई भूमिका

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी चाहे कोई भी रणनीति अपना लें, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की न्यायालयी विज्ञान प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि 28 जुलाई को मारे गए आतंकवादी वास्तव में पहलगाम नरसंहार के अपराधी थे। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर में पर्यटन फल-फूल रहा था, तब पहलगाम हमला 'कश्मीर मिशन' को पटरी से उतारने का एक असफल प्रयास किया गया था। गृह मंत्री ने कहा कि सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ, जम्मू-कश्मीर पुलिस भी अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, "भारतीय नागरिकों के दिलों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूरे देश की ओर से सुरक्षा बलों को बधाई देता हूं।

## डिजिटल साक्ष्य दर्ज करने वाले एलजी के आदेश पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** जिला न्यायपालिका के वकीलों की जारी हड़ताल के बीच, दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को एक याचिका का उल्लेख किया, जिसमें उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा जारी उस अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जो पुलिस को थानों से ही अदालतों में डिजिटल माध्यम से साक्ष्य दर्ज करने की अनुमति देती है।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया। अदालत ने मामले की सुनवाई तीन सितंबर के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि आप इसे दाखिल करें। यह बुधवार को सूचीबद्ध होगी। दिल्ली की जिला अदालतों के वकील उपराज्यपाल की 13 अगस्त की अधिसूचना को वापस लेने की मांग को लेकर 22 अगस्त से काम से विरत हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार स्वेच्छा से होना चाहिए : भागवत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● शताब्दी वर्ष पर व्याख्यान श्रृंखला को आरएसएस प्रमुख ने किया संबोधित

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने आत्मनिर्भरता की वकालत करते हुए बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार स्वेच्छा से होना चाहिए, दबाव में नहीं। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर पर व्याख्यान श्रृंखला को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि आत्मनिर्भरता सभी समस्याओं का समाधान है और उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

भागवत ने कहा कि आत्मनिर्भर होने का मतलब आयात बंद करना नहीं है। दुनिया आगे बढ़ती है, क्योंकि यह एक-दूसरे पर निर्भर है। इसलिए आयात-निर्यात जारी रहेगा। हालांकि, इसमें कोई दबाव नहीं होना चाहिए। स्वदेशी का मतलब यह नहीं है कि उन वस्तुओं का आयात न किया जाए, जो देश में पहले से मौजूद हैं या जिनका विनिर्माण आसानी से किया जा सकता है। बाहर (विदेशों) से वस्तुएं आयात करने से स्थानीय विक्रेताओं को नुकसान होता है। भागवत की यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है, जब रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर लगाया 25% अतिरिक्त शुल्क लागू हो गया है। उन्होंने कहा, जो भी आपके देश में बनता है, उसे बाहर से आयात करने की कोई जरूरत नहीं है।

# ट्रंप का फोन आया और मोदी ने सैन्य कार्रवाई रोक दी : राहुल

**मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी, एजेंसी**



● वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता ने लगाए आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप के बयान का हवाला देते हुए दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के फोन के बाद प्रधानमंत्री मोदी की 'हवा निकल गई' और उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में की जा रही सैन्य कार्रवाई को पांच घंटे में रोक दिया था।

उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर की सभा में कहा कि ट्रंप ने आज कहा है कि जब भारत और पाकिस्तान में युद्ध हो रहा था, तो मैंने नरेन्द्र मोदी को फोन कर कहा कि आप यह जो कर रहे हैं, उसे 24 घंटे के अंदर बंद करिए। मोदी ने 24 घंटे में नहीं, सिर्फ पांच घंटे में ही सैन्य अभियान रोक दिया। उन्होंने दावा किया कि इसे मीडिया में नहीं बताया जाएगा। बाद में उन्होंने सीतामढ़ी की सभा में भी इस विषय को उठाया। उन्होंने कहा, मैंने लोकसभा में कहा कि अगर दम है तो बोलिए कि ट्रंप ने झूठ बोला। उनके मुंह से चूं नहीं निकला। उन्होंने डेढ़ घंटे तक भाषण दिया, लेकिन ट्रंप के बारे में नहीं बोल पाए। यह कैसे प्रधानमंत्री हैं, जो 56 इंच की छाती की बात करते हैं, लेकिन ट्रंप का एक फोन आता है और पूरी हवा निकल जाती है।

## महाराष्ट्र के विरार में अवैध इमारत गिरने से छह लोगों की मौत

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में अनधिकृत चार मंजिला इमारत का एक हिस्सा बगल की खाली इमारत पर गिरने से छह लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने घटना के 18 घंटे बाद बुधवार शाम मलबे के नीचे से तीन और शव निकाले। रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा मंगलवार रात 12.05 बजे ढह गया था। वसई विरार महनगरपालिका (वीवीएमसी) द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने इमारत के बिल्डर को गिरफ्तार कर लिया। डीएम इंदु रानी जाखड़ ने मौके का दौरा किया। उन्होंने मलबे में अब भी कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका जताई।

# आपराधिक मामले को लंबा खींचना एक प्रकार की पीड़ा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी आपराधिक मामले को अनुचित अवधि तक खींचना एक प्रकार की पीड़ा है, जो कार्यवाही का सामना कर रहे व्यक्ति के लिए मानसिक कारावास के समान है। न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया और एएस चंदुरकर ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने एक महिला को भ्रष्टाचार के मामले में सुनाई सजा को घटाकर केवल पहले से जेल में बिताई जा चुकी अवधि तक सीमित कर दिया।

उसकी दोषसिद्धि की पुष्टि करते हुए पीठ ने कहा कि यह घटना 22 वर्ष पहले घटित हुई और महिला अब 75 वर्ष की है। अदालत ने उन पर लगाए जुर्माने को मूल जुर्माने से 25,000 रुपये अधिक कर दिया। पीठ ने 21 अगस्त को कहा कि किसी आपराधिक मामले को अनुचित अवधि तक खींचना अपने आप में एक प्रकार की पीड़ा है। ऐसी कार्यवाही का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए यह मानसिक कारावास के समान है।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिला द्वारा मद्रास हाईकाई के अगस्त 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर आया, जिसमें अधीनस्थ अदालत के आदेश की पुष्टि की गई थी। निचली अदालत ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क निरीक्षक के रूप में कार्यरत महिला को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया और उसे एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि सितंबर 2002 में उसने 300 रुपये की रिश्वत मांग की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो व्यक्ति दोषसिद्धि के खिलाफ अपील करता है और हर दिन मुकदमे के परिणाम का इंतजार करता है, वह अपना समय परेशानी में बिताता है। न्याय प्रशासन की वर्तमान प्रणाली में, जिसमें कार्यवाही अक्सर अनुचित रूप से लंबी और असहनीय हो जाती है, लंबा समय बीतने से व्यक्ति को मानसिक पीड़ा होती है।

### सजा से ज्यादा जेल में रहने पर मप्र से जवाब तलब

सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में सात साल की सजा काटने के बावजूद दोषी के आठ साल से अधिक समय तक जेल में रहने के मामले में मध्यप्रदेश सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने पाया कि दोषी पर मध्य प्रदेश के सागर जिले के खुरई स्थित सत्र न्यायालय में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत दुष्कर्म समेत अन्य अपराधों के लिए मुकदमा चलाया गया था। पीठ ने कहा कि हम जानना चाहेंगे कि इतनी गंभीर चूक कैसे हुई और याचिकाकर्ता सात साल की सजा काटने के बाद भी आठ साल से अधिक समय तक जेल में क्यों रहा। हम चाहते हैं कि राज्य इस संबंध में स्पष्टीकरण दे। अधीनस्थ अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और 2,000 का जुर्माना लगाया था।

## एनसीएलएटी के न्यायिक सदस्य के आरोप की जांच का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के न्यायिक सदस्य के इस आरोप की जांच का आदेश दिया है कि उच्च न्यायपालिका के सबसे सम्मानित सदस्यों में से एक ने उनसे एक पक्ष के हक में आदेश सुनाने के लिए संपर्क किया था। सूत्रों ने बताया कि जांच सुप्रीम कोर्ट के महासचिव द्वारा की जाएगी और शीर्ष अदालत इसके आधार पर आगे की कार्रवाई पर निर्णय करेगा। चेन्नई स्थित एनसीएलएटी के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा ने आरोप लगाया है कि उच्च न्यायपालिका के सदस्य ने उनसे संपर्क कर उनके समक्ष लंबित मामले में अनुकूल आदेश सुनाने का आग्रह किया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया और 13 अगस्त को पारित दो पैरा के आदेश में इस घटना को दर्ज भी किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारत ने गाजा में पत्रकारों की हत्या की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत ने इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी पर हमले में पत्रकारों की मौत की निंदा करते हुए इसे अफसोसनाक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमलों में पत्रकारों की मौत के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के जवाब में कहा कि भारत ने संघर्षों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा , पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक है। हम समझते हैं कि इजराइली अधिकारियों ने पहले ही जांच शुरू कर दी है। सोमवार को गाजा पट्टी पर इजराइली हमले में पांच पत्रकारों की मौत हुई है।

### नेपाल में हिंदू समुदाय ने गणेश चतुर्थी मनाई

**काठमांडू।** नेपाल में हिंदुओं ने बुधवार को भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके गणेश चतुर्थी मनाई। भगवान गणेश विघ्नहर्ता और बुद्धि एवं समृद्धि के देवता हैं। चंद्र कैलेंडर के अनुसार भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर काठमांडू के कमलादि गणेश, अशोक बिनायक और सूर्य बिनायक सहित प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य शहरों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान विघ्न विनाशन गणेश को फूल, फल और मिठाइयाँ अर्पित कीं तथा सौभाग्य, ज्ञान और समृद्धि की कामना की।

### जिम्बाब्वे के छात्र की मौत पर मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पंजाब के बठिंडा में जिम्बाब्वे के छात्र पर हुए हमले के बाद उसकी मौत से संबंधित मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने यहां जारी एक बयान में कहा कि गुरु काशी विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई कर रहे छात्र पर हुए हमले के बाद 21 अगस्त को बठिंडा के एम्स में उसकी मृत्यु हो गयी थी। रिपोर्टों के अनुसार 13 अगस्त को एक सुरक्षा गार्ड के साथ उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया था । आरोप है कि गार्ड ने इसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर छात्र पर हमला किया। घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी।

### इजराइली हमलों में मारे गए छह सीरियाई सैनिक

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी उपनगर पर इजराइली ड्रोन हमलों में छह सैनिक मारे गए और अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया और एक युद्ध पर निगरानी रखने वाली संस्था ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'अल-इखबरिया' ने बताया कि नवीनतम ड्रोन हमले मंगलवार को दक्षिणी दमिश्क के उपनगर किस्वा में हुए, जिसमें छह सैनिक मारे गए। हालांकि इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई। इजराइली सेना ने इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

# राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बेटे की हत्या के बाद चुनाव में उतरे पिता

बोगोटा, एजेंसी



- कोलंबिया में अगले साल होना है राष्ट्रपति पद का चुनाव

कोलंबिया में इस साल के शुरू में राजनीतिक रैली के दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे की गोली मारकर हत्या के बाद उनके पिता ने मंगलवार को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की घोषणा की। बहत्तर वर्षीय मिगुएल उरीबे लोंदोनो ने कहा कि यह उनके बेटे की विरासत को जीवित रखने तथा सुरक्षित एवं समृद्ध कोलंबिया बनाने की कोशिश है।

उन्होंने राजधानी में कांग्रेस (संसद) की इमारत के बाहर एक भाषण के दौरान अपनी उम्मीदवारी का एलान किया। उन्होंने अपने दिवंगत बेटे द्वारा इस्तेमाल किए गए लोगो से सुसज्जित मंच से भाषण दिया। उनका बेटा सीनेट का सदस्य था। वह खासे लोकप्रिय भी थे। उरीबे लोंदोनो 80 के दशक के अंत में बोगोटा नगर परिषद के सदस्य और 90 के दशक की शुरुआत में कोलंबिया की कंज़र्वेटिव पार्टी के सीनेटर थे। लेकिन अपने बेटे की मृत्यु से पहले उनकी राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने की कोई योजना नहीं थी, और जनता उन्हें ज्यादा जानती भी नहीं थी। उनके बेटे के अंतिम संस्कार को राष्ट्रीय स्तर पर कवर किया गया था।



## बढ़ती चुनौतियों से आगाह भारत

# समुद्र में बढ़ती शक्ति

वैसे तो हिंद महासागर क्षेत्र में भारत शीर्ष शक्तियों में शामिल है और नजदीकी समुद्री इलाकों के साथ लॉजिस्टिक नेटवर्क और आपदा राहत में उसकी पकड़ मजबूत है लेकिन कई ऐसी नई चुनौतियां हैं जिन्होंने उसे अपनी नौसेना की ताकत और बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। वैश्विक फायरपावर रैंकिंग 2025 के अनुसार, भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी नौसेना है, जिसमें 293 जहाजों के साथ उसका छठा स्थान है लेकिन चीन की बढ़ती नौसैनिक शक्ति, खासकर उसकी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के विस्तार के मुकाबले भारतीय नौसेना का निर्माण धीमा है। इसके अलावा दक्षिण एशिया में अस्थिरता ऐसी प्रमुख चुनौती है जिससे निपटने के लिए भारत ने रणनीतिक साझेदारी, आधुनिकीकरण और घरेलू निर्माण पर जोर दिया है। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम और उन्नत युद्धपोत शामिल हैं, और भविष्य में भारतीय नौसेना और अधिक शक्तिशाली बनने के लिए तैयार है।

### भारत की ओर से कदम

दूसरे देशों के साथ अभ्यास, अग्रिम तैनाती और मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट के तहत अरब सागर, बंगाल की खाड़ी, अंडमान निकोबार, मालदीव और ईस्ट अफ्रीका तक सतत गश्त। इसके साथ एंटी-पाइरेसी और समुद्री सुरक्षा के तहत दूरदराज तक डेस्ट्रॉयर/फ्रिगेट/पेट्रोल एयरक्राफ्ट भेजकर जहाजों का एस्कॉर्ट।

### समुद्र में उभरी नई चुनौतियां

- चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव और दक्षिण एशिया के देशों के साथ उसके मजबूत संबंध भारत की समुद्री सुरक्षा के लिए एक चुनौती है। इससे क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बदल रहा है।
- भारत का नौसेना बजट चीन की तुलना में कम है, इसके साथ युद्धपोतों के निर्माण की गति भी धीमी है जो संसाधनों और निर्माण की गति में असमानता की ओर इशारा करती है।
- पारंपरिक और अनौपचारिक खतरों के बीच की रेखा धुंधली हो रही है। इससे समुद्री खतरों की जटिलता भी बढ़ी है। लिहाजा तटीय सुरक्षा पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

### वैश्विक तुलना

- अमेरिका परमाणु कैरियरों, न्यूक्लियर अटैक सबमरीन और लॉजिस्टिक्स के कारण अपराजेय माना जाता है।
- चीन की नौसेना सबसे बड़ी होने के साथ तेजी से बढ़ता बेड़ा है। हिंद महासागर में उसकी मौजूदगी बढ़ रही है।
- जापान, यूके, फ्रांस की नौसेना तकनीकी रूप से अत्याधुनिक है, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उनकी स्थाई उपस्थिति भारत की तुलना में कम है।
- भारत डेढ़ सौ से ज्यादा युद्धपोतों, एयरक्राफ्ट कैरियर, परमाणु बैलिस्टिक पनडुब्बी से संपन्न है। मगर उसकी ताकत अमेरिका-चीन के स्तर की नहीं है।

### भारतीय नौसेना के बेड़े में वृद्धि

- भारतीय नौसेना के बेड़े में विस्तार के लिए नए विमान वाहक, विध्वंसक और पनडुब्बियों का समावेश किया गया है।
- आधुनिक रडार, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और संचार प्रणालियों को शामिल कर नई प्रौद्योगिकियों को अपनाया जा रहा है।
- ब्रह्मोस और बराक जैसी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों ने युद्धपोतों की रक्षा क्षमता काफी बढ़ाई है।
- उन्नत रडार और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अपनाए हैं जो किसी खतरे का पता लगाकर जवाबी कार्रवाई करने में मदद करते हैं।

### भावी योजनाएं

- नौसेना में एयरक्राफ्ट कैरियर बढ़ाना, युद्धपोत पर विमान लांच करने की प्रणालियों के विकास के लिए निर्णय नीति और बजट पर मंथन।
- जंगी मिशन के लिए एयर इन्डिपेन्डेंट प्रोपल्शन वाली अगली पनडुब्बी लाइन, 6 इंडीजीनियस सबमरीन की गोपनीय पर दीर्घकालिक स्वीकृति। अगली पीढ़ी के डेस्ट्रॉयर, फ्रिगेट।

# पाकिस्तान में करतारपुर कॉरिडोर बाढ़ के पानी में डूबा, सौ से ज्यादा लोग फंसे

## गुरुद्वारा दरबार साहिब भी जलमग्न, हेलीकॉप्टर-नावों से लोगों को निकालने की कोशिश

लाहौर, एजेंसी

रावी नदी में बाढ़ के कारण पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नारोवाल जिले में गुरुद्वारा दरबार साहिब सहित करतारपुर कॉरिडोर जलमग्न हो गया, जिस कारण 100 से अधिक लोग फंस गए। इनमें अधिकतर कर्मचारी बताए जा रहे हैं। पाकिस्तान सरकार हेलीकॉप्टर और नावों के जरिए फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर रही है।

करतारपुर कॉरिडोर परियोजना प्रबंधन इकाई के प्रमुख सैफुल्लाह खोखर ने बताया, गुरुद्वारा दरबार साहिब सहित पूरा करतारपुर कॉरिडोर परिसर बाढ़ के पानी में डूब गया है। उन्होंने कहा कि फंसे हुए लोगों को नावों और एक हेलीकॉप्टर से बचाया जा रहा है, जिनमें ज्यादातर करतारपुर परियोजना प्रबंधन इकाई के कर्मचारी हैं । सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही तस्वीरों और वीडियो में पवित्र सिख तीर्थस्थल बाढ़ के पानी से घिरा हुआ दिखाई दे रहा है।

नारोवाल के उपायुक्त हसन रज़ा के अनुसार, भारत द्वारा रावी नदी में पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ग्रस्त इलाकों से सैकड़ों निवासियों को निकाला गया है। उन्होंने बताया कि शकरगढ़ तहसील के कोट नैन में रावी नदी का जल स्तर 1,55,000 क्यूसेक पर पहुंच गया है, जबकि इसकी क्षमता 1,50,000 क्यूसेक है। रविवार को, भारत ने मानवीय आधार पर राजनयिक माध्यमों से पाकिस्तान को बाढ़ की चेतावनी दी थी। मई में दोनों पक्षों के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष के बाद यह भारत और पाकिस्तान के बीच पहला ज्ञात आधिकारिक संपर्क था। आमतौर पर बाढ़ की चेतावनी सिंधु जल आयोग के माध्यम से साझा की जाती है।

अधिकारियों ने बताया कि हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है, जिससे धान की फसल और पशु चारे को नुकसान पहुंचा है। रज़ा ने कहा कि पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है, जिससे गांव और फसलें जलमग्न हो गईं।



करतारपुर कॉरिडोर में गुरुद्वारा साहिब के जलभराव वाले इलाके से बुधवार को गुजरते लोग।

### पंजाब में बाढ़ पर शहबाज ने बुलाई आपात बैठक

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपात बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को समय पर अलर्ट सुनिश्चित करने के लिए पूर्व चेतावनी प्रणालियों में सुधार करने का निर्देश दिया। प्रांतीय सरकार ने पंजाब में पहले से ही बाढ़ग्रस्त इलाकों से लोगों को बचाने और राहत एवं निकासी प्रयासों में मदद के लिए दिन में ही सेना बुला ली थी। लगभग सभी पूर्वी नदियों में बढ़ते जलस्तर के बीच, पंजाब भर में बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों से 2,50,000 से ज़्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

- पाकिस्तान सरकार ने नवंबर 2019 में करतारपुर कॉरिडोर खोला था, जो पाकिस्तान-भारत सीमा से लगभग 4.1 किलोमीटर दूर है। यह कॉरिडोर पाकिस्तान के गुरुद्वारा दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक से जोड़ता है, जहां 16वीं शताब्दी की शुरुआत में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी जीवन के अंतिम समय में रहे थे। यह कॉरिडोर भारतीय श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा दरबार साहिब के दर्शन के लिए वीजामुक्त पहुंच प्रदान करता है।

### भारत ने पाकिस्तान के लिए बाढ़ के खतरे की नई चेतावनी जारी की

**नई दिल्ली।** भारत ने तवी नदी में बाढ़ की अत्यधिक आशंका को लेकर पाकिस्तान को नए अलर्ट जारी किए हैं। वहीं, उत्तरी राज्यों में लगातार बारिश के कारण प्रमुख बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़ना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्रालय के माध्यम से इस्लामाबाद भेजे गए ये अलर्ट मानवीय आधार पर जारी किए गए हैं। पहला अलर्ट सोमवार को जारी किया गया था। एक सूत्र ने बताया, हमने कल मंगलवार और बुधवार को तवी नदी में बाढ़ की उच्च आशंका के मद्देनजर एक और अलर्ट जारी किया। भारतीय क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बारिश के कारण कुछ बांधों के फाटक खोलने पड़े। तवी नदी हिमालय से निकलती है और पाकिस्तान में चिनाब नदी में मिलने से पहले जम्मू संभाग से होकर गुजरती है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या करने के बाद भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान के साथ जल विज्ञान संबंधी आंकड़ों के नियमित आदान-प्रदान को स्थगित कर दिया था। पहलगाम हमले में मारे गए अधिकतर लोग पर्यटक थे। सूत्रों ने बताया कि इस रोक के बावजूद सीमा पार जान-माल के नुकसान से बचने के लिए बाढ़ की ताजा चेतावनी जारी की गई है।

# शांति की कोशिशें नाकाम, रूस ने यूक्रेन के आठवें क्षेत्र पर शुरू की कब्जे की कोशिश

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन के दनिप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के गांवों में घुसी रूस की सेना, दो गांवों पर किया कब्जा

अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे शांति प्रयासों के ठहर जाने के बीच रूस की सेना ने यूक्रेन के एक और नए क्षेत्र 'दनिप्रोपेत्रोव्स्क' में सेंध लगा ली है। इसके साथ ही यह यूक्रेन में चल रहे तीन साल लंबे युद्ध में आठवां क्षेत्र बन गया है, जिस पर रूस अपना कब्जा जमाने क प्रयास कर रहा है।

यूक्रेनी थल सेना के प्रवक्ता विक्टर त्रेहुबोव ने बताया कि कुछ रूसी सैनिक नोवोहेओर्हिवका और जैपोरीज्के नामक गांवों में दाखिल हो गए हैं। ये गांव पूर्वी यूक्रेन के प्रमुख औद्योगिक केंद्र दनिप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में हैं, जो दोनेत्स्क से सटा हुआ है और जहां पहले से भीषण लड़ाई जारी है। हालांकि, रूस के रक्षा मंत्रालय ने पहले ही दावा किया था कि उसने इन दोनों गांवों पर कब्जा कर लिया है, लेकिन त्रेहुबोव के मुताबिक, वहां अभी रूसी सेना ने न तो मोर्चाबंदी की है और न ही किलेबंदी तथा लड़ाई अब भी जारी है।

यूक्रेनी सेना रूस की बड़ी और संसाधन-सम्पन्न सेना के सामने दबाव में है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि फिलहाल यूक्रेन की रक्षा पंक्ति टूटने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं हैं, लेकिन रूस की धीमी लेकिन सतत प्रगति यूक्रेन पर दबाव बनाए हुए है। इस जंग का मोर्चा करीब 1000 किलोमीटर तक फैला हुआ है, जहां दोनों पक्षों के हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। रूस की सेनाएं पहले ही सुमी, खारकीव, लुहान्स्क, दोनेत्स्क, जेपोरिज्जिया, खेरसॉन और मायकोलाइव क्षेत्रों में मौजूद हैं।

गौरतलब है कि रूस ने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया प्रायद्वीप को अवैध रूप से हड़प लिया था, और अब यूक्रेन के लगभग पांचवें हिस्से पर कब्जा कर चुका है।

### जेलेंस्की से सीधी वार्ता नहीं करेंगे पुतिन तो उठाएंगे कदम : ट्रंप

इस बीच, पश्चिमी देशों ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर शांति वार्ता में जानबूझकर टालमटोल करने और गंभीर बातचीत से बचने के आरोप लगाए हैं, जबकि उनकी सेना यूक्रेन में और अंदर तक घुसपैठ करती जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को पुतिन की ओर से शांति वार्ता के प्रस्तावों को नजरअंदाज किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। ट्रंप ने कहा कि यदि दो सप्ताह में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ सीधी बातचीत की योजना नहीं बनती, तो वह अगला कदम तय करेंगे।

# चीनी छात्रों पर बदला ट्रंप का रुख, अमेरिका में पढ़ने की अनुमति दी

- चीन से व्यापार वार्ता के बीच ट्रंप की नई घोषणा का बीजिंग ने किया स्वागत

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी का सावधानीपूर्वक स्वागत किया, जिसमें उन्होंने छह लाख चीनी छात्रों को अमेरिका में अध्ययन करने की अनुमति दी है। चीन ने इससे पहले वीजा रद्द करने संबंधी ट्रंप की धमकी के मद्देनजर अमेरिका से चीनी छात्रों का उत्पीड़न बंद करने का आग्रह किया था।

मई में , ट्रंप ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हजारों चीनी छात्रों के वीजा रद्द करने की धमकी दी थी। हांगकांग से प्रकाशित होने वाली साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, हालांकि, इस साल के अंत में अपनी संभावित चीन यात्रा से पहले नीति में बदलाव करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में मंत्रिमंडल की बैठक में कहा कि वह चीनी छात्रों का स्वागत करेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि उनके बिना अमेरिकी कॉलेज प्रणाली बहुत जल्द बर्बाद हो जाएगी।

अब इस मुद्दे पर ट्रंप के रुख में बदलाव वाशिंगटन और बीजिंग के बीच चल रही व्यापार वार्ता के बीच आया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि बीजिंग को उम्मीद है कि अमेरिका चीनी छात्रों का स्वागत करने की राष्ट्रपति ट्रंप की प्रतिबद्धता पर काम करेगा और उन्हें बेवजह परेशान करना, उनसे पूछताछ करना या उन्हें वापस भेजना बंद करेगा तथा उनके वैध और कानूनी अधिकारों और हितों की ईमानदारी से रक्षा करेगा।

# ईरान में अपना अभियान फिर शुरू करने के लिए लौटी आईएईए टीम

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की एक टीम ईरान में अपना अभियान फिर से शुरू करने के लिए आई है। ईरान ने इजराइल के साथ हाल में ही हुई जंग के दौरान एजेंसी के सभी निरीक्षकों को अपने यहां से निकाल दिया था।

ईरानी मीडिया के अनुसार, आईएईए प्रमुख रफायल ग्रॉसी ने कहा, आईएईए निरीक्षकों की पहली टीम ईरान लौट आई है और अभियान फिर शुरू करने वाली है। परमाणु सामग्री प्रबंधन संस्थान की सालाना बैठक में शिरकत करने वाशिंगटन डीसी पहुंचे ग्रॉसी ने यह नहीं बताया कि क्या इसे फिर शुरू करने के लिए कोई समयसीमा तय की गई है, या कोई अन्य प्रकिया अपनाई जाएगी। ग्रॉसी ने एक साक्षात्कार में कहा कि ईरान में कई परमाणु संयंत्र हैं। इसलिए हम इस पर चर्चा कर रहे हैं कि वहां हमारे काम को फिर से शुरू करने के लिए किस तरह के व्यावहारिक तौर-तरीके लागू हो सकते हैं।

# इमरान का आरोप, सत्ता के भूखे और तानाशाह हैं सेना प्रमुख मुनीर

- नौ मई के दंगों की साजिश रचने का आरोप लगाया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर सत्ता के भूखे होने और देश में सबसे खराब प्रकार की तानाशाही का आरोप लगाया।

कई मामलों में दो साल से अधिक समय से जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के मुख्य संरक्षक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सेना प्रमुख असीम मुनीर सत्ता के भूखे हैं, यही वजह है कि उन्होंने पाकिस्तान में सबसे खराब तरह की तानाशाही लागू कर दी है। मुनीर न तो नैतिकता और न ही इस्लाम को समझते हैं।

खान ने कहा, मुझसे माफी मांगने को कहने के बजाय, मुनीर को मुझसे 9 मई, 2023 के दंगों के लिए माफी मांगनी चाहिए। मुनीर ने ही नौ मई की साजिश रची थी और उसने ही सीसीटीवी फुटेज चुराई थी। आज, नौ मई आसिम मुनीर की बीमा पॉलिसी है। क्रिकेटर से राजनेता बने 72 वर्षीय इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, क्योंकि उन पर कई मुकदमे हैं। फ़िलहाल, वह रावलपिंडी की अडियाला जेल में हैं।

# ब्रिटेन में यौन अपराध के लिए दोषी करार दिए गए लोगों में सबसे ज्यादा भारत के नागरिक

लंदन, एजेंसी

- सजा पाने वाले भारतीयों की संख्या चार वर्षों में 257 प्रतिशत बढ़ी

ब्रिटिश सरकार के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, ब्रिटेन में यौन अपराधों के लिए सजा पाने वाले विदेशियों की संख्या में पिछले चार वर्षों में काफी वृद्धि हुई है और इनमें भारतीय नागरिकों की संख्या सबसे अधिक है।

वर्ष 2021 और 2024 के बीच यौन अपराधों के लिए दोषी करार दिये गए विदेशी नागरिकों में भारतीयों की संख्या में 257 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इस अवधि के दौरान यौन अपराधों के लिए दोषी करार दिये गए विदेशी नागरिकों की संख्या में कुल 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ये आंकड़े ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय के पुलिस राष्ट्रीय कंप्यूटर से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं।

इसके बाद, आव्रजन रोधी थिंक टैंक 'सेंटर फॉर माइग्रेशन कंट्रोल' द्वारा इनका विश्लेषण किया गया। सीएमसी ने इस सप्ताह अपने विश्लेषण में कहा, यौन अपराधों के लिए दोषी करार दिये गए विदेशी नागरिकों की संख्या 2021 और 2024 के बीच 62 प्रतिशत बढ़कर 687 से 1,114 हो गई। इस अवधि के दौरान, इन अपराधों के लिए ब्रिटिश दोषसिद्धि दर में 39.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई। थिंक टैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2021 से भारतीय इस चार्ट में सबसे ऊपर बने हुए हैं, जब ऐसे 28 आपराधिक मामले दर्ज किये गए थे। इसके बाद, 2022 में 53, 2023 में 67 और पिछले साल 100 आपराधिक मामले दर्ज किये गए।

वर्ष 2021 और 2024 के बीच, चार्ट में शीर्ष पांच देशों में, नाइजीरियाई नागरिकों के मामले 166 प्रतिशत, इराकियों के 160 प्रतिशत, सूडानी के 117 प्रतिशत और अफगान के 115 प्रतिशत बढ़े हैं। विश्लेषण में जिन अन्य दक्षिण एशियाई देशों को चिह्नित किया गया है, उनमें बांग्लादेशी शामिल हैं जो छठे स्थान पर हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अगस्त, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 17 .56 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 08 .43 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष**: आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ने की संभावना बन रही है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनंद उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे।

**वृष**: आज नए प्रेम-संबंध विकसित हो सकते हैं। लोग आपके व्यवहार की प्रशंसा करेंगे। नौकरी में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिए जा सकते हैं। भावनाओं में आकर अधिक खर्च न करें।

**मिथुन**: आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ आप किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर सकते हैं। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ अनावश्यक बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

**कर्क**: आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। छोटी-मोटी बातों को अधिक महत्व न दें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**सिंह**: आज कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। नौकरी में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या**: आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में उचित लाभ मिलेगा। प्रेम-संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें।

**तुला**: आज आपको कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। अनावश्यक राजनीतिक चर्चाओं से स्वयं को दूर रखें। आपको कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा सम्मान मिलेगा। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**वृश्चिक**: आज राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें। कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

**धनु**: आज संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है। शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यंत सतर्क रहेंगे।

**मकर**: आज बैंकिंग से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नए लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभ**: आज परिजनों के साथ कई विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। जीवनसाथी के सुझावों पर गौर अवश्य करें। अटके हुये कार्यों को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। शाम के समय कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं।

**मीन**: आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। मकान की साफ-सफाई का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। विरोधियों से सावधान रहें।

## सुडोकू -82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

### सुडोकू - 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |



यूएस ओपन में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बहुत ही खास टूर्नामेंट है। पहले सेट में मेरा पहला सर्व प्रतिशत कम था। उसके बाद, मैंने धीरे-धीरे खुद को ढाला और अपनी सोच को स्पष्ट किया।
-जैनिक सिनर


# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### फिडे विश्व कप की मेजबानी खुशी की बात



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दो दशक से अधिक समय के बाद प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है। मोदी ने कहा कि शतरंज युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे और दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, ''प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है और वह भी दो दशक से अधिक समय के बाद।'' फिडे शतरंज विश्व कप का आयोजन गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक किया जाएगा।

### कैंसर पीड़ित क्लार्क की छठी सर्जरी हुई

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की त्वचा कैंसर की छठी सर्जरी हुई है। उनकी यह सर्जरी नाक से एक घाव को हटाने के लिए हुई है। विश्व कप 2015 विजेता कप्तान 44 वर्षीय क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें लोगों से नियमित रूप से त्वचा की जांच को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जहां सूर्य की किरणों का संपर्क अधिक होता है। क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर लिखा त्वचा कैंसर वास्तविक है! खासकर ऑस्ट्रेलिया में।

### सिंधु प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**पेरिस :** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने एक बार फिर अंतिम क्षण में मिली बढ़त की बदौलत बुधवार को मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को महज 35 मिनट में 21-11, 21-16 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, गुकेश बाहर

**सेंट लुई (अमेरिका) :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां सिंकफील्ड कप के आठवें दौर में अमेरिका के वेस्ली सो से ड्रॉ खेलकर ग्रैंड चेस टूर में ओवरऑल शीर्ष चार में जगह बनाने की दावेदारी बरकरार रखी। गत विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी अमेरिका के लेवोन अरोनियन से ड्रॉ खेला लेकिन वह राउंड रोबिन प्रतियोगिता में बाहर हो गए।

# अश्विन ने आईपीएल से भी नाता तोड़ा

## सोशल मीडिया एक्स पर की घोषणा, सुपरकिंग्स में भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को लगा विराम



**चेन्नई, एजेंसी**

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा कर दी। इससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया। अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट 'एक्स' के जरिए यह घोषणा की।

उन्होंने कहा मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं। अश्विन की सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में भावुक सराहना की। सुपरकिंग्स ने लिखा, चेपक का अपना। कैरम-बॉल थिरुपुरा-सुंदरन! अंबुदेन की धूल भरी पिचों पर पीली जर्सी में अपने पहले रन-अप से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर स्पिन के पूर्ण प्रभुत्व तक, आपने हमें सब कुछ दिया है।

फ्रेंचाइजी ने लिखा आपने हमारी विरासत को आधार बनाया है और किले चेपक को बेमिसाल बनाया है! आप वाकई कमाल करते हैं, अश्विन!

संन्यास की घोषणा इस महीने की शुरुआत में सुपरकिंग्स में अश्विन के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच हुई है क्योंकि आईपीएल 2025 में अश्विन ने केवल नौ मैच खेले थे जो 2009 में पदार्पण सत्र के बाद एक सत्र में उनके दूसरे सबसे कम मैच हैं। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के साथ संभावित ट्रेड (टीम के साथ अदला-बदली) की चर्चा के बीच अनुभवी ऑफ स्पिनर ने स्वीकार किया था कि उन्होंने अपनी भूमिका पर सुपरकिंग्स से स्पष्टता मांगी थी।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर सैमसन के साथ एक पॉडकास्ट में कहा पिछले साल मैंने केवल नौ मैच खेले थे। आईपीएल में खेलने के अपने इतने वर्षों में यह पहला साल था जब मैंने सिर्फ नौ मैच खेले। मैं हमेशा हर मैच खेलता था इसलिए यह मेरा ऐसा पहला अनुभव था। मैंने अपनी तरफ से स्पष्टता की मांग की थी लेकिन मैंने आईपीएल सत्र के दौरान ही यह मांग की थी।

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने सैमसन के साथ संभावित ट्रेड को लेकर चल रही चर्चा को स्वीकार किया लेकिन जोर देकर कहा कि यह अधिकतर खिलाड़ियों के नियंत्रण से बाहर है। अश्विन ने कहा अगर सैमसन का ट्रेड होता है तो सीएसके को 18 करोड़ रुपये रखने होंगे और फिर आपको देखना होगा कि आप उस जगह को बनाने के लिए किसे रिलीज कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर कल मैं सीएसके टीम में नहीं हूं तो इससे उन्हें फायदा हो सकता है - इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन यह सब मेरे बारे में नहीं हो सकता। अभी मेरे हाथ में कुछ नहीं है। और ये सारी अफवाहें खिलाड़ी की तरफ से नहीं आतीं... इसके कई पहलू हैं।

अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट मैच में भारत के दूसरे सबसे अधिक विकेट (537) लेने वाले गेंदबाज हैं। आईपीएल में अश्विन ने 2009 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए पदार्पण किया था। एक दशक के लंबे अंतराल के बाद 9.75 करोड़ रुपये में सुपरकिंग्स से दोबारा जुड़ने के बाद उन्होंने आईपीएल 2025 में इसी टीम की ओर से अपना आखिरी मैच खेला। अश्विन ने कुल मिलाकर 221 आईपीएल मैच में 30.22 की औसत से 187 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन पर चार विकेट रहा।

बल्ले से उन्होंने 50 के उच्चतम स्कोर और 13.02 की औसत से 833 रन बनाए। अश्विन 2010 और 2011 में सुपरकिंग्स की खिताबी जीत के दौरान टीम के अहम सदस्य थे। वह आईपीएल में अपने करियर के दौरान अब बंद हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेले।

### आर. अश्विन के कुछ खास आईपीएल पल

- सुपरकिंग्स के साथ वह शुरुआती वर्षों में आए। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में अपने पहले तीन सत्र में अश्विन की कैरम बॉल का जलवा खूब चला और आखिरकार उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली। बाद के वर्षों में कप्तानी की महत्वाकांक्षाओं के चलते अश्विन ने फ्रेंचाइजी बदली और उन्होंने कुछ समय के लिए पंजाब किंग्स की कप्तानी भी की। लेकिन जैसे-जैसे लीग विकसित हुई तो उन्हें आक्रामक मानसिकता और लगातार प्रयोग करने की कभी-कभी कीमत चुकानी पड़ी और बाद के वर्षों में उनकी लोकप्रियता गिरती गई। सके बावजूद एक दशक के बाद 2024-25 में सुपरकिंग्स में उनकी वापसी हुई जिसकी मुख्य वजह सुपरकिंग्स के मुखिया एन श्रीनिवासन की फ्रेंचाइजी में शागिर्द को वापस लाने की इच्छा थी। अश्विन के आईपीएल करियर में भी विवादों का दौर रहा। 2019 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेलते हुए राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर को मांकड़ आउट करने के बाद क्रिकेट की भावना पर व्यापक बहस छिड़ गई। बाद में जब 2022 में अश्विन राजस्थान रॉयल्स में बटलर के साथ शामिल हुए तो दोनों ने अपने मतभेद भुला दिए।

> कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है।
> -आर अश्विन

## गिल और रोहित वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर



**दुबई :** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं।

वहीं हाल में मैके में श्रृंखला के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। हालांकि श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका ने जीती। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं।

हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन ये दोनों वनडे प्रारूप में सक्रिय हैं। रोहित और कोहली दोनों ने आखिरी बार फरवरी 2025 में संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वनडे मैच खेला था जिसमें उन्होंने भारत के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी।

# दलीप ट्रॉफी की पारंपरिक प्रारूप में वापसी, आज से होंगे मुकाबले

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- 1960 के दशक में शुरू की गई थी प्रतियोगिता
- नरजअंदाज किए जा रहे श्रेयस अय्यर बनाना चाहेंगे ढेरों रन

युवा और महत्वाकांक्षी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के मंच पर अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे जब बृहस्पतिवार से लाल गेंद की इस प्रतियोगिता की अपने पारंपरिक क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी होगी और इसके साथ ही भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत होगी।

छह क्षेत्रीय टीम 1960 के दशक में शुरू की गई इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। पिछले सत्र में जब यह प्रतियोगिता अव्यवस्थित ढंग से तैयार भारत ए, बी, सी और डी टीमों के बीच खेली गई थी तो हितधारक खुश नहीं थे और फिर उम्मीद के मुताबिक प्रतियोगिता की पुराने प्रारूप में वापसी हुई है। इस टूर्नामेंट ने पहले अधिक सुर्खियां नहीं बटोरी थी, लेकिन बीसीसीआई द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं होने या चोटिल नहीं होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य करने के बाद यह फिर से प्रासंगिक हो गया है।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल शारदुल ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल शामिल हैं।

भारत की टेस्ट टीम में अपनी जगह गंवा चुके अय्यर ढेरों रन बनाना चाहेंगे जबकि सरफराज के साथ भी यही स्थिति है जिन्हें हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदाज किया गया था। एशिया कप टी20 के लिए नहीं चुना जाना अय्यर के लिए प्रेरणा का एक अतिरिक्त स्रोत होगा। जायसवाल को भी उनकी कोई गलती नहीं होने के बावजूद एशिया कप टीम से बाहर कर दिया गया था। घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर भारत के लिए लाल गेंद से उनका प्रदर्शन विशेष रहा है और वह अपने सत्र की शुरुआत अच्छी पारियों से करना चाहेंगे।

### टीम व प्रमुख खिलाड़ी

**दक्षिण क्षेत्र :** तिलक वर्मा, मोहम्मद अजहरुद्दीन, तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीशन, त्रिपुराना विजय, आर साई किशोर।

**पूर्व क्षेत्र :** अभिमन्यु ईश्वरन, संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधू जायसवाल।

**पश्चिम क्षेत्र :** शारदुल ठाकुर, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले।

**उत्तर क्षेत्र :** शुभम खजूरिया, अंकित कुमार, आयुष बडोनी, यश धुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा।

**मध्य क्षेत्र :** ध्रुव जुरेल, रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़।

**पूर्वोत्तर क्षेत्र :** जोनाथन रोंगसेन, आकाश कुमार चौधरी, तेची डोरिया, युमनुम कर्णजीत, सेडेझाली रूपेरो, आशीष थापा, हेम बहादुर छेत्री, जेहू एंडरसन।

## अनीष भानवाला ने रजत पदक जीता



**शिमकेंट (कजाखस्तान):** भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। बाइस साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता।

ओलंपियन अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय आदर्श सिंह पांचवें स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता अनीष मंगलवार को 30 शॉट के प्रिसिजन दौर के बाद 290 अंक के साथ छठे स्थान पर थे।

# एआईएफएफ पर प्रतिबंध का खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फीफा और एएफसी ने 30 अक्टूबर की समय-सीमा तय की



भारतीय फुटबॉल पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा।

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को मंगलवार को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ द्वारा अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत बृहस्पतिवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

निलंबन का मतलब होगा कि राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को सभी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और साथ ही अहमदाबाद में 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए भारत की महत्वाकांक्षी बोली भी अनिश्चितता में पड़ जाएगी। फीफा और एएफसी ने चौबे के नेतृत्व वाले एआईएफएफ को संशोधित संविधान को मंजूरी देने के लिए उच्चतम न्यायालय से एक 'निश्चित आदेश' प्राप्त करने, इसे फीफा और एएफसी के अनिवार्य नियमों के अनुरूप बनाने और 30 अक्टूबर की समय-सीमा से पहले अगली आम सभा की बैठक में इसकी पुष्टि करने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है इस कार्यक्रम का पालन नहीं करने पर हमारे पास इस मामले को निर्णय लेने वाली फीफा की संबंधित संस्था के पास विचार और निर्णय के लिए भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा... जिसमें निलंबन की संभावना भी शामिल है। इस पत्र पर फीफा के मुख्य सदस्य संघ अधिकारी एल्खान मामादोव और एएफसी के उप महासचिव (सदस्य संघ) वाहिद कर्दानी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं।

यह प्रतिबंध देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के जश्न के दौरान लगाया गया था लेकिन सीओए के भंग होने और चुनाव होने के दो सप्ताह के भीतर इसे हटा लिया गया था। चुनावों में चौबे ने एकतरफा परिणाम में दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया को हराया था। विश्व निकायों ने 'अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संशोधित संविधान को अंतिम रूप देने और लागू करने में निरंतर विफलता' पर चिंता व्यक्त की। यह मामला 2017 से भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। पत्र में कहा गया है, बार-बार आश्वासन के बावजूद, एक स्पष्ट और अनुपालनकारी प्रशासनिक ढांचे के अभाव ने भारतीय फुटबॉल के मूल में शून्य और कानूनी अनिश्चितताएं पैदा कर दी हैं। पत्र में इसे लंबे समय से चल रहा गतिरोध बताते हुए कहा गया है कि इसने प्रशासन और संचालन संबंधी संकट को जन्म दिया है।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

- यह पहली बार नहीं है जब भारतीय फुटबॉल को इस तरह की शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। अगस्त 2022 में फीफा ने भारत को तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के आरोप में निलंबित कर दिया था जब उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने अस्थायी रूप से एआईएफएफ का संचालन किया था।

# गॉफ, ओसाका और सिनर जीते

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



अमेरिका की कोको गॉफ ऑस्ट्रेलिया की अजला तोमालानोविच को शॉट लौटाती हुईं।

यूएस ओपन एकल स्पर्धाओं का पहला दौर मंगलवार को संपन्न हो गया। इसमें गत विजेता जैनिक सिनर के साथ-साथ शीर्ष दावेदार इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने भी शानदार जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में 6-1, 6-1, 6-2 से हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चिली के एलेजांद्रो ताबिलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत हासिल की।

महिला वर्ग में, चैंपियन खिलाड़ियों ने पूरी ताकत से प्रदर्शन किया। स्वियाटेक ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए एकल के पहले मैच में अपनी लगातार 65वीं जीत दर्ज की - जो ओपन युग में एक नया रिकॉर्ड है। दो बार की यूएस ओपन चैंपियन ओसाका को 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में वरीयता दी गई थी, और उन्होंने बेल्जियम की ग्रीट मिनेन पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। गॉफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। 2023 यूएस ओपन चैंपियन ने लगभग तीन घंटे तक संघर्ष किया और अंततः अजला तोमालानोविच को 6-4, 6-7(2), 7-5 से हराया। गॉफ, जो अपनी सर्विस की समस्या को दूर करने की कोशिश कर रही हैं, ने 10 डबल फॉल्ट किए, लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों में संयम बनाए रखा। चीनी स्टार वांग शिन्यू ने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन डोलेहाइड को हराया।

## अजीत ने स्वर्ण और निरुपमा ने रजत पदक जीता

**अहमदाबाद :** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और निरुपमा देवी सेराम ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किग्रा और महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। छब्बीस वर्षीय अजीत ने कुल 317 किग्रा (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस दौरान नए राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाए।

अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत पदक जीता। एजेकील मोसेस ने कुल 290 किग्रा (135 किग्रा स्नैच और 155 किग्रा क्लीन एवं जर्क) भार उठाकर कांस्य जीता। महिलाओं के 63 किग्रा में निरुपमा ने दूसरा स्थान हासिल किया।

डायमंड लीग फाइनल

विजेताओं को घोषित किया जाएगा इस वर्ष का चैंपियन

# चोपड़ा शानदार प्रदर्शन के साथ चाहेंगे ट्रॉफी

**ज्यूरिख, एजेंसी**



दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा बृहस्पतिवार को यहां डायमंड लीग फाइनल में सत्र के अब तक के अपने सबसे शानदार 90 मीटर प्रदर्शन को दोहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहेंगे।

डायमंड लीग के 14 लीग चरण में से चार में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी जिसमें से चोपड़ा ने केवल दो में ही हिस्सा लिया और 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

चोपड़ा ने अगस्त में सिलेसिया और ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने पिछली बार 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी। इन चार मुकाबलों में अंक तालिका में शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 32 स्पर्धाएं होती हैं इसलिए डायमंड लीग फाइनल दो दिन तक चलता है। बुधवार को छह स्पर्धाएं होंगी। डायमंड लीग फाइनल में प्रत्येक स्पर्धा के विजेता को इस वर्ष का चैंपियन घोषित किया जाएगा और उसे एक डीएल ट्रॉफी के साथ 30,000 से 50,000 अमेरिकी डॉलर तक की पुरस्कार राशि और अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिलेगा। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रोमांचक मुकाबला होने वाला है जिसमें तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता चोपड़ा का सामना सात पुरुषों के फाइनल में ग्रेनाडा के गत चैंपियन एंडरसन पीटर्स और जर्मनी के जूलियन वेबर से होगा। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट और मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे अंक तालिका में शीर्ष छह में शामिल होंगे।

नीरज चोपड़ा ने दोहा में हुई डायमंड लीग में 90.23 मीटर के साथ 90 मीटर का आंकड़ा पार किया हालांकि वह वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा का आखिरी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक था जिसमें जीत हासिल की थी।

### सुधार पर कर रहा हूं काम : चोपड़ा

- नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि वह अभी अपनी तकनीक से संतुष्ट नहीं हैं और मई में दोहा डायमंड लीग में 90 प्लस मीटर का थ्रो भी 'परफेक्ट' नहीं था। चोपड़ा ने 90 .23 मीटर का थ्रो फेंका था और वह दूसरे स्थान पर रहे थे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल्स से पहले पत्रकारों से कहा मुझे लगता है कि मेरा रनअप तेज है लेकिन मैं उस रफ्तार का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा हूं। दोहा में 90 मीटर का थ्रो अच्छा था लेकिन तकनीकी तौर पर यह परफेक्ट नहीं था। अगर मेरा बायां पैर सीधा है और परफेक्ट ब्लॉक का इस्तेमाल कर रहा हूं तो यह अच्छा थ्रो होगा।